

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला- अभिभावक नहीं बेंच सकते नाबालिग की संपत्ति - 12



भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी - 12



नेतन्याहू के दांव पर भड़के अमेरिकी उपराष्ट्रपति कहा-ये अपमानजनक - 13



भारत को दो विकेट से हराकर आस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.18
सूर्यास्त 05.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक शुक्ल पक्ष तृतीया 01:19 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 334, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### स्पाइसजेट विमान में तकनीकी खराबी दिल्ली लौटा विमान

**नई दिल्ली।** तकनीकी खराबी के कारण पटना जाने वाला स्पाइसजेट का एक विमान गुरुवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान ने सामान्य लैंडिंग की और यात्रियों को सामान्य रूप से उतार लिया गया। विमान में सवार यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। विमानन कंपनी ने कहा, 23 अक्टूबर 2025 को दिल्ली से पटना जा रही स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 497 तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के बाद दिल्ली लौट आई। यात्रियों को ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई, जो अब पटना के लिए रवाना हो चुका है।

### 52 दवा नमूने 'मानक गुणवत्ता रहित' पाए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने सितंबर के लिए जारी अपने दवा संबंधी मासिक अलर्ट में विभिन्न कंपनियों द्वारा निर्मित 52 नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया है। इसके अलावा, राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 60 दवा नमूनों की पहचान की है जो 'मानक गुणवत्ता के नहीं' थे। नकली दवाओं की सूची मासिक आधार पर सीडीएससीओ पोर्टल पर प्रदर्शित की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा, सितंबर 2025 के लिए, केंद्रीय औषधि प्रयोगशालाओं ने 52 दवा नमूनों और राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 60 दवा नमूनों की पहचान की है जो 'मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हैं।

# एसआईटी जांच में सामने आया सच एक वोट हटवाने की कीमत 80 रुपये

## कर्नाटक के आलंद विस क्षेत्र में 2023 में हटाए गए थे वोट, 6 संदिग्धों पर शिकंजा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र में 2023 के विधानसभा चुनावों में वोट चोरी के आरोपों की जांच कर रही एसआईटी ने पाया कि वोट हटाने (डिलीट) के प्रयास किए गए थे। एसआईटी ने इसमें लिप्त छह संदिग्धों पर शिकंजा कसा है। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के शीर्ष सूत्रों ने बताया कि प्रत्येक वोट को सफलतापूर्वक हटाने के लिए आरोपियों को 80 रुपये दिए जाते थे। कुल 6,994 वोट हटाने के अनुरोध किए गए थे, लेकिन कुछ वास्तविक मामलों को छोड़कर शेष सभी आवेदन फर्जी थे।

कलबुर्गी में आने वाला आलंद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है और कांग्रेस विधायक बीआर पाटिल इस विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पाटिल और खरगे के बेटे प्रियंक खरगे ने ही वोट हटाने की कोशिशों का पर्दाफाश किया था और कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को इस संबंध में अवगत कराया था। पाटिल के अनुसार, दलितों और अल्पसंख्यकों सहित कुल 6,994 'कांग्रेस वोट' हटाने के लिए आवेदन दिए गए थे। मुख्य



- वोट चोरी के आरोपों की जांच के दौरान जुटाए सुबूत, कुल 6994 वोट हटाने के अनुरोध किए गए थे

निर्वाचन अधिकारी द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के आदेश के बाद यह प्रक्रिया रोक दी गई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल में संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में अपनी बात रखी थी कि वोट चोरी कैसे हो रही है और उन्होंने आलंद का उदाहरण दिया था।

पाटिल ने कहा कि अगर ये वोट हटा दिए जाते, तो वह निश्चित रूप से चुनाव हार जाते। उन्होंने 2023 का विधानसभा चुनाव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुभाष गुट्टेदार (भाजपा) से 10,000 मतों के अंतर से जीता था।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कर्नाटक सरकार ने वोट चोरी की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया, जिसका नेतृत्व सीआईडी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह कर रहे हैं। सीआईडी के अधिकारी ने बताया कि हमने 30 लोगों से पूछताछ की और उनमें से पांच-छह मुख्य संदिग्ध हैं। उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि ऐसी कोशिशें कहीं और भी हुई हों, लेकिन हम अभी आलंद क्षेत्र पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि शिकायत उसी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित है।

नवीनतम खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए, मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा, आलंद में केवल 80 रुपये में मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। एसआईटी के निष्कर्ष इस बात की पुष्टि करते हैं जो हम लगातार कह रहे हैं कि आलंद में 2023 के चुनावों से पहले एक पेड ऑपरेशन (पैसे देकर चलाए गए अभियान) के माध्यम से 6,000 से अधिक वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए।

### वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल का किया इस्तेमाल

सीआईडी सूत्रों के अनुसार, छह संदिग्ध एक डेटा सेंटर से जुड़े थे और उन्होंने वोट हटाने के लिए वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया था। वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल एक तकनीक है, जिससे इंटरनेट के जरिए फोन कॉल की जा सकती हैं और प्राप्त की जा सकती हैं, यानी– पारंपरिक फोन लाइनों के बजाय इंटरनेट का इस्तेमाल करके कॉल करना। एसआईटी ने संदिग्धों से जुड़े ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने सुभाष गुट्टेदार, उनके बेटों हर्षानंद और संतोष गुट्टेदार तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों पर भी छापेमारी की। इस बीच, एसआईटी को सुभाष गुट्टेदार के घर के पास मतदाताओं के जले हुए रिकॉर्ड भी मिले हैं। दिवाली के मद्देनजर उनके घर के सफाई कर्मचारियों ने सारा कचराजला दिया। भाजपा नेता ने कहा, इन दस्तावेजों को जलाने के पीछे कोई गलत मकसद नहीं था। अगर हमारा कोई गलत इरादा होता, तो हम इन्हें अपने घर से दूर कहीं जलाते।

# केमिकल, बायोलॉजिकल व रेडियोलॉजिकल हादसों से निपटेगा विशेष दस्ता : योगी

- अग्निशमन विभाग की समीक्षा में 98 राजपत्रित व 922 अराजपत्रित नए पदों को दी मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल हादसों और सुपर हाईराइज बिल्डिंग से अग्निकांड से निपटने के लिए को प्रत्येक क्षेत्र में स्पेशलाइज्ड यूनिट बनेगी। साथ ही एक्सप्रेस-वे के हर 100 किमी पर छोटी फायर चौकी खुलेगी। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग की संरचना को समय की जरूरत के अनुरूप पुनर्गठित करने के निर्देश देते हुए 98 राजपत्रित व 922 अराजपत्रित नए पदों की मंजूरी भी दी है।

योगी ने अपने आवास पर अग्निशमन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश की बढ़ती जनसंख्या, तेज औद्योगिक विस्तार व तीव्र शहरीकरण को देखते हुए फायर सर्विस को केवल आग बुझाने वाली एजेंसी न मानकर इसे आपदा प्रबंधन, रेस्क्यू ऑपरेशन व आपातकालीन सेवाओं के समेकित तंत्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में स्पेशलाइज्ड यूनिट गठित की जाए, जो केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल दुर्घटनाओं और सुपर हाईराइज बिल्डिंग्स में होने वाली आपदाओं से निपटने में सक्षम हो। कहा कि आधुनिक तकनीक, उन्नत फायर टेंडर और प्रशिक्षित जनशक्ति से लैस फायर सर्विस ही जनसुरक्षा की गारंटी दे सकती है।



### हर जिले में हो अकाउंट कैडर की स्थापना

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में अकाउंट कैडर की स्थापना की जाए, ताकि वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में भी नए पद सृजित करने के निर्देश दिए, जिससे प्रशिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार हो। उन्होंने कहा कि फायर सर्विस की नई इकाइयों को हाईटेक कम्युनिकेशन सिस्टम और डिजिटल रिपोर्टिंग तंत्र से जोड़ा जाए।

### समयबद्ध पूरा करें विभाग का पुनर्गठन

बैठक में बताया गया कि नई ऑपरेशनल इकाइयों के रूप में कुशीनगर, आजमगढ़, श्रावस्ती, कानपुर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और सोनभद्र एयरपोर्ट पर फायर सर्विस की जनशक्ति पहले से ही तैनात की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभाग का पुनर्गठन समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि जनता को इसका लाभ जल्द मिल सके।

# चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी, पत्नी के सामने गई जान

संवाददाता, रोजा/कांट/शाहजहांपुर

- पत्नी को ससुराल छोड़ने जा रहा था युवक, रोजा में हादसा
- चार माह का बेटा घर पर छोड़कर निकला था दंपती

**अमृत विचारः** भैयादूज के दिन खुशियों को मातम में बदल देने वाला दर्दनाक हादसा रोजा क्षेत्र में हुआ। ससुराल जा रहे एक युवक की गर्दन चाइनीज मांझे से कट जाने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी के सामने ही युवक ने दम तोड़ दिया।

कांट थाना क्षेत्र के नगला जाजू निवासी 25 वर्षीय रवि शर्मा अपनी पत्नी मोनी को लेकर लखीमपुर खीरी स्थित ससुराल जा रहे थे। जैसे ही वे लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर हांडा कॉलोनी के सामने पहुंचे, चाइनीज मांझा रवि की गर्दन में फंस गया। उन्होंने बाइक रोकने की कोशिश की लेकिन मांझे ने गर्दन बुरी तरह काट दी और दंपती सड़क पर गिर पड़े। रवि की गर्दन से खून बहता देख पत्नी ने बचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही क्षणों में उसने पति को खो दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि हादसा चाइनीज मांझे से हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मृतक रवि।

# ईवी नीति में जारी रहेगी रोड व पंजीकरण शुल्क माफी

**लखनऊ, अमृत विचारः** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को योगी सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति–2022 में बड़ा संशोधन करते हुए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क माफी जारी रखने का फैसला किया है। इससे ई-बसों व ई-गुड्स कैरियर्स को भी लाभ मिलेगा।

- एग्रीगेटर और लाइट ऑपरेटरों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की अधिसूचना को राज्यपाल की मंजूरी

सरकार औद्योगिक विभाग के प्रस्ताव पर एग्रीगेटर और लाइट ऑपरेटरों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की अधिसूचना पर राज्यपाल ने मुहर लगा दी है। सरकार ने यह निर्णय प्रदेश में हरित ऊर्जा आधारित परिवहन को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लिया है। शासनादेश संख्या 73/2025 के तहत जारी अधिसूचना को राज्यपाल की स्वीकृति मिल चुकी है। संशोधित नीति अनुसार, राज्य में निर्मित और पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों पर तीन वर्ष तक रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क में सौ प्रतिशत छूट दी जाएगी। यह लाभ अधिसूचना की तिथि से तीन वर्ष तक लागू रहेगा। चौथे और पांचवें वर्ष में भी छूट का लाभ जारी रहेगा।

# न्यायमूर्ति सूर्यकांत को सीजेआई के रूप में नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के अगले प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) की नियुक्ति की प्रक्रिया गुरुवार को शुरू कर दी। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई 23 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति गवई के बाद शीर्ष कोर्ट के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। हरियाणा के हिसार जिले में 10 फरवरी 1962 को जन्मे न्यायमूर्ति सूर्यकांत 24 मई 2019 को शीर्ष कोर्ट के न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नाम की सिफारिश को मंजूरी मिलने के बाद वह 24 नवंबर को प्रधान न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगे और नौ फरवरी 2027 तक लगभग 15 महीने के लिए इस पद पर रहेंगे।



# बैंक खाताधारक 1 नवंबर से बना सकेंगे चार नॉमिनी

**नई दिल्ली।** अब बैंकों के ग्राहक अपने खाते में चार व्यक्तियों तक को नामित (नामिनी) कर सकेंगे। इसका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली में दावों के निपटान की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, समान और प्रभावी बनाना है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि नई व्यवस्था एक नवंबर, 2025 से लागू हो जाएगी।

मंत्रालय ने कहा कि बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत खातों में व्यक्तियों के नामांकन से संबंधित प्रमुख प्रावधान अगले माह से प्रभाव में आएंगे। यह अधिनियम 15 अप्रैल, 2025 को अधिसूचित किया गया था। इसके तहत पांच कानूनों में कुल 19 संशोधन किए गए हैं। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इन संशोधनों के अनुरूप बैंक ग्राहक अपने खातों में एक साथ चार व्यक्तियों तक को नॉमिनी बना सकते हैं।

# बिहार में विपक्ष का गठबंधन नहीं लठबंधन : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने राजद-कांग्रेस पर बोला हमला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि बिहार में जंगलराज पर अगले 100 साल तक चर्चा होगी और विपक्ष अपने कुकृत्यों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी।

तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बीच राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'गठबंधन' नहीं, बल्कि 'लठबंधन' (अपराधियों का गठबंधन) है क्योंकि दिल्ली और बिहार के इसके सभी नेता जमानत पर बाहर हैं। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि बुजुर्ग लोग युवाओं को जंगलराज के दौरान हुए अत्याचारों के बारे में जानकारी दें। मोदी का इशारा उस समय की ओर था जब बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद सीएम थे। ऑडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मजबूतः युवा संवाद' कार्यक्रम में कहा कि बिहार में जंगलराज को लोग अगले 100 साल तक नहीं भूलेंगे और विपक्ष अपनी करतूतों को छिपाने की कितनी भी कोशिश कर ले, जनता उसे माफ नहीं करेगी। मैं युवाओं से कहूंगा कि वे हर बूथ पर युवाओं को इकट्ठा कर उस क्षेत्र के बुजुर्गों को बुलाकर जंगलराज की पुरानी कहानियां सबको बताएं।



### मोदी बोले- हर क्षेत्र और हर दिशा में हो रहा काम

मोदी ने कहा, बिहार में हर क्षेत्र में, हर दिशा में काम हो रहा है। अस्पताल बन रहे हैं, अच्छे स्कूल स्थापित हो रहे हैं और नए रेल मार्ग विकसित किए जा रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। यही बिहार की राजग सरकार की ताकत भी है। यही कारण है कि बिहार के युवा उत्साह से कह रहे हैं – रफ्तार पकड़ चुका बिहार, फिर से एनडीए सरकार। बिहार चुनाव राज्य के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने के लिए है।




अमृत विचार

बरेली, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025



## जिले में आज

- शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज दोपहर 1.30 बजे।
- चरक का कुआं स्थित बालाजी मंदिर में रामचरितमानस पाठ का समापन दोपहर 01 बजे।
- मझोला रामलीला मैदान पर चल रहे दिवाली मेले में कवि सम्मेलन रात 08 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत शहर समेत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- भारतीय योग संस्थान की ओर से अशोक कॉलोनी ग्राउंड पर योग शिविर सुबह 5.30 बजे।
- सत्यनारायण मंदिर में असहाय लोगों को भोजन वितरण दोपहर 12:00 बजे।

# मजबूत डील-डौल के बाघ बनेंगें आकर्षण का केंद्र

## पीटीआर काउंटडाउन : पिछले पर्यटन सत्र के दौरान 90 फीसदी सैलानियों ने की थी टाइगर साइटिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : मजबूत डील-डौल के बाघों के लिए मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र शुरू होने में महज सप्ताह भर बाकी बचा है। आगामी पर्यटन सत्र को लेकर टाइगर रिजर्व प्रशासन की ओर से इको टूरिज्म स्पॉट चूका समेत टाइगर रिजर्व के सभी टूरिज्म प्वाइंटों को सजाने-संवारने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। पिछले पर्यटन सत्र के दौरान सैलानियों की आमद ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। वहीं बाघों की साइटिंग में भी पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हुए थे। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी पर्यटन सत्र में भी सैलानियों को रिकॉर्ड तोड़ टाइगर साइटिंग होगी।

तराई की तलहटी में विशिष्ट जैवविविधता को संजोए पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपने खास किस्म के बाघों के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशी धरती पर भी मशहूर होता जा रहा है। टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक पूर्व में हुई गणना के मुताबिक यहां 71 से अधिक बाघ थे। जाहिर सी बात यह है कि यहां बाघों की संख्या में पहले से खासी बढ़ोतरी हुई होगी। कुल मिलाकर देखा जाए तो पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र के दौरान पूरा दारोमदार इन्हीं मजबूत डील-डौल वाले बाघों पर रहता है। यही वजह है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के 07 माह के पर्यटन सत्र के दौरान यहां सैलानियों की संख्या में साल-दर-साल इजाफा हो रहा है। वहीं विदेशी सैलानियों की संख्या में पिछले पर्यटन सत्र के दौरान खासी बढ़ोतरी हुई थी। इधर इस बार पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 05 दिन पहले यानी 01 नवंबर को शुरू होने जा रहा है। टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके पर्यटन स्थलों का सजाया संवारा जा रहा है। टाइगर रिजर्व में पर्यटन का केंद्र बिंदु माने जाने वाले इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच, जिसे मिनी गोवा के नाम सभी जाना जाता है, में तैयारियां लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुकी हैं। कुछ स्थानों को छोड़कर अन्य सभी सफारी मार्गों की साफ-सफाई कर उन्हें दुरुस्त किया जा चुका है। चूका बीच में बनी सभी हटों को रंग-रोगन कर उन्हें आकर्षक लुक दिया जा रहा है। डबल डेकर कैंटीन को आकर्षक लुक देने की इस बार तैयारी चल रही है। कुछ मिलाकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले सैलानियों को यहां चुस्त-दुरुस्त व्यवस्थाओं के साथ बहुत कुछ बदला सा मिलेगा।



पीटीआर में चहलकदमी करता भारी-भरकम बाघ।




पीलीभीत टाइगर रिजर्व का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार

- **आगामी पर्यटन सत्र शुरू होने में महज चंद दिन बाकी, तैयारियां हुई तेज**

> पर्यटन सत्र को लेकर तैयारियां लगभग अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। सैलानियों की सुविधाओं को देखते हुए तैयारियां की जा रही है। बीते पर्यटन सत्र के दौरान अच्छी खासी टाइगर साइटिंग हुई थी। उम्मीद है कि इस बार भी ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को पीटीआर लुभाएगा।
> – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### 90 फीसदी सैलानियों ने किए थे बंगाल टाइगरों से भी भारी-भरकम बाघों के दीदार

जंगल से जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघों की कद-काठी देश भर के बाघों की तुलना में काफी मजबूत मानी जाती है। वहीं बंगाल टाइगर से इनकी तुलना करें तो यहां के बाघों का वजन इनसे कहीं ज्यादा होता है। यहीं वजह है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बाघों को देखने के लिए देश के कोने-कोने से ही नहीं बल्कि विदेशी धरती से भी बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी यहां आते हैं। आगामी पर्यटन सत्र में भी देशी-विदेशी सैलानियों की संख्या पिछले पर्यटन सत्रों के मुकाबले कहीं अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटन सत्र के दौरान होने वाली टाइगर साइटिंग की बात करें तो टाइगर रिजर्व प्रशासन के मुताबिक पिछले पर्यटन सत्र में 90 फीसदी देशी-विदेशी सैलानियों को बाघ देखने को मिले थे। इस बार पर्यटन सत्र के दौरान पर्यटन से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था भी टाइगर रिजर्व प्रशासन की सीधी नजर है। उम्मीद है कि इस बार भी आने वाले अधिकांश सैलानियों को बाघों को के दीदार होंगे। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि टाइगर रिजर्व प्रशासन बाघों की साइटिंग के मामले में भी नया कीर्तिमान बनाने की ओर से अग्रसर होगा।

## मां काली की हुई पूजा, चेयरमैन ने कराई शुरुआत

**मझोला, अमृत विचारः** क्षेत्र के रानी कॉलोनी में मां काली की पूजा व मेला शुरू हो गया। भक्तिमय माहौल के बीच भीड़ उमड़ी। नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के अध्यक्ष निशान प्रताप सिंह ने बतौर अतिथि दीप प्रज्वलन किया। बाहर से आए कारीगरों ने मां काली की अद्भुत प्रतिमा बनाई। हर वर्ष दिवाली के अवसर पर पूजा आयोजित कराई जाती है। श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

माता के भजनों पर भक्त झूमते दिखे। पूजा स्थल के आसपास मेला जैसा माहौल दिखा। झूले, खाने-पीने के स्टॉल और रोशनी से उत्सव जैसा माहौल रहा।

श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए पंक्तिबद्ध होकर पहुंचे। मां काली की आरती और भजन के स्वर से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर रूपलाल , राकेश, समीर, मनोज सरकार, मनोज राय, रणजीत राय, दिलीप, प्रशांत आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ



### अनिरुद्ध को भाकियू टिकैत में जिम्मेदारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने रुपपुर गांव के रहने वाले अनिरुद्ध सिंह को संगठन में जिम्मेदारी दी है। उन्हें सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। संगठन को मजबूती देने और किसानों के हित पर काम करने की अपील की गई।

### जुआ खेलने से रोकने पर मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव चैना नकटी में घर के बाहर जुआ खेलने से रोकने पर मारपीट कर दी गई। ग्रामीण बबलू ने बताया कि गांव के ही चरन सिंह, जगजीवन लाल, अमर सिंह और रामवीर को घर के बाहर जुआं खेलने से रोका तो उन्होंने हमला कर दिया। उनसे मारपीट की गई। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# 1.45 लाख किसानों नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : जनपद में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अभियान शुरू हुए करीब साल भर होने जा रहा है। मगर, जनपद में अभी तक महज 1.98 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। इधर शासन ने फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित कर दी है। निर्धारित तिथि तक फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं मिल सकेगी।

शासन द्वारा एग्रीस्टैक योजना के तहत जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत किसानों की सभी जमीनों के रिकॉर्ड को आधार से लिंक किया जा रहा है। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर गत वर्ष 18 नवंबर से अभियान की शुरूआत की गई थी। जनपद के करीब 3300 जन सुविधा केंद्रों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का काम किया जा रहा है। शुरूआती दौर में ग्राम पंचायत स्तर पर कैंपों का आयोजन कर फार्मर रजिस्ट्री कराने की योजना बनाई गई थी। मगर, यह कारगर साबित नहीं हुई थी। शुरूआत के कई महीनों तक फार्मर रजिस्ट्री की रफ्तार जनपद में काफी धीमी रही। बताते हैं कि सुस्त रफ्तार के पीछे किसानों के खातों में अंश निर्धारण में त्रुटि और नाम मिस मैच होना है। इन दोनों खामियों को राजस्व विभाग के कर्मचारी ही दुरुस्त करा रहे हैं। इधर अभियान शुरू हुए करीब साल भर होने को आया है, मगर अभी तक जनपद भर में महज 1,98,675 किसानों ने ही अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई है। हालांकि फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथियों मे बार-बार बदलाव किया जा रहा है, इसके बावजूद लक्ष्य के सापेक्ष किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। इधर अब फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तिथि 15नवंबर निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के अफसरों के मुताबिक निर्धारित तिथि तक फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि की अगली किश्त नहीं मिल सकेगी।

- **जनपद में 11 माह के अंदर महज 1.98 लाख किसानों ने ही कराई फार्मर रजिस्ट्री**

### 1.98 लाख किसान करा चुके हैं फार्मर रजिस्ट्री

कृषि विभाग के मुताबिक जनपद में 344199 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होनी है। अभियान शुरू हुए साल भर बीत चुका है। मगर, अभी तक जनपद भर में लक्ष्य के सापेक्ष 1,98,675 किसानों ने ही अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है। इधर अब महज 21 दिन शेष बचे हैं, ऐसे में इतने कम समय में 1,45,516 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराना जिम्मेदारों के लिए बेहद कठिन होगा। फिलहाल जिम्मेदारों का कहना है कि किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

> फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत जनसुविधा केंद्रों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य चल रहा है। किसानों ने अनुरोध है कि वह 15 नवंबर तक फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें अन्यथा उनके पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किश्त का लाभ नहीं मिल सकेगा।
> – **राममिलन परिहार**, उप कृषि निदेशक

# एक नगर पंचायत और 28 ग्राम पंचायतें सदर तहसील में जोड़ने की मांग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : भाजपा के बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।वहीं, 28 ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत को अमरिया से हटाकर सदर तहसील में जोड़ने की मांग की गई है। इसे लेकर मांग पत्र भी सौंपा गया है।

मुख्यमंत्री को दिए गए मांग पत्र में बरखेड़ा विधायक ने बताया कि पीलीभीत सदर तहसील के नजदीकी 28 ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा को तहसील अमरिया से हटाकर सदर तहसील में शामिल किया जाए। इससे संबंधित क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही पूर्व से की जा रही कुछ अन्य मांगों को लेकर भी बात की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने इसे लेकर उन्हें आश्वासन भी दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न सौंपते बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद।

- **बरखेड़ा विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, सौंपा मांग पत्र**

# चोरी छिपे पराली जलाने की कोशिश पड़ सकती है महंगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** दीपावली पर्व समेत पंचोत्सव संपन्न हो चुका है। अब किसानों को रुझान खेतों की ओर है। ऐसे में अब कुछ किसान खेतों को गेहूं बुवाई के लिए तैयार करने के लिए पराली जलाने की कोशिश कर सकते हैं। मगर, चोरी-छिपे पराली जलाना भी किसानों को महंगा पड़ सकता है। कृषि विभाग ने पराली कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए सभी पांचों तहसील के लिए नंबर जारी किए हैं। कोई भी व्यक्ति इन नंबरों पर पराली जलने की सूचना दे सकता है। सूचना के बाद जांच के दौरान यदि मामला सही पाया गया तो संबंधित किसान के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में खरीफ सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर धान की पैदावार की गई है। जनपद में धान की कटाई लगभग समाप्त हो चुकी है। धान की कटाई के बाद कुछ किसान गेहूं बुवाई की जल्दबाजी में खेतों में ही पराली को जला देते हैं। हालांकि पराली जलाना दंडनीय अपराध है, हर साल ही सैटेलाइट से निगरानी कर सख्ती भी बरती जाती है। पराली जलाने वाले किसानों से जुर्माना भी वसूला जाता है। पिछले वर्ष पराली जलाने पर जनपद के 18 किसानों से 72 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना भी वसूला गया था। पिछले दिनों डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके तहत कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का प्रयोग करना अनिवार्य किया गया था। ताकि खेत में फसल अवशेष बंडल बनाकर उन्हें उपयोग में लाया जा सके। इसको लेकर कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों की जिम्मेदारी तय की गई थी। इधर अब किसान त्योहारों आदि से निपट चुके हैं। अब उनका रुझान गेहूं बुवाई की तरफ है। प्रायः देखा गया कि कुछ किसान गेहूं बुवाई के लिए खेत को खाली करने को पराली को खेतों में जलाने के प्रयास में लगे रहते हैं। मौका देखते ही दिन हो या रात, पराली फूंक डालते हैं। मगर, अब किसानों को ऐसा करना महंगा साबित हो सकता है। अब कोई भी व्यक्ति सीधे जिम्मेदारों को एक कॉल कर पराली जलने की सूचना दे सकता है। इसके लिए कृषि विभाग की ओर से पराली कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए सभी पांच तहसीलों के लिए अलग-अलग नंबर जारी किए है।

- **कृषि विभाग ने पराली कंट्रोल रूम स्थापित कर जारी किए नंबर**
- **गत वर्ष पराली जलाने पर 18 किसानों ने वसूला गया था जुर्माना**

### इन नंबरों पर दे पराली जलाने की सूचना

कृषि भवन में पराली कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अलग-अलग तहसीलों के लिए कंट्रोल रूम नंबर जारी किए गए हैं। सदर तहसील एवं अमरिया तहसील में पराली जलाने संबंधी सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम नंबर 7906027761 जारी किया गया है। पूरनपुर एवं कलीनगर तहसील के लिए 9568804170 और 8601017510 तथा बीसलपुर तहसील संबंधी सूचना देने के लिए 9721667979 जारी किया गया है। उप कृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति इन नंबरों पर कॉल कर पराली जलने की सूचना दे सकता है।

# लंबे समय बाद जगमगाते दिखे चौराहे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** त्योहार के बहाने ही सही, लेकिन लंबे समय बाद शहर के चौराहे जगमगाते दिखाई दिए। साफ सफाई कराने के साथ ही रंग बिरंगी झालरें लगाई गई तो चौराहे जगमगा उठे। युवाओं ने भी त्योहार के दौरान भ्रमण करते हुए खूब सेल्फी लीं।

बता दें कि शहर के चौराहों का सौंदर्यीकरण कराने के लिए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने मुहिम चलाई थी। शिक्षण संस्थानों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद ली गई। जिसके बाद चौराहे जगमगा उठे थे। इसके बाद उनकी सुंदरता को बरकरार रखने पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जा सका। नगर पालिका के स्तर से इसे लेकर बीते सालों में नोटिस भी जारी करने की बात कही गई थी। काफी समय से चौराहों पर कोई खास चमक नहीं दिख रही थी। जिसे लेकर पूर्व में कराए गए काम को बरकरार न रखने पर सवाल उठाए जा रहे थे। मगर, धनतेरस, दिवाली को लेकर सजावट कराई गई। जिसके बाद छतरी चौराहा, नौगवां चौराहा, गौहनिया आदि चौराहे जगमग दिखे। जिससे तस्वीर बेहतर दिखाई दी।



रोशनी से जगमग टनकपुर हाईवे पर स्थित गन्ना तिराहा। ● अमृत विचार

- **रंग बिरंगी लाइटों से कराई गई सजावट, युवाओं ने ली सेल्फी**

## मरम्मत के चलते शनिवार को बंद रहेगी पौटा रेलवे क्रासिंग

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पीलीभीत-शाहजहांपुर रेल मार्ग पर पौटा हाल्ट से पहले स्थित रेलवे क्रासिंग आगामी शनिवार को पूरे दिन बंद रहेगी। इससे गुजरने वाले यात्रियों के वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना होगा। रेल अफसरों के मुताबिक पीलीभीत-शाहजहांपुर रेल मार्ग पर पौटा हाल्ट से पहले बनी रेलवे क्रॉसिंग पर रेल विभाग की ओर से शनिवार को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इसके चलते यह रेलवे क्रासिंग पूरे दिन बंद रहेगी। इस रेलवे क्रासिंग से गुजरने वाले लोगों को गांव पंडरी से गांव करोड़ जाने वाले अंडरपास से होकर गुजरना होगा। सीनियर सेक्शन इंजीनियर रामानंद ने बताया कि समपार संख्या 2/सी पर मरम्मत कार्य कराया जाना है।

# तखान के परमठ मंदिर में किया चित्रगुप्त पूजन



चित्रगुप्त पूजन कराते महंत ओंकार नाथ। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला तखान स्थित परमठ मंदिर में यम द्वितीया के अवसर पर चित्रगुप्त पूजन विधि विधान से हुआ। मुख्य यजमान के रूप में अजय सक्सेना एडवोकेट रहे। महंत ओमकार नाथ ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान चित्रगुप्त का पूजन एवं हवन संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि करीब 100 वर्ष पूर्व से स्वर्गीय जयंती प्रसाद, स्वर्गीय रामप्यारे सक्सेना एडवोकेट के द्वारा पूजन होता चला आ रहा है। अब उनके पुत्र अजय सक्सेना एडवोकेट ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। इस मौके पर केशव कुमार सक्सेना,आशीष सक्सेना, अश्वनी सक्सेना, रीना सक्सेना, ऊषा सक्सेना, सुषमा, प्रमोद, सुशील बाबू सक्सेना, विश्वास विकास सक्सेना आदि मौजूद रहे। इसके अलावा घरों पर भी पूजन किया गया।

- **यम द्वितीया पर भगवान चित्रगुप्त का पूजन विधि विधान से हुआ**

## बाबा के वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन हुआ रामचरितमानस पाठ

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला मोहतसिम खां स्थित बालाजी मंदिर में श्री संकट मोचन बालाजी महाराज घाटे वाले बाबा के दरबार का 19वा वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। दूसरे दिन गुरुवार को भी धार्मिक आयोजन किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में दूर दराज से भक्त पहुंचे और बाबा का गुणगान किया।

पहले दिन संकट निवारण हवन कराया गया था। गुरुवार को रामचरित मानस पाठ की शुरुआत की गई। भक्तों ने पाठ किया। महंत नितिन गुप्ता ने बाबा के भजनों का गुणगान किए। जिस पर भक्त झूम उठे। इसका आज शुक्रवार को समापन किया जाएगा। शहर के अलावा अमरिया, पूरनपुर, कलीनगर, बरेली, खटीमा समेत कई जगह से भक्त पहुंचे। भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बाबा के मंदिर में भव्य सजावट की गई। इस मौके पर अंचल गुप्ता, वैभव, अनुकल्प, राधा शर्मा, सुनीता शुक्ला, शोभित, प्रियांशु, नीरज, नितिन, संजीव गुप्ता, आशीष आदि मौजूद रहे।

# महिला का कुंडल लूटने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा



पूरनपुर पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पूरनपुर पुलिस ने गत दिनों हुई कुंडल लूट की घटना का खुलासा कर दिया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके पास से लूटा गया कुंडल बरामद किया। घटना में इस्तेमाल बाइक भी कब्जे में ली गई है।

पूरनपुर कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने बताया कि 13 अक्टूबर की दोपहर करीब पौने तीन बजे दंपति बाइक से जा रहे थे। गजरौला जप्ती गांव के पास बाइक पर सवार होकर आए एक उचक्के ने महिला का कुंडल लूट लिया था। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सुरागरसी की गई। गुरुवार को घुंघचिहाई थाना क्षेत्र के ग्राम चंदोखा ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा निवासी संतराम पुत्र राजेंद्र की गिरफ्तारी की गई। आरोपी ने ही कुंडल छिनैती की घटना की थी। उसके पास से लूटा गया कुंडल और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेज दिया है।

# जागरूक करने के लिए दौड़ती रही टीमें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत पुलिस की टीमें महिलाओं और छात्राओं को जागरूक कर रही हैं। भैया दूज पर भी थाना स्तर पर गठित मिशन शक्ति और साइबर टीम भ्रमणशील रखी गई। क्षेत्र में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

एसपी अभिषेक यादव के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों की टीमें बाजार, बस स्टैंड और स्टेशन के आसपास सक्रिय रही। भैया दूज पर्व के चलते महिलाओं की आवाजाही सड़कों पर अधिक थी। ऐसे में उन्हें रोक टीम ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102,108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में बताया। कहा कि अगर कोई उन्हें परेशान करता है तो इसे नजरअंदाज न करें। संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके बाद तत्काल पुलिस मदद के लिए पहुंचेगी। छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। खुद जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करने की बात कही गई। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर वाले पंपलेट भी बांटे गए।

- **मुसीबत में होने पर हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने की अपील की**



बरखेड़ा क्षेत्र में चौपाल लगाकर कानून की जानकारी देती पुलिस टीम।

### चौपाल लगाकर दी गई कानून की जानकारी

बरखेड़ा समेत अन्य थानों की पुलिस के द्वारा गुरुवार को चौपाल भी लगाई गई। जिसका विषय कानून है आपका हक जानो और निभाओ रहा। इसे लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों और कानून की नवीन धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों की शंकाओं का समाधान किया गया। पुरानी व नई धाराओं में अंतर भी बताया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### खाते में लौटी ठगी गई रकम तो खिला चेहरा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** जालसाज द्वारा ठगी गई एक लाख से अधिक की रकम साइबर सेल की मदद से वापस लौटी तो पीड़ित का चेहरा खिल गया। उनसे पुलिस का आभार जताया है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि 21 सितंबर को क्षेत्र के रहने वाले गौतम कुमार के खाते से जालसाज ने फर्जीवाड़ा करके 1.10 लाख रुपये उड़ा लिए थे। इसकी शिकायत मिलने पर साइबर हेल्पडेस्क टीम की मदद से कार्रवाई की गई। सीबीडीसी ई-वॉलेट के जरिए ठगी की गई थी।ऐसे में ई-वॉलेट के नोडल अधिकारी से संपर्क किया गया और 1.05 लाख रुपये होल्ड पर लगवा दिए थे। इसकी लगातार पैरवी की जाती रही और फिर खाते में रकम वापस कराई गई है।

### झालर ठीक करते वक्त करंट से युवक की मौत

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** घर पर लगी झालर ठीक करते वक्त एक युवक को करंट लग गया। उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद घर में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पकड़िया बिंदुआ 35 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र स्व. मनीराम के घर में दिवाली पर झालर लगी थी। झालर ठीक करते समय उसे करंट लग गया और मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी सपना देवी का रोकर बुरा हाल है। मृतक के छह वर्षीय पुत्री परीक्षा और तीन साल का पुत्र विराज है।

### बुजुर्ग को हमला कर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पचपेड़ा पुखा के निवासी रामेश्वर दयाल पुत्र छेदालाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे गांव का धनपाल पुत्र दुर्जन लाल गाली गलौज करने लगा। इसका पुत्रवधू ने विरोध किया तो वह झगड़ा करने लगे। वह शोर सुनकर शांत कराने गए तो हमला कर पिटाई कर दी। लाठी से वार कर घायल कर दिया। पड़ोसियों ने बमुश्किल बचाया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पिता -पुत्र से मारपीट एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ग्राम मूसेपुर कलां के रहने वाले तेजराम पुत्र प्रेमराज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 अक्टूबर को रात नौ बजे वह घर के बाहर बैठे हुए थे। इस बीच गांव का अमित कुमार पुत्र रामबहादुर आया और मोबाइल के लेनदेन की बात पर हमला कर दिया। पुत्र धर्मवीर ने बीच बचाव कराना चाहा तो उसकी भी पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### जिलेभर में धूमधाम से मनाया भैया दूज का पर्व, तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना, भाइयों ने बहनों को रक्षा का वचन और उपहार दिए

# बहनों की दुआएं भाइयों के लिए हजार, रिश्तों के प्यार की बनीं रहे मिठास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिलेभर में गुरुवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक भैया दूज पर्व धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की। वहीं, भाइयों ने बहनों को रक्षा का वचन और उपहार दिए। घरों में पकवान बनाए गए। खुशी में लोगों ने रात को आतिशबाजी भी की।

दीपावली, गोवर्धन पूजा के बाद भैया दूज का पर्व मनाया गया। पर्व को लेकर हर तरफ खासा रौनक रही। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भैया दूज की अनोखी छटा दिखी। सुबह से ही घरों में इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। परंपरागत तरीके से भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर नारियल भेंट किया। ईश्वर से दीर्घायु और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उपहार दिए। घर-घर पकवान बनाए गए और खुशनुमा माहौल रहा। तमाम बहनें शादी या फिर नौकरी को लेकर जनपद से बाहर रह रही हैं। भैया दूज के मौके पर वे भाइयों को तिलक लगाने के लिए घर आईं। इसका असर एक दिन पहले ही दिखाई देने लगा था। रोडवेज की ओर से भी बहनों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए बसों के फेरे बढ़ा दिए गए थे। ट्रेनों का संचालन तो शुरू हो चुका है, मगर इसके बाद भी अफरा-तफरी मची रही। निजी वाहनों से भी लोग घर आए। इसके चलते सड़कों पर भीड़ रही। पर्व को लेकर बड़ी तादाद में महिलाओं ने ससुराल से आकर भैया दूज मनाई।

सोशल मीडिया पर भी भाई-बहन के पूजन के फोटो और शुभकामना संदेश आते रहे। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर आदि पर भी भैया दूज का पर्व छाया रहा। रेलवे स्टेशन, रोडवेज समेत मुख्य चौराहों पर भी यात्रियों की भीड़ रही। पर्व कोई भी हो, रौनक तो बच्चों से ही होती है। भैया दूज पर्व पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। बच्चों में त्योहार को लेकर एक अलग उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही नन्हे भाई-बहन तैयार हो गए। उसके बाद पूजन कर पर्व मनाया। उसके बाद हंसते खेलते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई भी देते रहे। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास पर भी बहनें पहुंची और उन्हें व उनकी पत्नी रश्मि गंगवार को तिलक कर दीघार्यु की कामना की।



बिलसंडा में भाई को मिठाई खिलाती बहन।



कुकरीखेड़ा गांव में बार अध्यक्ष समेत नौ भाईयों का तिलक करने पहुंची बहन।



राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को तिलक कर मिठाई खिलातीं बहन।

- भाइयों ने सुरक्षा वचन संग दिए उपहार, सड़कों पर छाई रही रौनक

#### बार अध्यक्ष समेत नौ भाईयों का किया तिलक

भैया दूज के अवसर पर बहन ने अपने नौ भाइयों का तिलक किया। उनके दीर्घायु होने की कामना की। ग्राम कुकरी खेड़ा में स्वर्गीय देवेंद्र स्वरूप मिश्रा के एक पुत्री तनुजा मिश्रा और नौ पुत्र हैं। बहन ने गुरुवार को सभी नौ भाइयों का तिलक किया। इनमें चार भाई अधिवक्ता जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, महेंद्र मिश्रा, विजेंद्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा और अन्य भाइयों में धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ .सर्वेंद्र मिश्रा, प्रखर मिश्रा,आशुतोष मिश्रा, रविंद्र मिश्रा हैं।

#### जेल में बंद भाइयों को लगाया तिलक

हर साल की तरह इस बार भी जिला कारागार में बंद भाइयों को तिलक लगाने के लिए बहनें पहुंची। नियमों का पालन करते हुए उनकी मिलाई कराई गई। जेल में बंद भाइयों को बहनों ने तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। उधर, जेल प्रशासन की ओर से भी पर्व को देखते हुए विशेष खाना बंदी-कैदियों को परोसा गया। सुबह से ही जेल में बंद भाईयों के तिलक करने के लिए पहुंची बहनों की भीड़ लगी रही।

# रोडवेज पस्त, सड़कों पर नाकाफी इंतजाम से दिक्कत

### भाई दूज पर इस बार भी रोडवेज की बसें पड़ गईं कम तो पैदल चलकर वाहन तलाशती दिखीं बहनें, डग्गामार वाहन बने सहारा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** इस बार भी भैया दूज पर्व पर बहनों को तिलक करने के लिए अपने भाई तक पहुंचने में दिक्कतों भरा सफर तय करना पड़ा। बहनों की भीड़ के आगे इंतजाम नाकाफी साबित हुए। बसें-ट्रेनें फुल रही और बाद में डग्गामार वाहनों का ही सहारा लेना पड़ा। एक तरफ जहां जान जोखिम में रही, वहीं जेब भी ढीली करनी पड़ गई। कुछ चालकों ने मनमाना किराया भी वसूला।

वैसे तो दिवाली और भैया दूज को लेकर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने का दावा परिवहन निगम के अधिकारियों की ओर से किया गया था। बसों के फेरे भी बढ़ा दिए गए थे। चालक-परिचालकों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए। दिवाली पर भी आवाजाही में मुश्किल भरा सफर रहा। इसके बाद भैया दूज पर भी हालात नहीं बदल सके। गुरुवार को सड़कों पर बहनों की भीड़ उमड़ी तो परिवहन व्यवस्था ही लड़खड़ा गई। तहसील और ब्लॉक स्तर तक पहुंचना मुश्किल हो गया। पूरनपुर, बीसलपुर, टनकपुर एवं बरेली जाने वालों को सवारियों के लिए परेशान होना पड़ा। बसों की स्थिति भी बेहतर नहीं रही। त्योहार पर यात्रियों की भीड़ से ट्रेन और बसें फुल रहीं। जैसे-तैसे लोग मुख्यालय तक तो पहुंच गए। मगर, उसके बाद आगे का सफर तय कर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

इस बार भी पर्व पर डग्गामार वाहनों का ही लोगों को सहारा लेना पड़ा। यात्रियों को सवारी वाहन न मिलने का फायदा भी उठाया गया और उनसे मनमाने दाम वसूले गए। पीलीभीत से पूरनपुर जाने के लिए मैजिक का किराया 50 रुपये प्रति सवारी है। मगर, कुछ वाहन चालकों ने 60 से 70 रुपये तक वसूले।



प्लेटफार्म पर ट्रेन आने का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार



हाईवे पर क्षमता से अधिक सवारियों लेकर जाता टेंपो।



काफी इंतजार के बाद आई बस तो चढ़ने की मची होड़। ● अमृत विचार



नौगवां चौराहा पर सवारी वाहन का इंतजार करते यात्री।

#### पुलिस ने किए सख्त सुरक्षा इंतजाम

त्योहार को लेकर सख्त सुरक्षा बंदोबस्त भी किए गए। महिलाओं की आवाजाही के बीच छेड़छाड़ और छिनैती की घटनाएं न हो, इसके लिए सख्त इंतजाम किए गए। चौराहों और व्यस्ततम इलाकों में पुलिस बल की सुबह से तैनाती रही। अधिकारी भी भ्रमण पर रहकर निगरानी करते रहे। महिला पुलिस भी बड़ी संख्या में चौराहों पर लगाई गई। असम चौराहा, नौगवां चौराहा, छतरी चौराहा, गौहनिया चौराहा के आसपास अधिक भीड़ रही। थाना व चौकी पुलिस भ्रमण कर नजर रखती रही। उधर, रेलवे पुलिस भी टीम के साथ चेकिंग करती रही। ट्रेन आने के बाद भीड़ को व्यवस्थित तरीके से निकाला गया। टिकट काउंटर पर भी सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई।

### मुकदमे की रंजिश में दंपती समेत चार लोगों को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम रिछोला सबल निवासी रेशमां पत्नी शहादत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव के तस्लीम, वसीम, नसीम, नईम , मुन्ने, शफी अहमद, नजमुल हसन और अफगान ने 30 अगस्त को उसके पति शहादत के साथ मारपीट की थी। जान से मारने की धमकी दी गई। इसकी रिपोर्ट उस वक्त दर्ज कराई गई थी। इसी को लेकर रंजिश चल रही है। 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे आरोपी धारदार हथियार, लाठी, डंडे, तमंचे लेकर घर में घुस आए। इसके बाद रेशमा, उसके पति शहादत पर जानलेवा हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर पुत्री निगार बचाने दौड़ी तो उसको भी पीटा। धारदार हथियार से वार किए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी शफी अहमद, अफगान, नजवुल हसन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### एक और घायल ने दम तोड़ा मृतकों की संख्या हुई चार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** गत दिनों बरेली-बीसलपुर मार्ग पर हुए हादसे में एक और घायल ने दम तोड़ दिया। इसी के साथ जान गंवाने वालों की संख्या चार पहुंच गई है। ग्रामीण की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।



गोधन।

बता दें कि बीते शनिवार की रात बरेली बीसलपुर मार्ग पर ईको और बस की टक्कर हो गई थी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक मजदूर लभौआ निवासी 24 वर्षीय गोधन पुत्र सियाराम गंभीर रूप से घायल हो गए थे।उनका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान अब गोधन की भी मौत हो गई। बता दें कि इसी हादसे में उनके 19 वर्षीय भाई गौरव की मौके पर मौत हो गई थी। परिवार में दो बेटों की मौत को लेकर कोहराम मचा रहा। मृतक गोधन के एक साल का पुत्र आरव है। पत्नी मालती देवी का रोकर बुरा हाल रहा।

### ट्रक की टक्कर से डनलप पर सवार ग्रामीण की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** डनलप पर सवार होकर खेत पर जा रहे ग्रामीण की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरात बोझ के रहने वाले 28 वर्षीय अमित कुमार पुत्र ओमकार खेती करते थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े चार बजे वह खेत पर जाने के लिए डनलप में सवार होकर निकले। बरेली-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर जहानाबाद क्षेत्र में एक राइस मिल के पास पहुंचते ही ट्रक ने उनके डनलप में टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई और डनलप क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक तक पहुंचने के लिए पुलिस ने मार्ग पर कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी चेक की। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार में चीख पुकार मची रही। मृतक के तीन साल की बेटी है।









## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नजरपुर निवासी प्रदीप कुमार (24) बुधवार शाम आठ बजे वाईपास चौराहे की तरफ पैदल जा रहे थे। डायमंड होटल के सामने बरेली की ओर से आ रहे वाहन ने सड़क पार करते समय उनको टक्कर मार दी, जिससे प्रदीप घायल हो गए। पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भी भेज दिया। डॉक्टर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। परिवार में रोना पीटना मच गया। मृतक के भाई सचिन ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दो पक्षों में हुआ विवाद

**निगोही, अमृत विचार :** कस्बा के भगत सिंह चौराहे पर जाम को लेकर बाइक और पिकअप में टक्कर हो गयी। दोनों पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने आकर दोनो पक्षों को समझाकर शांत कराया। चौराहे पर डग्गामार वाहनों की वजह से जाम लगा रहता है। लोगों का पैदल तक निकलना मुश्किल हो जाता है। पुलिस जाम को देखकर अनदेखी बनी रहती है।

### आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चोक कोतवाली कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक पवन शर्मा ने बताया कि अभियुक्त सोनू गुप्ता निवासी बिजलीपुरा चौके कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया।

# पटाखों से दूषित हुई आबोहवा तो बढ़ गए मरीज

## खांसी, सांस फूलना और आंखों में जलन की शिकायत लेकर सरकारी व निजी अस्पताल पहुंच रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पटाखों की धमक अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ रही है। चारों ओर फैले धुएं और धुंध से हवा में जहरीले कणों की मात्रा बढ़ गई है। जिससे अब खांसी, सांस फूलने, आंख में जलन के साथ ही सीने में जकड़न की शिकायत लेकर लोग अस्पताल पहुंचने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या सामान्य दिनों से अधिक रही। निजी अस्पतालों में भी इस तरह के मरीज लगातार पहुंच रहे हैं।

बता दें कि आतिशबाजी के बाद हल्की धुंध छाई है। हवा में फैले प्रदूषण ने खासकर बुजुर्गों, बच्चों और अस्थमा (दमा) के मरीजों की परेशानी बढ़ा दी है। इसके चलते बुधवार को मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में सांस और सीने में जकड़न के मरीजों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रही। सुबह नौ बजे से ही अस्पताल में भीड़ उमड़ने लगी। हालांकि बुधवार को अवकाश के चलते आधे दिन की ओपीडी रही, जहां करीब 478 पर्चे बने। इनमें 40 फीसदी से अधिक सीओपीडी यानी के श्वास के मरीज रहे। जिस वजह से मेडिसिन विभाग में अधिक भीड़ देखने को मिली। 60 फीसदी में नेत्र, ईएनटी और चर्म रोग से जुड़े मरीज के साथ बुखार आदि के मरीज शामिल रहे। गुरुवार को भी कई मरीज अस्पताल पहुंचे और उनमें भी इसी तरह की दिक्कतें रही। कम भीड़ होने के बाद भी मरीजों को इंतजार करना पड़ा। परामर्श लेने के बाद दवा काउंटर पर मरीजों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा निजी अस्पताल और मेडिकल स्टोर पर भी लोग संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए दवा लेने पहुंच रहे हैं।



मेडिकल कॉलेज में पहुंचे मरीज व तीमारदार। • अमृत विचार



मेडिकल कॉलेज में मरीज देखते चिकित्सक। • अमृत विचार

- **सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या अधिक**

### विशेषज्ञ बोले: कुछ दिन बरतें सावधानी

सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि दिवाली के बाद से सांस, खांसी और आंखों में जलन वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। पटाखों से निकलने वाला धुआं हवा में लंबे समय तक रहता है। इसमें मौजूद सल्फर और धूलकण फेफड़ों में जाकर सूजन पैदा करते हैं, जिससे सांस फूलना और खांसी बढ़ जाती है। ऐसे में सुबह और शाम के समय घर से निकलने से पहले मास्क जरूर पहनें। बच्चों और बुजुर्गों को अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दी। प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क का इस्तेमाल करें।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

# घर में घुसकर दंपती और पुत्री पर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर

- **घर के बाहर रोशन किए गए दीये के पास लघुशंका करने पर हुआ विवाद**

**अमृत विचारः** घर के बाहर रोशन किए गए दीये के पास लघुशंका करने का विरोध करने पर एक परिवार पर हमला कर दिया गया। गांव के ही एक परिवार ने घर में घुसकर दंपति और पुत्री को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम मोहम्मदपुर भजा निवासी हरीश कुमार पुत्र गोधनलाल ने बताया कि 20 अक्टूबर को शाम साढ़े सात बजे उसके घर के बाहर दिवाली के दीये रोशन किए गए थे। इस दौरान गांव का बॉबी देवल पुत्र धर्मेंद्र वहां पहुंचकर लघुशंका करने लगा जिससे परिवार ने उसका विरोध किया।

आरोपी के घर जाकर शिकायत भी की गई और फिर वापस आ गए। कुछ देर बाद पीछे से चतुर बिहारी पुत्र चोखेलाल, उसके पुत्र धर्मेंद्र, मिथुन, अक्षय आ गए और तेज आवाज में गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। घर में घुसकर लाठी डंडे से पिटाई की। उनके द्वारा धारदार हथियार से भी वार किए गए। बचाने आई पत्नी रामलली, पुत्री शीतल देवी, सुमन को भी पीटा। शोर पर जब वहां पर लोग जमा हुए तो झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर तुरंत वहां से भाग गए। उसी वक्त उन्होंने यूपी 112 पुलिस को कॉल की गई। पुलिस ने वहां पहुंचकर आरोपियों को तलाश करने की कोशिश की लेकिन वहां कोई नहीं मिला। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कराई जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पीलीभीत और खीरी की युवती के बीच गहराया प्रेम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **दो साल से थी एक दूसरे के संपर्क में, थाने पहुंचकर की शादी की मांग**

**अमृत विचारः** दो युवतियों ने एक दूसरे से शादी करने का मन ही मन फैसला कर लिया। इसके बाद थाने पहुंचकर अपनी प्रेम कहानी का हवाला दिया। फिर पुलिस भी चकरा गई। दोनों के परिवार वार्ता कर रहे है। मामला चर्चा का विषय बना रहा।

घटना गुरुवार देर शाम की है। माधोटांडा क्षेत्र के एक युवती दो साल पहले लखीमपुर क्षेत्र की एक युवती के संपर्क में आई थी। दोनों के बीच बाते होती रही। एक दूसरे के प्रेम प्रसंग में पड़ गई। मुसीबत तब बढ़ गई जब दोनों शादी के लिए जिद पर अड़ गई। वह थाने पहुंची और प्रेम प्रसंग का हवाला दे दिया। पुलिस भी सुनकर चकरा गई। दोनों के परेशान परिजन आ गए। फिर वार्ता का दौर चला लेकिन निष्कर्ष नहीं निकला।

इंस्पेक्टर अशोक पाल का कहना है कि दोनों युवती शादी की जिद कर रही है। उनके परिजन वार्ता कर समझा रहे है। दोनों दो साल से अधिक समय से संपर्क में है।

# छह माह के बाद मुख्य हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, बीसलपर

- **अंशिका हत्याकांड का केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के संज्ञान लेने के बाद हुई कार्रवाई**

**अमृत विचार :** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के संज्ञान में पहुंचने के बाद अंशिका हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई की। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। हालांकि पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद भी पुलिस कारण का पता नहीं लगा सकी है।

क्षेत्र के ग्राम इमलिया मरौरी निवासी विमला देवी पत्नी हरसरन ने विगत शनिवार को परिवार के साथ सीओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि आरोप 30 अप्रैल को उनकी 26 वर्षीय पुत्री अंशिका गंगवार का शव गांव के एक खेत में पराली में दबा मिला था। बेटी की हत्या की गई थी। अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पांच मई को इस मामले में गांव के ही रंजीत पुत्र नाथूलाल को नामजद करते हुए आरोपी बनाया गया। मगर, लंबे समय बाद भी गिरफ्तारी नहीं की गई। सीओ प्रगति चौहान ने कोतवाल संजीव शुक्ला को कार्यालय में बुलाकर, पीड़ित परिवार की मौजूदगी में वार्ता की थी। जल्द ही गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तो धरना समाप्त हो सका था।

महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर मामले की शिकायत की है। किसान नेता देव स्वरूप पटेल को भी मामले से अवगत कराया था। बताते हैं कि इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से गुहार लगाई है।

केंद्रीय मंत्री ने मामले का संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधिकारियों से जानकारी की और तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। प्रकरण को तूल पकड़ता देख कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि आरोपी को चालान कर कोर्ट में पेश करके गुरुवार को जेल भेज दिया है। उसकी चप्पल मृतक युवती के घर मिली थी। इसी शक पर उसे नामजद किया था और तलाश शुरू की थी।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी रंजीत।

# युवक को पीटने पर सिपाही लाइन हाजिर

**पीलीभीत, अमृत विचारः** जमुनिया पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही पर युवक की पिटाई करने का आरोप लगा। सिपाही को लाइन हाज़िर कर दिया गया है। घटना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रानीगंज की है।

यहां के रहने वाले विजय कुमार के परिवार की महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद बुधवार को मारपीट हो गई थी। मामला पुलिस चौकी जमुनिया तक पहुंचा। दोनों तरफ के लोग चौकी में ही अपनी आपबीती बता रहे थे। आरोप है कि इस बीच सिपाही भूपेंद्र ने आकर अभद्रता शुरू कर दी। विजय से मारपीट की गई। उसके बाद पीड़ित युवक ने माधोटांडा इंस्पेक्टर अशोक पाल से शिकायत की। जिसका संज्ञान लेकर इंस्पेक्टर ने युवक का मेडिकल परीक्षण कराया। एसपी ने सख्ती करते हुए सिपाही को लाइन हाज़िर कर दिया है।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** भैया दूज के दिन कलान क्षेत्र में सड़क हादसों की श्रृंखला देखने को मिली। गुरुवार को तेज रफ्तार ओमनी कार और बाइक की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी दुर्घटना में एक अन्य बाइक सवार को भी गंभीर चोटें आईं। सभी घायलों को सीएचसी कलान से जिला अस्पताल बदायूं रेफर किया गया है।

पहला हादसा स्टेट हाईवे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद पर गुंदौरा दाउदपुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुआ। ग्राम शेरपुर कुरिया निवासी संतोष कुमार और संजीव बाइक से कलान बाजार का सामान लेकर दोपहर करीब 1 बजे गांव लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ओमनी कार ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए और ओमनी कार पास के पेड़ से जा टकराई। राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों घायलों को सीएचसी कलान पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया। इसी स्टेट हाईवे पर रुकनपुर गांव के पास दूसरा हादसा हुआ। थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के ग्राम पटियरी निवासी अशोक पुत्र जवाहरलाल बाइक से बदायूं जा रहे थे। सामने से आ रहे ट्रक को देखकर उन्होंने अचानक ब्रेक लगाई, जिससे बाइक फिसल गई और वे सड़क पर गिर पड़े।

हादसे में अशोक के सिर में गंभीर चोटें आईं। उस समय हाईवे पर जाम की स्थिति थी और एंबुलेंस मौके तक नहीं पहुंच सकी। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र पुलिस बल के साथ हाईवे पर गश्त कर रहे थे। उन्होंने तुरंत एक निजी वाहन की मदद से घायल को सीएचसी कलान भेजा। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद अशोक को भी जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया। बताया गया कि भैया दूज के कारण क्षेत्र में भारी भीड़भाड़ थी, जिससे राहत कार्यों में काफी मुश्किलें आईं।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** नजरपुर मोहल्ला निवासी सचिन ने बताया कि उसका 22 वर्षीय भाई प्रदीप बुधवार की शाम डायमंड होटल के सामने हाईवे किनारे बाईपास चौराहा की ओर जा रहा था। इसी दौरान बरेली की दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तिलहर पुलिस ने बताया कि मृतक के भाई सचिन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी वाहन की तलाश में टीम लगाई गई है।

# ओमकार हत्याकांड में एक हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता कांट/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कांट क्षेत्र में ओमकार हत्याकांड में पुलिस ने एक हत्याआरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त खून से सना डंडा बरामद कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सप्तयारा निवासी 30 वर्षीय ओमकार मंगलवार की शाम खेत पर जा रहा था। गांव के बाहर आरोपियों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक की मां जोगोदेवी ने गांव के रिजवान, जाबिर, कदीर अली, समीर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी और थाना की दो टीमों को लगाया था। अभियोग की विवेचना राकेश कुमार मौर्य द्वारा की जा रही है। विवेचना में तथ्य प्रकाश में आया है कि मृतक ओमकार ने लगभग पाच साल पूर्व अभियुक्त रिजवान की बहन को अगवा करके ले गया था। अभियुक्त ओमकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, जो जमानत पर छूटकर आ गया था। पुरानी रजिंश को लेकर ओमकार की हत्या की गयी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने अभियुक्त रिजवान को दोपहर ढाई बजे ददरौल मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर जेल भेज दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य, निरीक्षक अपराध दिगम्बर सिंह, उप निरीक्षक धनश्याम बहादुर आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# तांत्रिक की हत्या में पुलिस कर रही तहरीर का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** कटरा में तांत्रिक अनिल कश्यप की हत्या में पुलिस ने तीन दिन बीत जाने के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है, पुलिस इस आस में है कि परिवार का कोई व्यक्ति तहरीर दे। इधर मृतक का भाई लखनऊ से पोस्टमार्टम हाउस पर आया और शव को छोड़कर चला गया। मृतक के भांजे ने मामा तांत्रिक का अंतिम संस्कार किया।

कटरा थाना क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र के पीछे नहर के किनारे अनिल कश्यप उर्फ अन्नू झोपड़ी डालकर रहता था। वह झोपड़ी में रहकर झाड़ फूंक किया करता था। उसके पिता बनवारी लाल जिला पंचायत के अस्पताल में कंपाउंडर थे। उसके पिता ने दोनों बेटियों की शादी कर दी थी। मृतक तांत्रिक का एक भाई पूरनलाल लखनऊ में रहता है। अनिल कश्यप यहां पर अकेला रहता था। उसकी झोपड़ी के बाहर पुआल का टेर लगा हुआ था। मंगलवार की दोपहर उसका शव पुआल के ढेर में दबा हुआ मिला था। शव के पास खून से सना हुआ डंडा मिला, कंकाल की एक खोपड़ी, बच्चे कपड़े और तांत्रिक से संबंध एक किताब मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी चोटो के कारण मौत हुई थी। उसका शव एक सप्ताह पुराना था। पुलिस ने उसके भाई को लखनऊ सूचना दी। उसकी एक बहन तिलहर में रहती है। उसका भाई लखनऊ से आया और शव को देखकर बिना अंतिम संस्कार किए वापस चला गया। इधर मृतक तांत्रिक का भांजा सचिन तिलहर से पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा और उसने मामा का अंतिम संस्कार किया। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार वालों की तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं आयी है।

# बुखार से एक ही परिवार के तीसरे बच्चे की मौत

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

**अमृत विचारः** कस्बे में एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौत ने इलाके को गहरे शोक और भय के माहौल में डाल दिया है। बुधवार देर रात कस्बा निवासी श्यामू के 8 वर्षीय पुत्र शनि की इलाज के दौरान शाहाबाद के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

बुधवार को शनि को तेज बुखार आने पर परिजनों ने उसे शाहाबाद स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही कस्बा स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर उस्मान अली अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात की जांच की। जांच के दौरान शनि की मां कन्या भी बुखार से पीड़ित मिलीं। डॉक्टरों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने की सलाह दी, मगर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराने से इनकार कर दिया।

बताया गया कि श्यामू के बड़े भाई रामू की 5 वर्षीय पुत्री किरन को 13 अक्टूबर को बुखार आने पर परिजनों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद रामू के 7 वर्षीय पुत्र अजय कुमार को भी तेज बुखार हुआ। परिजन पहले शाहाबाद के संजीवनी हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टर ने दूसरे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। परिजन अजय को राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन हालत में सुधार न होने पर जब वे बच्चे को लेकर बरेली जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

पहले दो मौतों के बाद एसीएमओ डॉ. पीपी श्रीवास्तव, डॉ. उस्मान अली, डॉ. राजीव भारती और फार्मासिस्ट शरीफ खां की टीम ने गांव पहुंचकर जांच की थी। टीम ने रामू और श्यामू परिवार के सभी बच्चों 8 माह के कृष्णा, 3 वर्षीय नैना, 10 वर्षीय मानशी, 4 वर्षीय लंकुश और 8 वर्षीय शनि की जांच कराई थी। सभी की रिपोर्ट सामान्य आने पर उन्हें घर भेज दिया गया था। एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत से न केवल घर में बल्कि पूरे मोहल्ले में भय का माहौल है। शनि की मां कन्या और बहन मानशी का रो-रोकर बुरा हाल है। लोग इसे गंभीर स्वास्थ्य संकट के रूप में देख रहे हैं और विभागीय कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



शनि के घर जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। • अमृत विचार

- **छुट्टी मिलने के कुछ ही दिन बाद चली गई जान**

### स्वास्थ्य विभाग करता रह गया निगरानी

ऐसा नहीं है कि अचानक ही शनि की मौत हो गई। वह पहले भी बीमार रह चुका था। स्वास्थ्य विभाग उसकी निगरानी कर रहा था, लेकिन सब कोशिशें नाकाम हो गईं और उसकी जान चली गई। वह अपने तहेरे भाई और बहन के साथ बीमार हुआ था। 16 अक्टूबर के आसपास स्वास्थ्य विभाग ने उसे अपनी निगरानी में रखकर जांच की थी। इसके साथ ही उसे मेडिकल कॉलेज में भी भर्ती कराया गया था ताकि किसी तरह की कोई बीमारी हो तो इलाज किया जा सके। इस सब के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 98978382286

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

बवासीर-भगन्दर-फिशर
पाइलोनाइडल साइनस Mob.: 8126164170
डॉ. वी.के. सिसोदिया
वरिष्ठ क्षार सूत्र विशेषज्ञ
B.Sc., B.A.M.S.
Proctologist (Ayur.), N.D.D.Y., C.C.K.S. (MUMBAI)
मिलें : प्रत्येक रविवार 12 पत्थर रोड, जलालाबाद (शाहजहाँपुर) में
बरेली एनोरक्टल क्लीनिक पता:- करगैना पुलिस चौकी के पीछे, बदायूं रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### दवा लेने आए मरीज की बाइक चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भदेंड़ निवासी ओमकार सिंह पुत्र स्व. चंद्रभाल सिंह ने पुलिस में दर्त कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह बजाज बाइक जो कुसुमौरी अलीगंज के राममनोहर के नाम है, से दवा लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। बाइक लॉक कर अंदर चला गया। कुछ देर बाद दवा लेकर बाहर आया तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता न लगने पर ओमकार सिंह ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### अश्लील हरकत करने का आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** पुलिस ने राह चलती महिलाओं किशोरियों से छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि एंटी रोमियो टीम प्रभारी सचिन कुमार ने रूपनपुरवा के पास रास्ते में महिलाओं किशोरियों से निकलते समय छेड़छाड़ के साथ अश्लील हरकतें कर रहे गांव के ही काशीराम को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

### अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नीमगांव थाना क्षेत्र के कसबा सिकंद्राबाद निवासी मुकेश कुमार ने हैदराबाद थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार की रात आठ बजे उनका भाई रूपेश अपने साथी पंकज निवासी इब्राहिमपुर के साथ बाइक से गोला जा रहे थे। तभी गोला सिकंद्राबाद रोड पर निजामपुर गांव की पानी की टंकी के पास सामने से तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर घायल हो गये, जिनका इलाज लखनऊ मेडिकल कॉलेज में हो रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# बहन के स्नेह और भाई के विश्वास का प्रतीक है भाई दूज

## भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व बहनों ने श्रद्धा के साथ मनाया, पूजन के बाद टीका लगाकर खिलाई मिठाई, दीर्घ आयु की कामना की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि गुरुवार को भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक भाई दूज का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की। भाइयों ने उन्हें आशीर्वाद व उपहार भेंटकर प्यार जताया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाई दूज का पर्व भावनाओं के महान संस्कार का पर्व है। बहनों ने सुबह से स्नान कर नए वस्त्र पहनकर दीप प्रज्वलित किया और भाई दूज पर्व की कथाएं कहीं और सुनी। पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान श्रीकृष्ण नरकासुर का वध कर लौटे तो उनकी बहन सुभद्रा ने उनका तिलक लगाकर आरती उतारी। तब श्रीकृष्ण ने सुभद्रा को आशीर्वाद देते हुए कहा जैसे तुमने यह तिलक किया है वैसे ही प्रत्येक बहन इस दिन अपने भाई का तिलक करें तो उसके घर सुख समृद्धि बनी रहेगी। इसलिए भाई दूज का पर्व केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं बल्कि स्नेह और सुरक्षा की अनंत आश्वासन का उत्सव है। भाई दूज हमें सिखाता है कि जीवन में भय नहीं प्रेम होना चाहिए। इसी दिन कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। उन्होंने इस दिन कलम, दवात की पूजा की, जिससे ज्ञान, न्याय और सत्य की शक्ति बनी रहे।

गोला गोकर्णनाथ। भाई दूज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भावनात्मक बंधन का प्रतीक है। नगर सहित समूचे क्षेत्र में भाई दूज पर उल्लास से मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु, सुख, समृद्धि की कामना की और घर आंगन में स्नेह के दीपक जलाए। बहनों ने सुबह से ही घर, आंगन और छत पर चावल के आटे की चौक बनाकर भाइयों को आसन पर बिठाकर उनके माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों के दीर्घायु की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर सुरक्षा और सम्मान का वचन दिया।

### भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक



बिझौली। तहसील सदर क्षेत्र के गांव चिन्तापुरवा, बिझौली, रमुआपुर, रजागंज में गुरुवार को महिलाओं ने सामूहिक रूप से भाई दूज की पूजा की। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना करते हुए उन्हें तिलक लगाया और आशीर्वाद दिया। पूजा के दौरान बहनों ने भाइयों के लिए व्रत रखा और विधि-विधान से पूजा अर्चना की।

### बहनों ने भाई के मस्तक पर लगाया प्रेम का टीका



**रोशननगर।** भाई दूज पर बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी। उनका मुंह मीठा कराया, बदले में भाई ने भी उपहार, नकद राशि देकर अपनी बहन के प्रति प्रेम और कृतज्ञता व्यक्त की। त्योहार के कारण मिठाई की दुकानों पर काफी भीड़ रही। क्षेत्र के गांव रोशननगर, ममरी, हैदराबाद, महेशपुर, अहमदनगर, सौखिया, अंबरपुर, अजान, घरथनिया में भी परंपरागत ढंग से त्योहार मनाया गया।

### भाई दूज पर बाजारों में रही चहल पहल

सुबह से ही बाजारों में विशेष चहल पहल देखी गई, जहां महिलाएं और बहनें पूजा सामग्री तथा उपहारों की खरीदारी करती नजर आईं। अनुप्रिया, अंजली, तन्नू और डाली आदि कई लड़कियों ने बताया कि इस त्योहार के लिए शादीशुदा लड़किया ससुराल से मायके आती हैं, ताकि अपने भाइयों से मिल सकें और उनका आशीर्वाद ले सकें। यह पर्व भाई-बहन के संबंधों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर माना जाता है।

### भाई को तिलक लगाकर लंबी उम्र की कामना की



**भानपुर, अमृत विचार :** भैया दूज का त्यौहार भानपुर सहित क्षेत्र में परम्परागत ढंग से मनाया गया। भाई-बहन के इस पावन त्योहार पर अपने घर में चौकी बनाकर बहनों ने भाइयों का तिलक किया और मिठाई खिलाई। लंबी उम्र की कामना की।



गोला में विवान को टीका लगाती मिष्ठी।



ओजस के माथे पर तिलक करती बहन गार्गी मिश्रा।



गोला में भाई को तिलक करती बहन।

# जेल में बंद भाइयों पर उमड़ा बहनों का प्यार



जिला कारागार में बंदी भाई को तिलक लगाती बहन।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला कारागार पर भैया दूज के मौके पर बहनों की भारी भीड़ उमड़ी। बहनों ने हंसी खुशी भाइयों के माथे पर टीका किया और उन्हें मिष्ठन खिलाया। उनकी लंबी उम्र होने के साथ ही जल्द रिहाई की कामना की। भाईयों ने भी उन्हें उपहार दिए। इस दौरान कई बहने अपने भाई को देख आंसू नहीं रोक पाईं। जल प्रशासन के समुचित व्यवस्था न करने पर बहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गुरुवार की सुबह से ही बहनों का जिला कारागार पर आना शुरू हो गया था। जिले के अलावा आसपास के जिले से भी तमाम बहने अपने भाईयों को टीका करने पहुंची थी। जेल प्रशासन की अव्यवस्थाओं के कारण बहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुलाकाती पर्ची तो उनकी आसानी से बन गई, लेकिन भाईयों से मुलाकात करने के लिए उन्हें जेल के मुख्यद्वार पर घंटों भूखे-प्यासे चिलचिलाती धूप में खडे रहना पड़ा। बहनें पकवान और मिष्ठान के साथ सुबह ही जेल परिसर आ गईं थीं।

जेल प्रशासन ने मिष्ठान के साथ बहनों को जेल में प्रवेश दिया, जबकि कोई पुरुष बंदी से मुलाकात नहीं कर सका। बहनों को रोली-टीका करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई कैदी और बंदी सीतापुर, गोंडा, शाहजहांपुर, हरदोई आदि जिलों के हैं। बहनों ने अपने भाइयों का टीका किया और उन्हें मिष्ठान खिलाया। कई बहनों की आंखों में भाईयों को देख आंसू छलक आए। जेलर डीके वर्मा ने बताया कि जेलर डीके वर्मा ने बताया कि भैया दूज पर 332 महिला व 112 बच्चों की मुलाकात 188 पुरुष बंदियों से कराई गई।

## बहनों ने किया भाइयों का तिलक, महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया दूज पूजन

**मूड़ा सवारान, अमृत विचारः** भैया दूज पर बहनों ने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर मिठाई खिलाई, भाइयों ने बहनों को दक्षिणा दी और चरण छूकर आशीर्वाद लिया। बृहस्पतिवार को भैयादूज त्योहार पर घरों में बहनों ने चौक बनाकर कर छह भाई, धनुष बाण, सातवीं सताना बहन, सूर्य, चंद्र, गंगा, यमुना, सरस्वती की आकृतियां बनाकर दूज पूजन कर भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया, वहीं भाइयों ने भी श्रद्धापूर्वक बहनों को धनराशि व उपहार दिए। इस दौरान बहन भाइयों ने आपस में खुशियां बांटी। सुबह से ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किये।



भाई दूज पर भाई को टीका करती बहन।



भाई दूज पर चौक बनाकर पूजा करती महिलाएं।

# सिंगाही रामलीला मेले का भूमि पूजन सम्पन्न

संवाददाता, सिंगाही



रामलीला मेले के लिए भूमि पूजन करते डॉ. एमआर सेठी व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** सिंगाही में नगर पंचायत के मेला मैदान में आयोजित रामलीला मेले का भूमि पूजन संपन्न हो गया। भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित प्रशांत पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ, जबकि प्रमुख अनुष्ठान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एमआर सेठी द्वारा संपन्न कराया गया।

मेला समिति के महामंत्री प्रवीण शाह ने बताया कि मेला 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान दिन में रामलीला का मंचन और रात्रि में नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद भी उभरा। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह का नाम और फोटो पोस्टर के माध्यम से प्रचारित किया गया था, लेकिन जिलाध्यक्ष भूमि पूजन में नहीं पहुंचे। इस कारण यह विषय चर्चा का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, पूर्व चेयरमैन उत्तम मिश्र, भाजपा नेता रामप्रकाश सोनी, सुनील बत्रा, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, सभासद रामनरेश गुप्ता, प्रभात शुक्ल, अमर गुप्ता, जोगेंद्र शाक्य, राहुल सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि मेले का आधिकारिक परमीशन नहीं हुआ था, लेकिन निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी शिवम सिंह के निर्देश पर सिंगाही पुलिस ने भूमि पूजन में सुरक्षा व्यवस्था और शिरकत की।

- भाजपा जिलाध्यक्ष के न आने से चर्चाओं का बाजार गर्म

## धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बना रहा युवक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला निवासी युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह नगर के कालेज में पढ़ाई करती है। नीमगांव थाना क्षेत्र के कसबा सिकंद्राबाद निवासी परवेज को किसी माध्यम से उसका नंबर मिल गया, जिसने बात करनी शुरू कर दी, मोबाइल पर चैट भी करने लगा। उसके बाद परवेज धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा तो युवती ने बात करना बंद कर दिया। युवती का कहना है कि परवेज ने मोबाइल पर मैसेज किया कि इस्लाम धर्म कबूल कर शादी कर लो, वरना वह फोटो और चैट वायरल कर उसे जान से मार डालेगा। भयभीत युवती ने परवेज के नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## झाड़ियों से घिरी सड़क पर हादसों का खतरा

**भानपुर, अमृत विचार :** नौगवा से बहादुरनगर होते हुए भीरा हाईवे को जोड़ने वाला लिंक मार्ग लोक निर्माण विभाग की अनदेखी का शिकार है। करीब 20 किलोमीटर मार्ग पर दोनों ओर उगी घनी झाड़ियां और जमा घूरों ने सड़क को संकरा बना दिया है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है। आए दिन वाहन भी हादसे का शिकार हो रहे हैं। यह मार्ग नौगवा, नोरंगाबाद, पड़रिया पूर्वा, पल्हनापुर, अंबारा, बहादुरनगर, सिक्ख टांडा, पड़रिया तिलकापुर, महेशपुर और धर्मापुर सहित लगभग 35 से 40 गांवों को जोड़ता है। यही सड़क गोला से भीरा जाने वालों के लिए 12 से 15 किलोमीटर का शॉर्टकट है, इसलिए यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन और राहगीर गुजरते हैं। स्थानीय निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि झाड़ियों की वजह से सड़क इतनी संकरी हो गई है कि दो वाहन एक साथ गुजरते समय पैदल यात्रियों के लिए जगह नहीं बचती। गुरुवार को बिजुआ जाते समय ट्रैक्टर को साइड देते वक्त उनकी गाड़ी गहरे गड्ढे में गिरते-गिरते बची। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे अतिक्रमण, खेतों में मिलाई गई भूमि और कंटीले तारों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। झाड़ियों के कटान की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार व जेई की है, लंबे समय से किसी ने ध्यान नहीं दिया।

# अन्नकूट पर्व पर हुए विभिन्न आयोजन, भंडारा भी हुआ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** अन्नकूट पर्व पर जिले में विभिन्न आयोजन किए गए। कस्बा खीरी टाऊन स्थित करीब साढ़े पांच सौ साल पुराने, श्री गोपेश्वर महादेव व राघवेंद्र सरकार श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान राघवेंद्र सरकार का भोग और पूजा आदि की गई। साथ ही धार्मिक गोष्ठी में विद्वानों ने भगवान राम व भारतीय संस्कृति पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान भजनों पर उपस्थित पूरा भक्त समुदाय झूमता नजर आया।

खीरी टाउन स्थित पक्का तालाब के राघवेंद्र सरकार मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की शुरुआत, प्रातःकाल सुंदरकांड पाठ से की गई। सुंदरकांड समापन के बाद धार्मिक गोष्ठी शहर के संस्कृत विद्वान डॉ. ओंकार नारायण दुबे के संचालन में की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार संघ के पूर्व अध्यक्ष, राम कारसेवक राजकुमार त्रिवेदी ने की। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र पर पूर्व प्रधानाचार्य दयानंद शुक्ला ने कहा कि राम सिर्फ भजन नहीं, बल्कि आचरण या आदर्श के लिए एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व हैं। उन्होंने कहा कि राम ने मर्यादा या जो आदर्श की स्थापना की वह आदर्श आज भी प्रत्येक भारतवासी के लिए जीवन की सीमा रेखा है। हिंदी के विद्वान प्रोफेसर डा.सत्येंद्र दुबे ने कहा कि सामाजिक जीवन में राम ने जो आदर्श स्थापित किए, वे समाज में ग्रहण करने योग्य हैं। गोष्ठी में शिवकांत मिश्रा, विपुल सेठ, ऋतुराज माधव, डॉ. प्रदीप टंडन, संजीव त्रिवेदी, ज्ञान स्वरूप शुक्ल, सत्येंद्र द्विवेदी, मनीष मिश्र ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान शहर परिवार के विष्णु गोपाल शेखर, युवराज शेखर, रमन शेखर, रजत शेखर समेत परिवार के सभी लोग मौजूद रहे। आभार मंदिर के प्रबंधक राम गोपाल शेखर ने किया।



सुंदरकांड पाठ में मौजूद पुरोहित कुबेर नाथ, प्रबंधक रामगोपाल शेखर व अन्य।

### भगवान को लगाया व्यंजनों का भोग

**गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में संस्कृत पाठशाला स्थित मंदिर में अन्नकूट का पर्व विशेष पूजा, आरती और श्रृंगार के साथ श्रीकृष्ण भगवान को विविध व्यंजनों का भोग लगाकर धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। नगर के अलीगंज रोड स्थित प्राचीन संस्कृत पाठशाला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दीपोत्सव की रौनक के बाद आस्था और भक्ति का पर्व अन्नकूट महोत्सव उल्लास से मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण को कई प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर पूजन, हवन, आरती, पंचामृत अभिषेक किया गया। मंदिर भक्ति और परंपरा से सराबोर रहा। पंडित केशव राम शुक्ल ने बताया कि इस वर्ष दो दिन अमावस्या होने के चलते गोवर्धन और अन्नकूट पूजा एक ही तिथि पर की गई है। मंदिर में वेद मंत्रों के बीच पूजा, अर्चना के बाद देर शाम को हवन, पूजन, आरती के बाद भक्तों ने श्री राधा कृष्ण दरबार के दिव्य दर्शन किये और भगवान के चरणों में भोग अर्पित कर पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर पंडित नारायण, मयंक शुक्ला, विमलेश मिश्रा, डॉ. पीयूष शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, विनीत सिंह भदोरिया, विमलेश मिश्रा, सौरभ पांडे, अरुण बाजपेई, घनेश्वर मिश्र, कृष्णा वा, आनंद सिंह चौहान, पवन वर्मा, रामसागर वर्मा, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

- श्रद्धालुओं ने भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

### द्वापर युग में शुरू हुई अन्नकूट की परंपरा

मंदिर के महंत आशुतोष गिरि ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि द्वापर युग में ब्रज क्षेत्र के वासी भगवान इंद्र की पूजा करते थे। इंद्र को इसका बड़ा घमंड था। श्री कृष्ण भगवान ने ब्रज क्षेत्र वासियों को समझाया कि गोवर्धन पर्वत से वायु, अन्न, घास आदि मिलती है, इसलिए गोवर्धन की पूजा की जाए। इस पर इंद्र ने क्रोधित होकर सात दिनों तक घनघोर बारिश की। तब भगवान श्री कृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को धारणकर इंद्र के अभियान को तोड़ा। बाद में इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी। इसके बाद माता यशोदा एवं ब्रज क्षेत्र वासियों ने विविध व्यंजनों का भोग लगाकर सुख, समृद्धि की कामना की। तभी से गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट पर्व मनाने की परंपरा शुरू हुई।

# पराली जलाने पर प्रशासन ने अपनाया सख्त रुख

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जिलेभर में जागरुकता अभियान तेज, होर्डिंग भी लगाए
- एडीएम की अपील, धरती मां को राख नहीं, खाद चाहिए

**अमृत विचारः** पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटने और वातावरण प्रदूषित होने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने जागरुकता की मुहिम तेज कर दी है। जिलेभर में जगह-जगह जागरुकता होर्डिंग लगाए गए हैं, जिन पर किसानों को संदेश दिया गया है कि फसल अवशेष को न जलाएं, इन्हें खाद बनाएं।

एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पराली जलाने से न सिर्फ मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है, बल्कि हवा भी जहरीली बन जाती है। इससे मनुष्य और पशुओं दोनों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। कहा कि वेस्ट डीकंपोजर का उपयोग कर किसान पराली को खेत की जैविक खाद में बदल सकते हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि होती है। किसानों से अपील करते हुए कहा कि धुआं खेत की जान लेता है, डीकंपोजर उसे नया जीवन देता है। धरती मां को राख नहीं, खाद चाहिए।

**किसानों को बांटे निःशुल्क वेस्ट डीकंपोजर :** गुरुवार को तहसील मोहम्मदी के सुंदरपुर कोरीगवां, देवलरिया, लौकीखेड़ा, सहजनिया, मुकुंदपुर, पड़सर, मूड़ा निजाम, उमरपुर पिपरिया कप्तान, मझिगवां, मूड़ा गालिब, शिवपुरी और लहरिया सहित कई गांवों में प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार ब्लॉक बेहजम, पसगवां, कुंभी और गोला क्षेत्रों में भी किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया गया।

फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि विभाग ने उपयुक्त स्थलों पर आकर्षक होर्डिंग और वॉल पेंटिंग लगवाकर किसानों को जागरूक किया है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि पराली जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है, जबकि डीकंपोजर से उसे खेत में मिलाने पर मिट्टी को नई ऊर्जा मिलती है।

### फसल अवशेष प्रबंधन की दी जानकारी

पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटने और वातावरण प्रदूषित होने की समस्या से निपटने के लिए प्रशासन ने जिलेभर में फसल अवशेष प्रबंधन अभियान तेज कर दिया है। कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही निशुल्क वेस्ट डीकंपोजर का वितरण किया, जिससे किसान फसल अवशेषों को जैविक खाद में बदल सकें। उप निदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने बताया कि यदि एक टन फसल अवशेष को काटकर खेत में मिलाया जाए तो लगभग 5 किलोग्राम नाइट्रोजन, 2 से 2.5 किलोग्राम फास्फोरस तथा 5 किलोग्राम पोटाश की पूर्ति स्वतः ही मिट्टी को हो जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन से मिट्टी को एनपीके तत्वों के साथ कई सूक्ष्म पोषक तत्व भी मिलते हैं और ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा में वृद्धि होती है। उदाहरण के तौर पर यदि एक हेक्टेयर भूमि में 50 कुंतल धान की उपज होती है, तो उससे लगभग 5 मीट्रिक टन पुआल प्राप्त होता है, जिससे 25 किलो नाइट्रोजन, 10 से 15 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटाश मिट्टी को वापस मिल सकता है।

## अश्लील वीडियो बनाने पर बजरंग दल से निष्कासित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने नगर निवासी अरविंद कश्यप को अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में संगठन से निष्कासित कर दिया है। जिलाध्यक्ष राकेश कनौजिया ने बताया कि अरविंद कश्यप को 20 दिन पहले ही एक कार्यकर्ता के कहने पर धार्मिक रैली में संगठन से जोड़ा गया था। उनसे वादा किया था कि वह धार्मिक वीडियो बनाएंगे, लेकिन वह अपने वादे पर खरे नहीं उतरे और अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड करते रहे। उन्हें संगठन से निष्कासित कर दिया और चेतावनी दी कि अगर वह आगे भी अश्लील एवं अभद्र भाषा का वीडियो बनाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को बचाने की कोशिश में इंस्पेक्टर व दीवान निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कुछ महीने पहले दर्ज हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी शिक्षक को बचाने के लिए रुपये मांगने के आरोप में सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर अपराध हरिप्रकाश और मालखाना प्रभारी दीवान सुधीर कुमार को एसपी ने निलंबित कर दिया है। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। दीवान पर अपराधियों से साठगांठ के भी कई गंभीर आरोप लग रहे थे।

करीब छह महीने पहले बेसिक शिक्षा विभाग की एक महिला शिक्षिका ने मितौली स्थित नवोदय विद्यालय के शिक्षक राजू सरोज पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस प्रकरण की जांच इंस्पेक्टर अपराध हरि प्रकाश और दीवान सुधीर कुमार कर रहे थे। जांच के दौरान महिला शिक्षिका ने शिकायत की कि दोनों पुलिसकर्मी आरोपी को दुष्कर्म की धारा से बचाने के बदले रुपये की मांग कर रहे थे।

शिक्षिका ने सीधे एसपी संकल्प शर्मा से मिलकर पूरे मामले की शिकायत की और निष्पक्ष जांच की मांग की। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर पर जांच कराई। जांच में दोनों पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। इसके बाद एसपी ने इंस्पेक्टर अपराध हरि प्रकाश और दीवान सुधीर कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को यदि भ्रष्टाचार या अपराधियों से मिलीभगत करते पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- दीवान पर अपराधियों से गठजोड़ के भी लग रहे हैं कई गंभीर आरोप

### दीवान के मोबाइल नंबर की जांच से खुलेगा गठजोड़

सूत्रों ने बताया कि सदर कोतवाली में तैनाती के बाद से ही दीवान सुधीर कुमार पर अपराधियों से गठजोड़ और अनुशासनहीनता के आरोप लग रहे थे। बताते हैं कि अपराधियों की पैरवी करने और पूर्व शहर कोतवाल रहे हेमंत राय की मिलीभगत से दीवान सुधीर कुमार पर एफआईआर से लेकर मामलों के निस्तारण तक बड़े पैमाने पर खेल करने के आरोप लग रहे थे। पुलिस सूत्रों का दावा है कि यदि दीवान के मोबाइल नंबर की विभाग जांच करा लें तो खुद ही गठजोड़ का खुलासा हो जाएगा। दुष्कर्म के इस ताजा प्रकरण ने एक बार फिर पुलिस महकमे की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## त्यौहारों के चलते पानी सा पतला दूध बिका

**पलिया कलां, अमृत विचार:** पर्याप्त घास- फूस, झाड़ी- जंगल से आबाद पलिया क्षेत्र के बहुसंख्यक ग्रामीणों व फार्मरों द्वारा दुधारू पशु गाय, भैंस, बकरी पालने के बावजूद पलिया नगरवासी दीपावली सहित अन्य त्यौहारों पर इस बार पर्याप्त कीमत अदा करने के बावजूद पानी सा पतला दूध खरीदने को मजबूर हुए। जिम्मेदारों द्वारा इस बीच आम आदमी की इस बड़ी समस्या की ओर न तो कोई ध्यान दिया और न ही किसी दूधिया का सैंपल भरने की कोई सूचना ही प्राप्त हुई।

यहां के अधिकतर फार्मर व ग्रामवासी दुधारू पशु पालने का शौक रखते हैं, जिनसे उत्पादित क्विंटलों दूध पलिया नगर ही नहीं लखीमपुर और सीतापुर तक रोजाना जाता है, लेकिन त्यौहारों पर अधिक कमाई कर लेने के चक्कर में नगर को दूध सप्लाई करने वाले दूधिए, जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते दूध में पानी की मात्रा अधिक बढ़ाने से नहीं चूकते। यही कारण रहा कि इस बार धनतेरस, छोटी दिवाली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूइज के मौके पर शहर के अधिकतर रहने वालों को मुंह मांगा दाम देकर भी पानी सा पतला दूध खरीदने को मजबूर होना पड़ा।

# श्री धर्मादा समिति का गोशाला में शुरू हुआ गोपाष्टमी महोत्सव

### रोट्रेक्ट क्लब यूथ ने चलाया स्वच्छता अभियान, गो सेवकों को स्वच्छता अपनाने की दिलाई शपथ



गोला की गोशाला में सफाई करते रोट्रैक्ट क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार



सेवानिवृत्त सफाई कर्मियों को सम्मानित करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** श्री धर्मादा समिति ने गोशाला में 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक होने वाले 17वें गोपाष्टमी महोत्सव की शुरुआत हो गई है।

पहले दिन रोट्रेक्ट क्लब यूथ ने मुख्य अतिथि समाजसेवी इं. शांतुन गोस्वामी के आतिथ्य में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। उन्होंने गो सेवकों को स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई। नगर के गोशाला में गोपाश्टमी महोत्सव की शुरुआत कराकर मुख्य अतिथि समाजसेवी इंजीनियर शांतुन गोस्वामी ने कहा कि समाज सेवा हमारे मन की सोच से होती है। समय सबके पास एक जैसा ही होता है, लेकिन गोवंश की सेवा से मन को शांति मिजती है।

**गोपाष्टमी महोत्सव में आज**

श्री धर्मादा समिति गोशाला में लायंस क्लब गोला द्वारा गौ स्वास्थ्य परीक्षण सुबह नौ बजे से।

नगर पालिका परिशद से सेवानिवृत्त पालिका के सफाईकर्मी राजू बाल्मीकि और किशोर बाल्मीकि को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजक/ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने शाल ओढ़ाकर, स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित कर स्वच्छता अभियान के आयोजक रोट्रेक्ट क्लब यूथ, अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य की जननी है।

इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए और प्रतिदिन गौ माता की सेवा करने से जीवन धन्य हो जाता है। इस मौके पर रोट्रेक्ट क्लब यूथ अध्यक्ष सर्वेन्द्र अनुराग वर्मा, कोषाध्यक्ष आनंद प्रताप सिंह, कार्यक्रम प्रभारी कुलदीप तिवारी, कर्मसिंह, आदेश वर्मा, पटेल सुशील वर्मा, ठाकुर गौरीश सिंह, श्याम राजपूत, डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. दिलीप, धीरज बाजपेयी, लवकुश अवस्थी, अविनाश गुप्ता, विकास मिश्रा, सुरेश ठाकुर, शत्रोहन मिश्रा, श्याम सिंह कुशवाहा सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।

## रुपयों के लेनदेन के विवाद में चलीं तलवारें, 3 घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद निवासी बड़के, सलीम और मतीन अपने जानने वाले इम्तियाज से उधार दिए रुपये मांगने गुरुवार को गए थे। बताया जाता है कि उन्होंने जाकर रुपये मांगे तभी इम्तियाज आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उसने तलवार से बड़के पर वार कर दिया।

इस दौरान इम्तियाज के साथ उसके परिवार के लोग आजाद, शादाब, अल्ताफ, रफात और रहीस भी शामिल हो गए और लाठी-डंडों से तीनों भाइयों की बेरहमी से पिटाई कर दी। हंगामे के दौरान सलीम के नाक पर तलवार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बड़के और मतीन को भी गहरी चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन माह से अधूरा पड़ा बेला खुर्द-बड़े बेला मार्ग



हाईवे से बेला खुर्द गांव जाने वाला पथरीला मार्ग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझगईं

- आए दिन दो पहिया वाहनों के फिसलने से लोग हो रहे चोटिल

**अमृत विचार:** पलिया ब्लॉक के बेला खुर्द गांव से बड़े बेला खुर्द तक जाने वाला करीब एक किलोमीटर लंबा मार्ग पिछले तीन महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क निर्माण के लिए डाले गए पत्थर अब राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। इन पत्थरों के कारण आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग ने लगभग तीन माह पूर्व इस क्षतिग्रस्त मार्ग पर पत्थर डालकर निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन इसके बाद काम अधर में लटक गया। विभाग की इस लापरवाही से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क बेला खुर्द से पलिया–निघासन हाईवे को जोड़ती है और हजारों लोगों का दैनिक आवागमन इसी मार्ग से होता है।

मार्ग पर पड़े पत्थर अब हादसों का कारण बन रहे हैं। कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं, बावजूद इसके विभागीय अधिकारी मौन हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शीघ्र सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि हादसों से बचा जा सके और आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो सके।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** शहर की राजापुर रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार की रात एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। शव की पहचान न होने पर जीआरपी ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

जीआरपी प्रभारी राम सहाय ने बताया कि शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## तीन माह से भटक रही पीड़िता और उसकी मां

संवाददाता, कुकरा

- एसपी से भी लगा चुकी न्याय की गुहार, अब मुख्यमंत्री सुनाएंगी अपना दुखड़ा

**अमृत विचार:** थाना गोला क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता को गांव भुड़वारा का युवक शादी का झांसा देकर शोषण करता रहा। शादी करने से मुकर जाने पर पीड़िता ने अपनी मां के साथ कोतवाली और एसपी आफिस तक गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई न होने पर उसने मुख्यमंत्री को अपना दुखड़ा सुनाने की ठान ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भुड़वारा निवासी इमरान कुरैसी एक युवती का तीन वर्षों से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता की मां को भनक लग गई तो उन्होंने पीड़िता की शादी बे आबरू होने से बचने के लिए अन्य जगह कर दी। मगर इमरान कुरैसी ने पीड़िता से बात करना नहीं बंद किया, जिसकी भनक उसके पति को लग गई तो उसने अपनी पत्नी को छोड़ दिया।

युवती का कहना है कि इमरान अपनी चाल में कामयाब हो गया और पीड़िता को विश्वास में लेकर फिर से उसकी आबरू के साथ खेलता रहा। तब पीड़िता की मां ने शादी करने का दबाव इमरान कुरैसी पर डाला जिसे वह लगातार टालता रहा। नौ जुलाई को पीड़िता की मां ने इमरान कुरैसी के घर जाकर शादी की बात करने लगी तब इमरान कुरैसी, उसकी मां शमशुल निशा और नानी आलमुन, इमरान के मामा छोटे उर्फ तोता ने शादी करने से मना कर दिया, साथ ही गाली गलौज, मारपीट करके घर से भगा दिया।

पीड़िता की मां ने नौ जुलाई को कोतवाली गोला में प्रार्थना पत्र दिया परन्तु पीड़िता के साथ न्याय नहीं किया। हताश होकर 14 जुलाई को एसपी खीरी को भी प्रार्थना पत्र दिया लेकिन सिर्फ निराशा ही मिली। उनका कहना है कि कार्रवाई पुलिस करना चाहे तो काल डिटेल से सारे मामले का खुलासा हो जाएगा। मां और बेटी ने ठान लिया है कि अब सूबे के मुख्यमंत्री के सामने पेश होकर पीड़िता न्याय और कार्यवाही की मांग करेगी। साथ ही महिला आयोग और उच्चाधिकारियों को भी पत्र के माध्यम से शिकायत भेजेगी।

# सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत, छह लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी, पिकअप ने मारी बाइक को टक्कर

**अमृत विचार:** अमृत विचार: थाना खीरी की पुलिस चौकी व कस्बा ओयल में सीतापुर फोरलेन पर भीषण हादसा हो गया। पुलिस चौकी के पास ब्रेजा कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

हादसे में कार सवार छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल ने लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं अमीरनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो भाई घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहला हादसा बुधवार की देर शाम कस्बा ओयल में पुलिस चौकी के पास हुआ। बताते हैं कि कार सवार लखीमपुर की तरफ से सीतापुर की ओर जा रहे थे। कार काफी तेज रफ्तार में थी। अचानक वह अनियंत्रित होकर पुलिस चौकी के निकट डिवाइडर से टकराकर पलट गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग और पुलिस मौके पर पहुंची।

कार की खिड़कियों को तोड़कर उसमें फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला गया। सभी को एंबुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा गया, जहां पर डॉक्टर ने लखीमपुर शहर के मोहल्ला गुलजार नगर निवासी आवान (26) को मृत घोषित कर दिया, जबकि हालत गंभीर होने पर समीर, कल्लू और अमन कुरैशी को डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लखनऊ ले जाते समय अमन कुरैशी ने भी दम तोड़ दिया।

घायल, कल्लू, संतराम और थाना नीमगांव के कस्बा सिकंद्राबाद निवासी समीर खान का उपचार चल रहा है। उधर हादसे की खबर मिलते ही मृतकों और घायलों के परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे, जहां आवान का शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिए हैं। एसओ निराला तिवारी ने बताया कि कार में कुल छह लोग सवार थे। कार से कुछ शराब व पानी की बोतलें भी बरामद हुई हैं। दूसरा हादसा गुरुवार को अमीरनगर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। अमीर नगर पुलिस चौकी के गांव पीरपुर निवासी अंबुज मिश्रा (25) पुत्र पंकज मिश्रा अपने दो अन्य छोटे भाइयों कमल किशोर मिश्रा व सचिन मिश्रा के साथ अपनी बड़ी बहन के घर पचपेड़वा थाना फरधान जा रहा था। अमीर नगर झाऊपुर के रास्ते में इंदिरा नगर से थोड़ा आगे निकलते ही सामने से आ रही पिकअप ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे अंबुज मिश्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठे दोनों भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर अमीर नगर पुलिस चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने दोनों वाहन कब्जे में लिए हैं।






# चोरी के आरोप में दो पक्ष भिड़े, 8 घायल

संवाददाता, मझगईं



घायल फूलन देवी।



घायल जगनेश्वर।

- घायलों में गर्भवती भी शामिल, पुलिस ने मेडिकल परीक्षण को भेजा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मुर्गहा गांव में बीस हजार रुपये की चोरी के आरोप को लेकर सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो महिलाएं और एक गर्भवती महिला भी शामिल है। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव मुर्गहा निवासी फूलन देवी पत्नी सौदागर ने आरोप लगाया कि बुधवार की शाम मोहन, गब्बर, शिवपूजन आदि लोग घर के सामने उनकी पुत्री सोनम को गालियां दे रहे थे। मना करने पर उन लोगों ने सोनम की पिटाई कर दी। जब परिवारजन बचाने पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया, जिससे पुत्र शिवनारायण, आकाश, रामनिवास और गर्भवती फूलन देवी घायल हो गए। फूलन देवी के पुत्र शिवनारायण ने बताया कि रात में घर से बीस हजार रुपये की नकदी चोरी हो गई थी। इसी आरोप को लेकर विपक्षी पक्ष ने गुरुवार सुबह लाठी-डंडों और बांकों से हमला कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के मोहकम, उमेश, जगनेश्वर और एक किशोरी घायल हुए हैं। मोहकम का कहना है कि चोरी का आरोप झूठा है। मंगलवार को महिलाओं के बीच मामूली विवाद हुआ था, उसी रंजिश में उनके परिवार पर हमला किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए कस्बे की पीएचसी भेजा, लेकिन वहां ताला बंद मिलने पर सभी को पलिया सीएचसी रेफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मिली है। दो बच्चों के विवाद के चलते झगड़ा हुआ था। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मानसिक मंदित वृद्ध ने फंदा लगाकर दी जान

**केशवापुर, अमृत विचार:** थाना हैदराबाद की अजान पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव तकिया में 55 वर्षीय मानसिक मंदित वृद्ध ने अपने घर के बाहर बने पशुबाड़े में पाइप के सहारे गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान हरिचंद के रूप में हुई है, जो अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि हरिचंद मानसिक मंदित था। बुधवार देर रात उन्होंने घर के बाहर पशुबाड़े में पाइप के सहारे गमछे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार वाले उठे तो उन्होंने हरिचंद का शव लटकता देखा और पुलिस को सूचना दी। अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस जांच कर रही है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# भाई की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मितौली

- दीपावली की शाम की थी भाई की हत्या

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के कस्ता कस्बे में भाई की हत्या कर भागे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेजा है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद होने का दावा किया है।



बंटी कश्यप।

कस्ता कस्बे के रहने वाले स्व.राजाराम का बेटा बंटी कश्यप दीपावली की रात करीब 10 बजे शराब के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा था। वह घर में मौजूद अपने छोटे भाई सतीश से पैसे मांगने लगा। सतीश ने जब पैसे देने से मना किया था। तब दोनों भाइयों में कहासुनी शुरू हो गई थी। धीरे धीरे कहासुनी से बात मारपीट तक पहुंच गई थी। इसी दौरान शराब के नशे में धुत बंटी धारदार हंसिया ले आया और अपने छोटे भाई भाई सतीश (21) की गर्दन काट कर उसकी हत्या कर दी थी और भाग गया था।

थाना प्रभारी रविन्द्र सोनकर ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी विजेंद्र कुमार कश्यप उर्फ बंटी को मढ़िया बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

## युवकों ने घर में घुसकर गृहस्वामी को पीटा

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना व कस्बा खीरी टाउन के खत्री टोला मोहल्ले में एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर युवक पर हमला कर दिया। विरोध पर पीड़ित की मां और बहन के साथ बदसलूकी की।

खत्री टोला निवासी बानो पत्नी हबीबुल्ला ने बताया कि बुधवार की रात करीब आठ बजे उनका बेटा इमरान घर के बाहर खड़ा था। तभी सोनू पंडित शराब के नशे में वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। इमरान के विरोध करने पर वह चला गया, लेकिन करीब आधे घंटे बाद वह अपने साथियों मोनू, सानू उर्फ मनीष, प्रिंस, लवकुश, अंकुल तथा तीन-चार अज्ञात युवकों के साथ वापस आया। आरोप है कि सभी लोग घर में घुस आए और गालियां देते हुए इमरान को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सोनू ने जान से मारने की नीयत से इमरान के सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसकी मां बानो और बहन वसीकुन बचाने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनसे अभद्रता व मारपीट की। उन्होंने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने घायल इमरान को अस्पताल भेजा। थाना खीरी प्रभारी निराला तिवारी ने बताया कि सोनू पंडित व अन्य के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# पत्नी के फांसी लगाने पर पति ने शारदा में लगाई छलांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एनडीआरएफ टीम नदी में कर रही तलाश
- कई दिनों से दोनों के बीच चल रहा था विवाद

**अमृत विचार:** पति-पत्नी के बीच चल रहे घरेलू कलह में गुरुवार को एक ओर पत्नी ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, वहीं घटना से आहत पति ने थाना खमरिया क्षेत्र में ऐरा पुल से शारदा नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनडीआरएफ की टीम युवक की तलाश कर रही है, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। घटनाओं से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

बताया जाता है कि कोतवाली क्षेत्र के कहारनपुरवा मजरा बम्हौरी निवासी गोलू उर्फ रामनिवास का अपनी पत्नी पूनम उर्फ पूना देवी (26) से लंबे समय से विवाद चल रहा था। आए दिन के झगड़ों से परेशान पत्नी ने गुरुवार तड़के करीब तीन बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजनों ने पूनम को फंदे पर झूलता देखा तो चीख-पुकार मच गई। पत्नी की मौत की खबर सुनकर गोलू उर्फ रामनिवास गहरे सदमे में चला गया। उसने घर से निकलकर खमरिया थाना क्षेत्र के ऐरा पुल पर पहुंचकर शारदा नदी में छलांग लगा दी।

देखते ही देखते वह पानी में समा गया। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर परिवार के लोग और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी नदी में तलाश कराई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। कुछ घंटों बाद पहुंची एनडीआरएफ की टीम मोटर बोट के साथ नदी में उतरी और उसकी तलाश शुरू कर दी है। इधर मौके पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। गांव के लोगों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से झगड़े बढ़ गए थे। ग्रामीणों के अनुसार गोलू पत्नी को बेहद प्यार करता था और उसकी मौत की खबर सुनते ही मानसिक संतुलन खो बैठा। थाना प्रभारी खमरिया ने बताया कि पुलिस व एनडीआरएफ टीम युवक की तलाश में जुटी है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।



युवक की नदी में तलाश करती एनडीआरएफ की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार



## ब्रीफ न्यूज

### पिता ने बेटी को कुएं में लटकाया, हाथ छूटा और जान गई

**सीतापुर, एजेंसी :** जिले के मिसरिख पुलिस थाने के जगन्नाथपुर गांव में शराब के नशे में एक पिता ने अपनी 11 साल की बेटी को कुएं में लटकाकर डराने की कोशिश की, लेकिन हाथ छूट गया और गिरने से बच्ची की मौत हो गई। यह घटना 21 अक्टूबर की देर रात मिसरिख पुलिस थाने के जगन्नाथपुर गांव में हुई। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने गुरुवार को बताया कि आरोपी श्रवण कुमार शराब का आदी है। वह नशे में घर आया और अपनी बेटी लक्ष्मी से खाना मांगा। उसने कहा कि खाना तैयार नहीं है, तो वह गुस्से में आ गया और उसे डराने के लिए कुएं में लटकाने की कोशिश की। उसका हाथ छूट गया और बेटी कुएं में गिर गई। यह देखकर, पिता उसे बचाने के लिए कूदा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पड़ोसियों ने रस्सी का इस्तेमाल करके दोनों को बाहर निकाला, लेकिन लड़की की मौत हो चुकी थी।

### ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत दो घायल

**बागपत, एजेंसी :** जिले में गुरुवार को एक ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। चांदीनगर थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि लहचौड़ा-गौना मार्ग पर स्थित एएसपी महादेव ब्रिक फील्ड में रोजाना की तरह गुरुवार को भी काम चल रहा था। ईंटें भरते समय अचानक दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। सिंह ने बताया कि दीवार गिरने से भट्ठे के दिनेश यादव (50) और राजेंद्र (60) समेत चार मजदूर मलबे में दब गए, अन्य मजदूरों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकाला। राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश यादव ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान कानपुर निवासी टीररी (45) और पल्लू (36) के रूप में हुई है, जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना बिलसंडा क्षेत्र के गांव मुड़िया बिलारा निवासी गुड्डी ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी रूबी की शादी तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी वीरेश के साथ की थी। बुधवार (22 अक्टूबर 2025) को वह अपनी बेटी रूबी को ससुराल में छोड़ने के लिए गई थी। आरोप है कि ससुराल पहुंचते ही वीरेश, उसका भाई राजवीर, अखन और बहन नीतू ने उसे व उसकी बेटी को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटा। इस दौरान रूबी को गंभीर चोटें आईं।

# मुठभेड़ में तीन गो तस्करों का पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर

## पुलिस और गौ-तस्करों के बीच हुई फायरिंग में एक पुलिसकर्मी भी हुआ घायल

संवाददाता, बदायूं/ कुंवर गांव

**अमृत विचार :** गो तस्करों और थाना सिविल लाइन पुलिस के बीच गुरुवार की भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें तीन तस्करों के पैर में गोली लगी है। गो-तस्करों के साथ हुई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। तस्करों के पास से दो तमंचा कारतूस, एक तमंचा कारतूस व गौकशी करने वाले वाले उपकरण बरामद हुए हैं। तीन घायल गो-तस्करों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बीते बुधवार शाम राजमार्ग पर बीआरबी स्कूल के पीछे खेत में गोवंशीय के अवशेष मिले। आधा दर्जन से ज्यादा गोवंश के कटे हुए सिर मिले। ग्रामीणों की सूचना पर हिंदू संगठन के पदाधिकारी और पीपल्स फॉर एनीमल्स के अध्यक्ष विकेंद्र शर्मा पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस मामले में दबाने की कोशिश में थी। जेसीबी से गोवंश के अवशेष को दबाने का प्रयास किया। इसी दौरान संगठनों के पदाधिकारी गुस्सा गए और हंगामा करने लगे।





मुठभेड़ में घायल तस्करों को ले जाते पुलिसकर्मी।

- **गोवंश की हत्या के बाद हिन्दूवादी संगठनों ने किया था विरोध प्रदर्शन**

वह गोवंश का कटा हुआ सिर लेकर भगत सिंह पुलिस चौकी पहुंचे। राजमार्ग पर बैठकर प्रदर्शन किया। पुलिस मुर्दाबाद के नारे गाए। मौके पर वाहनों की कतार लग गईं। बिनावर, सदर कोतवाली, सिविल लाइन पुलिस के अलावा सदर एसडीएम मोहित कुमार सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा प्रदर्शनकारियों को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद गोवंशों के शवों को मिट्टी में दबाया गया।

गुरुवार की सुबह करीब चार बजे मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ संदिग्ध लोग आईटीआई कॉलेज के पास खड़े हुए हैं। इनके द्वारा ही गो-तस्करी की जाती है। सूचना मिलने के बाद थाना सिविल लाइन, कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम ने घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को तीन लोग आते दिखाई दिए। उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन गो-तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दी,

**इन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

मुठभेड के बाद पुलिस ने तीन गो-तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुछतांछ के बाद आरोपियों ने अपने नाम मुजाहिद, शाहरुख उर्फ हसनैन, असलम निवासी गांव दुगरैया थाना कुंवरगांव बताया है।

> मुठभेड़ में तीन गो-तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के द्वारा पुलिस को देखने के बाद गोली चलाई गई थी। गो-तस्करों की गोलीबारी में एक सिपाही घायल हुआ है। पुलिस द्वारा बचाव में चलाई गोली से तस्करों के पैर में गोली लगी है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेजा जाएगा।
> – **रजनीश उपाध्याय**, सीओ सिटी

जिसमें सिपाही कृष्ण कुमार गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस की ओर से भी सुरक्षा मे जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें जिसमें तीन तस्करों के पैर में गोली लगी। गोली लगने के बाद गो-तस्कर जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। सभी घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जमीन के बंटवारे के विवाद में तीन भाइयों में मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** थाना रायसत्ती क्षेत्र के गांव नाहरठेर में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घर और जमीन के बंटवारे को लेकर तीन सगे भाइयों के बीच चल रहा झगड़ा गुरुवार को गंभीर हो गया। दो भाइयों ने तीसरे भाई पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

नाहरठेर निवासी रफीक का अपने भाइयों दिलशाद और तहजीब से लंबे समय से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद है। कई बार दोनों पक्षों में कहासुनी और झगड़ा हो चुका है, जिसे गांव के बुजुर्गों और पंचायत ने समझौते के जरिए शांत कराया था। गुरुवार दोपहर रफीक आलू की बोरियां लेकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे दिलशाद और तहजीब ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में रफीक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा।

उसकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी दोनों भाई भागने में कामयाब रहे। घायल रफीक किसी तरह थाने पहुंचा और अपने दोनों भाइयों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव खेतिहर इलाके में फंदे पर लटका मिला। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के कस्बा उघैती शर्की के जंगल में शाम पांच बजे के करीब एक शव पेड़ पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरकर शिनाख्त के प्रयास

- **पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

किया। मृतक की पहचान उघैती शर्की निवासी रंजीत पुत्र इतवारी लाल (42) के रूप में हुई।

घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर दौड़ पड़े। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया युवक का शव नीम के पेड़ पर लटका मिला था। पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फिलहाल परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# सरकारी योजना में लाभ दिलाने के नाम पर निर्धन महिलाओं से ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनिया के गांव बरसोला कलां निवासी इलियास ने सरकारी योजना का लाभ दिलाने के बहाने कई महिलाओं से लाखों रुपए हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खास बात यह है डेढ़ महीने में दुष्कर्म का एक व धोखाधड़ी के दो बड़े मामले दर्ज होने के बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

गांव बरसोला कलां निवासी जगरानी देवी, विभा देवी, कमला देवी आदि कई महिलाओं ने बताया कि उनके गांव का ही इलियास घर पर आया और अधिकारियों से अच्छी जान पहचान बताते हुए मुख्यमंत्री सुमंगला योजना व शादी अनुदान का रुपया सरकार

- **जालसाज पर डेढ़ महीने में दुष्कर्म समेत तीन मामले दर्ज**

> मुमहिलाओं की संयुक्त तहरीर के आधार पर इलियास के खिलाफ केस रजिस्टर्ड किया गया है। वह भागा हुआ है। पुलिस तलाश कर रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। –**पुष्पराज कुशवाहा**, प्रभारी निरीक्षक, तिकुनिया।

से दिलाने का झांसा दिया। वह सभी आरोपी के झांसे में आ गई। आरोपी ने कई उनके साथ ही कई महिलाओं से दस से 15 हजार रुपए ठग लिए। जब सरकारी किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला तो उन्होंने आरोपी से रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपी आज कल करते हुए उन्हें टरकाता रहा। दबाव बनाने पर आरोपी ने फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर मोबाइल भी बंद कर लिया। पीड़ित महिलाओं ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली तिकुनिया पुलिस को संयुक्त तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डेढ़ माह पहले दर्ज हुआ था धोखाधड़ी का पहला केस**

गांव बरसोला कलां निवासी इलियास के खिलाफ गांव की ही गीता देवी ने डेढ़ महीने पहले धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। उसने आरोपी पर ब्लैकमेल कर करीब चार लाख से अधिक रुपए ऐंठने का आरोप लगाया था। तीन दिन पहले एक महिला ने भी इलियास के खिलाफ झांसा देकर दुष्कर्म करने समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की तीसरी एफआईआर दर्ज हुई।

### पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर, अमृत विचार :** स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मधेपुरा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मृतका के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर निवासी नौबहार सिंह ने अपनी पुत्री पूजा उर्फ शीतल की शादी करीब 10 माह पहले स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम मधेपुरा निवासी प्रिंस पुत्र दयाराम सिंह के साथ की थी। बुधवार सुबह पूजा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया था कि दहेज को लेकर ससुराल पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा था और मांग पूरी न होने पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# लूट नहीं मारपीट का निकला मामला, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** किराने की दुकान से हुई लूटपाट का मामला झूठा निकला। पुलिस जांच में घटना मारपीट की निकली। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ तहरीर के आधार पर मारपीट में मुकदमा दर्ज किया है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव गुरगांव और मचलई के बीच नगर पंचायत गुलडिया के पूर्व चेयरमैन का ईंट भट्ठा है। इसी भट्ठे के नजदीक गुरगांव निवासी सर्वेश गुप्ता ने परचून की दुकान खोल रखी है। बुधवार की शाम उनकी दुकान पर ऑटो से दो लोग आए थे। उनके द्वारा कुछ सामान खरीदा खरीदा गया। सामान खरीदने के बाद दुकानदार सर्वेश गुप्ता ने रुपये मांगे। जिस पर उन लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी। मारपीट के

- **पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मारपीट में दर्ज की एफआईआर**

दौरान शोर शराबा सुनकर नजदीक भट्ठे की लेबर पर भी मौके पर पहुंच गई। भीड़ को देखकर आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद दुकानदार ने थाना पुलिस को मारपीट व लूट की सूचना दी थी। इसकी जांच करने पर पुलिस को पता चला कि मामला लूटपाट का नहीं मारपीट है। इस मामले में पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर गांव पस्तोर निवासी सत्यभान, हिमांशु, रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही एक आरोपी सत्य भान को गिरफ्तार कर किया है। थानाध्यक्ष मान बहादुर सिंह ने बताया की जांच में दुकान से सामान लेने के बाद रुपये न देने पर मारपीट हुई थी। जिसमें मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश जा रही है।

### परचून दुकानदार के साथ की मारपीट

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव खजरा खाकम में परचून के दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दुकानदार की दुकान का लैपटॉप तथा अन्य सामान भी टूट गया। दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

बहजोई के गांव निवासी देवेंद्र कुमार की अपने मकान में परचून की दुकान हैं। बुधवार रात गांव का ही विकास यादव किसी सामान को लेकर विवाद करने लगा और देखते ही देखते उसने देवेंद्र के साथ जमकर मारपीट प्रारंभ कर दी। जब दुकानदार की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची तो उसके साथ भी हाथापाई की गई। विकास यादव ने न केवल दुकान में तोड़फोड़ की बल्कि वहां रखे मोबाइल और लैपटॉप को भी तोड़ दिया। घटना दुकान में लगे और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से कैद हो गई है।

# युवक को छोड़ने के बदले मांगी फिरौती, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक युवक दो दिनों से लापता है। परिजन उसका अपहरण होने का आरोप लगा रहे है। उनका कहना है कि अपहरण करने वालों ने फिरौती में 50 लाख रुपये मांगे हैं। इसका आडियो वायरल हुआ है। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस में तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद थाना अलापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवार के अनुसार छोटा पुत्र तस्वीर अहमद निवासी वार्ड संख्या 21लकड़ी कटवाने का काम करता है। एक दिन पहले वह लकड़ी खरीदने के लिए बेहटा गांव गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों का आरोप है कि

- **50 लाख रुपये फिरौती मांगने का ऑडियो वायरल, पुलिस कर रही जांच**

उसका अपहरण कर लिया गया है। अपहरणकर्ता उसे छोड़ने के बदले 50 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। इस घटना का ऑडियो वायरल हो गया। अपहरणकर्ताओं का फिरौती का फोन आने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद थाना अलापुर पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह चौहान ने बताया कि एक युवक के लापता होने का मामला संज्ञान में आया है। परिजन फिरौती मांगे जाने का आरोप लगा रहे हैं। इसका ऑडियो भी उनके द्वारा सुनाया गया। परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### हसनपुर के युवक की गढ़मुक्तेश्वर में हादसे में मौत

**हसनपुर, अमृत विचार:** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी युवक सचिन वर्मा पुत्र स्व. सतीश चंद्र वर्मा 18 वर्षीय बुधवार देर शाम पड़ोसी गांव के युवक के साथ किसी काम से गढ़मुक्तेश्वर गया था। वापसी के दौरान मीरा की रेती लिंक मार्ग पर उसकी बाइक सामने से आ रही भैंसा बुग्गी से टकरा गई। टक्कर लगते ही बाइक चला रहे सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन रात में ही घटना स्थल को रवाना हो गए। सचिन छह बहनों का इकलौता भाई था। 10 वर्ष पहले उसके पिता की भी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

# एक चोर को भेजा जेल दूसरे की तलाश जारी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन एवं मोहल्ला संख्या आठ निवासी ओमप्रकाश सागर के घर में तमंचा लेकर चोरी करने के लिए बुधवार की शाम घुसे दो युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसमें एक आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही दूसरे फरार युवक की पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर ने बुधवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर में छत के रास्ते दो युवक तमंचा लेकर चोरी करने के उद्देश्य घर में घुस आए। जिसमें से एक युवक को उन्होंने मौके पर ही पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस



पुलिस की गिरफ्त में चोरी का आरोपी।

के हवाले कर दिया। जबकि दूसरा युवक मौके से फरार हो गया। जिसके बाद देर रात पुलिस ने उक्त शिकायत के आधार पर मोहल्ले के ही आकाश और अभिषेक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को अवैध तमंचे के साथ उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरा आरोपी पुलिस की पकड़ से फरार है।

### मारपीट कर महिला से रुपये छीने

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी राजवती पत्नी रोहतास का आरोप है कि बुधवार की देर रात वह अपने घर पर थी। तभी गांव के ही तीन लोग उसके घर पर आए और आते ही मारपीट करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए कहा कि जो भैंस बेची है। उसके रुपये कहां रखे हैं और वह दे दो वरना जान से मार देंगे। पीड़िता का कहना है कि डर की वजह से आरोपियों रुपयों के बारे में बता दिए तो आरोपी घर में रखे हुए 70 हजार रुपए लेकर मारपीट कर घर से फरार हो गए। पीड़िता घायल हालत में कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल महिला को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा। जहां उसका उपचार किया गया।

# ट्रेन में नकली टीटीई पकड़ा, स्टेशन पर हंगामा

संवाददाता निगोही/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पीलीभीत से शाहजहांपुर आ रही पैसेंजर ट्रेन में कोच के अंदर एक नकली टीटीई को अवैध वसूली करते हुए पकड़ लिया। उसके पास नकली रशीद बुक थी। यात्रियों ने उसे निगोही स्टेशन पर उतार लिया। स्टेशन मास्टर ने शिकायत को अनसुना कर दिया। इस दौरान यात्रियों ने हंगामा किया। नकली टीटीई मौका पाकर भाग गया।

पीलीभीत से शाहजहांपुर पैसेंजर ट्रेन बुधवार की शाम छह बजे आ रही थी। ट्रेन में एक व्यक्ति अपने आप को टीटीई बताकर यात्रियों के टिकट चेक कर रहा था। जिन यात्रियों के पास टिकट नहीं था, उनसे अवैध रूप से वसूली कर रहा था। यात्रियों ने उससे रशीद मांगी तो कहने लगा कि थोड़ी

- **निगोही स्टेशन पर मौका पाकर भाग गया**

देर में रशीर काटकर दे देगे। यात्रियों का कहना है कि उसके पास एक रशीद बुक थी। टीटीई गले में कोई परिचय पत्र नहीं डाला था। यात्रियों ने उससे कहा कि टीटीई का परिचय पत्र दिखाओ। निगोही रेलवे स्टैशन पर नकली टीटीई उतरकर भागने लगा तो लोगों ने पकड़ लिया। उसे पकड़कर स्टेशन मास्टर कार्यालय के बाहर ले आए। यात्रियों ने नकली टीटीई की शिकायत स्टेशन मास्टर से की। यात्रियों ने आरोप है कि स्टेशन मास्टर ने शिकायत को अनसुना कर दिया। इसी बीच मौका पर नकली टीटीई भाग गया। लोगों ने सूचना निगोही थाना पर दी। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार बताया कि स्टेशन पर आए तो कोई नहीं मिला।

# पंप पर पेट्रोल डलवाने के बाद जल गई बाइक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के हयातनगर में पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने के बाद बाइक में अचानक आग लग गई। इससे पहले कि बाइक सवार कुछ समझ पाता बाइक से आग की लपटें निकलने लगीं। बाइक सवार ने किसी तरह खुद को बचाया। वहीं बाइक जली तो पेट्रोल पंप पर मौजूद लोगों सहित राहगीरों में हड़कंप मच गया। जलती बाइक में धमाका होने की आशंका के चलते लोग दूर खड़े रहे।

थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन अन्तर्गत मोहल्ला शाहजीपुरा निवासी शुभम अपनी पैशन प्रो बाइक में तेल बनाने के



संभल के हयातनगर पेट्रोल पंप पर धू धूकर जलती बाइक। ● अमृत विचार

लिए बहजोई रोड स्थित पेट्रोल पंप पर गया था। बाइक में तेल डलवाने के बाद जैसे ही शुभम ने बाइक स्टार्ट की तो 10 कदम चलते ही बाइक अचानक बंद हो गई। शुभम ने बाइक को स्टार्ट करने के लिए सेल्फ लगाया तो बाइक की वायरिंग से अचानक धुआं निकलने लगा। शुभम कुछ समझ पाता इससे पहले ही बाइक में आग लग गई। शुभम ने किसी तरह खुद को बचाया और बाइक में लगी आग बुझाने के लिए बाल्टी में पानी भरकर लाने के लिए दौड़ पड़ा। जब तक शुभम बाल्टी लेकर आया तब तक बाइक से इतनी तेज आग की लपटें निकलने लगी कि शुभम पास जाने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाया। पेट्रोल पंप तक आग फैल जाने की आशंका से वहां हड़कंप मच गया। पेट्रोल पंप कर्मचारी सतर्क होकर दूर खड़े हो गये। वहीं हादसा देख राहगीर भी रुक गये। कुछ ही देर में बाइक जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद पास ही थाना हयातनगर से पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन तब तक बाइक जल चुकी थी।

### बाइक ओवरब्रिज से गिरी, दो युवकों की मौत

**सहारनपुर, एजेंसी:** पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि थाना सरसावा के मोहल्ला हरिजनान निवासी विकास (25) दोस्त राजन (30) के साथ मोटरसाइकिल से जा रहे थे। चीनी मिल के नजदीक स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर करीब 30 फुट नीचे खेत में जा गिरी जिससे दोनों युवक घायल हो गये।

थाना सरसावा पुलिस ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए इन्हें पिलखनी स्थित मेडिकल कालेज लाया गया जहां दोनों युवकों की मौत हो गई। दोनों युवकों के मोबाइल फोन के माध्यम से उनके परिजन को हादसे की जानकारी दी गई ।

# सुनवर सराय गांव में पशुशाला में आग लगने से चार दुधारू पशुओं की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जनपद संभल के थाना धनारी क्षेत्र के गांव सुनवर सराय में गुरुवार को पशुशाला में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी पशुशाला जलकर राख हो गई और अंदर बंधी चार दुधारु भैंसों की जलकर मौत हो गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया, वहीं किसान और उसके परिवार का बुरा हाल है।

गांव सुनवर सराय निवासी रजनेश यादव गुरुवार को अपने परिवार के साथ खेत पर काम करने गया हुआ था। इसी दौरान उसकी पशुशाला में अचानक आग लग गई।

- **नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी**

खेत पर मौजूद बच्चों ने रजनेश को घटना की जानकारी दी। जब तक किसान मौके पर पहुंचा, तब तक आग फैल चुकी थी और पूरी पशुशाला आग की लपटों में घिर चुकी थी। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने में करीब एक घंटे से अधिक का समय लग गया। इस दौरान पशुशाला में बंधी चार दुधारु भैंस जिंदा जल गईं। किसान रजनेश यादव ने बताया कि उसकी भैंसों की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये थी और दूध की बिक्री से ही परिवार का खर्च चलता था। अब उसकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। सूचना मिलने पर तहसीलदार और लेखपाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी। किसान रजनेश ने बताया कि वह और परिवार के अन्य लोग खेत पर थे, तभी बच्चों ने आकर बताया कि आग लग गई है। जब तक हम पहुंचे, पूरी पशुशाला जल चुकी थी। चारों भैंस मर गईं और घर का सामान भी जल गया।

# पहला अर्घ्य देकर छठ की शुरुआत करेंगे योगी

## मुख्यमंत्री से मिले भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, 27-28 को छठ महापर्व अवकाश घोषित करने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 अक्टूबर की शाम 4 बजे सूर्य भगवान को पहला अर्घ्य देकर घाट पर छठ कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने गुरुवार को मुख्यमंत्री से भेंट कर तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि 27 और 28 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से छठ मैया की पूजा-अर्चना कर सकें। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि प्रदेश में छठ पर्व के सुचारु आयोजन के लिए सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

प्रभुनाथ राय के नेतृत्व में इस वर्ष लखनऊ के गोमती तट स्थित लक्ष्मण मेला मैदान पर 41वां छठ महापर्व भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर घाटों की सफाई, रंगाई-पुताई और मधुबनी पेंटिंग से साज-सज्जा की जा रही है। 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय', 26 अक्टूबर को 'खरना', 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य और 28 अक्टूबर की सुबह अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।



छठ पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय व अन्य।

### 200 लोक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

छठ महापर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सुप्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना पटवारी (असम), गोपाल राय (बलिया) और सुरेश शुक्ला (मुंबई) सहित लगभग 200 लोक कलाकार लगातार 18 घंटे तक प्रस्तुति देंगे। छठ घाट की व्यवस्था और सजावट में समाज के पदाधिकारी मनोज सिंह, वेद प्रकाश राय, सुनील सिंह, सुरेश कुशवाहा, अम्बरीश राय और अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। भोजपुरी समाज ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में इस वर्ष का छठ महापर्व लखनऊ ही नहीं, पूरे प्रदेश में श्रद्धा, आस्था और लोकसंस्कृति का अद्भुत संगम बनेगा।

# अखिलेश-मायावती करेंगे बिहार में चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बिहार चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा नेत्री मायावती भी प्रचार के घमासान में उतरने को तैयार हैं। ऐसे में उप्र. के दोनों नेताओं की रैलियों से बिहार का राजनीतिक पारा बढ़ सकता है। यूपी चुनाव से पहले भाजपा के मुकाबले मायावती-अखिलेश की बिहार चुनाव में अग्निपरीक्षा है।

दरअसल, यह पहले से तय था कि दिवाली बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती भी बिहार में चुनाव प्रचार कर सकते हैं। सूत्रों की मानें तो 25 अक्टूबर से अखिलेश यादव मिशन बिहार पर होंगे। इसके बाद मायावती 6 नवंबर से बिहार चुनाव में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं। दोनों की एंट्री के बाद बिहार का सियासी पारा चढ़ सकता है। सपा मुखिया पीडीए नारे के साथ बिहार में उतरेंगे और तेजस्वी यादव के समर्थन में रैलियों को संबोधित करेंगे।

वहीं, मायावती वहां रामगढ़ और कैमूर सीट के प्रत्याशियों के समर्थन में वोट देने की अपील करेंगी। असल में, बीते दिनों राजधानी में आयोजित रैली में लाखों की भीड़ जुटने के बाद बिहार चुनाव में मायावती की रैलियों की डिमांड की जा रही है। सूत्रों का कहना है पार्टी द्वारा बिहार चुनाव के लिए मायावती की करीब दो दर्जन रैलियों को आयोजित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

फिलहाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली से बिहार चुनाव का घमासान और सुर्खियों में है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी जनसभाओं के जरिये जनता से वोट मांगने की धार और पैनी कर दी है। मुख्यमंत्री योगी अपनी जनसभाओं में एनडीए उम्मीदवार को जिताने की अपील करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साध रहे हैं। इस पूरे चुनाव के दौरान योगी 15 से 20 रैली कर सकते हैं।

### प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे केशव मौर्य



**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा ने बिहार में सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। केशव भी निरंतर वहां अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे हैं। गुरुवार को भी उन्होंने बिहार पहुंचकर भोजपुर में जनसभा को संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने वहां कहा कि तेजस्वी यादव बिहार की जनता से सिर्फ फर्जी वादे कर रहे हैं। अभी बिहार का बजट उतना नहीं है, लेकिन जितना वादा तेजस्वी यादव कर रहे हैं, उतना भारत सरकार का बजट भी छोटा पड़ जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दो आईएएस अधिकारियों के प्रभार में बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को लेकर आदेश जारी किया है। गुरुवार को जारी आदेश में प्रतीक्षारत अर्चना अग्रवाल को अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग एवं अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का प्रभार सौंपा गया है। वहीं, अमित गुप्ता को प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग एवं अध्यक्ष, उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रभार से अवमुक्त करते हुए प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग के पद पर यथावत रखा गया है।

### टीईटी का विरोध करने दिल्ली जाएंगे शिक्षक

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने का विरोध शिक्षक दिल्ली में करेंगे। इसके लिए शिक्षक संगठनों ने 24 नवंबर को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इस विरोध को प्रभावी बनाने और ज्यादा से ज्यादा शिक्षक दिल्ली पहुंचे, इसके लिए 25 अक्टूबर से देश भर में शिक्षकों की बैठकें आयोजित की जाएंगी। अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय सह संयोजक अनिल यादव ने बताया कि शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन दिल्ली के जंतर-मंतर पर होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के आदेश के खिलाफ शिक्षकों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

### आयुष डॉक्टरों की भर्ती के साक्षात्कार 30 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के सरकारी अस्पतालों में आयुर्वेद डॉक्टरों की तैनाती के लिए 30 अक्टूबर से साक्षात्कार शुरू होंगे, पांच दिन तक चलेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ डॉ.एनबी सिंह ने बताया कि डॉक्टरों की नियुक्ति इंटरव्यू और मेरिट के आधार पर किया जाएगा, नवंबर में परिणाम घोषित कर डॉक्टरों की तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि नेशनल हेल्थ मिशन अंतर्गत 21 आयुर्वेद डॉक्टरों की भर्ती होनी है, इन पदों के लिए लगभग 2200 डॉक्टरों ने आवेदन किया था।

### बिजली कर्मचारी फिर करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने शुक्रवार को सभी जिलों में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है। निजीकरण के साथ ही वर्टिकल सिस्टम का भी विरोध करने का निर्णय संघर्ष समिति ने लिया है। इसे भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। संघर्ष समिति का आरोप है कि वर्टिकल सिस्टम के नाम पर शहरी क्षेत्रों में पुनर्गठन किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों और इंजीनियरों के पदों को घटाया जा रहा है। पहले पदों को घटाया जाएगा। इसके बाद शहरी क्षेत्र को निजी कंपनियों के हवाले कर दिया जाएगा।



लखनऊ के लक्ष्मण मेला पार्क स्थित छठ पूजा स्थल पर रंगोली बनाते हुए आर्ट कॉलेज के छात्र। अमृत विचार

# मंत्री ने परखीं छठ पर्व की तैयारियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हो रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने को गुरुवार को लक्ष्मण मेला घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और स्वच्छता का प्रतीक है, इसलिए घाटों पर सफाई अभियान विशेष रूप से संचालित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट तक जाने वाले सभी मार्गों पर समुचित सफाई, फॉगिंग एवं प्रकाश की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ नगर निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दंपती डॉक्टरों को एक ही अस्पताल में नौकरी करने का मिलेगा मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीजेरियन व एनेस्थीसिया स्किल प्रशिक्षण के लिए मांगे गए आवेदन
- स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टरों को मिलेगी ट्रेनिंग

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र हो या अन्यत्र दूरस्थ क्षेत्र, इमरजेंसी में सीजेरियन करने के लिए एमबीबीएस डॉक्टरों को इमरजेंसी ऑब्स्टेट्रिक केयर (ईमॉक) और लाइफ सेविंग एनेस्थीसिया स्किल (एलएसएएस) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जनवरी 2026 में शुरू होने वाले बैच के लिए स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण ने विभाग में कार्यरत नियमित व संविदा चिकित्सकों से आवेदन मांगे हैं। छह माह के प्रशिक्षण उपरांत इन डॉक्टरों की तैनाती फर्स्ट रेफरल यूनिट पर की जाएगी, ताकि जच्चा-बच्चा की जान बचाई जा सके। खास बात है कि इस प्रशिक्षण में दंपती चिकित्सकों को प्राथमिकता दी जाएगी और उन्हें एक ही अस्पताल में तैनात भी किया जा सकता है।

महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.पवन गंगवार अरूण ने बताया कि ईमॉक व एलएसएएस में 24-24 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रशिक्षण योजना की सफलता के लिए प्रांतीय चिकित्सा सेवा में कार्य करने वाले पति-पत्नी डॉक्टर को प्राथमिकता दी गयी है, इसमें दोनों जोड़ी बनाकर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए सीएमओ के माध्यम से नाम भेजे जाएंगे। प्रशिक्षण के बाद असक्रिय एफआयू को क्रियाशील करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। यदि प्रशिक्षण के बाद असक्रिय एफआरयू में जोड़ी कार्य नहीं करेगी तो उनसे प्रशिक्षण पर खर्च धनराशि आठ लाख रुपये की वेतन से वसूली की जाएगी।

## शमसुद्दीन राईन बसपा से निष्कासित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने अपने वरिष्ठ पदाधिकारी, लखनऊ व कानपुर मंडल के प्रभारी शमसुद्दीन राईन को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है और उन पर गुटबाजी फैलाने और अनुशासनहीनता के आरोप लगाए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि शमसुद्दीन राईन पार्टी में गुटबाजी और अनुशासनहीनता कर रहे थे। इस संबंध में उन्हें चेतावनी भी दी गई, लेकिन उन्होंने कार्यशैली में सुधार नहीं किया। ऐसे में उन्हें पार्टी प्रमुख मायावती को विश्वास में लेकर बसपा से निष्कासित कर दिया गया है।

# किसानों के घर तक पहुंचेगी खाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैस सिलेंडर की तरह होगी खाद की होम डिलीवरी व्यवस्था

**अमृत विचार :** खरीफ सीजन में खाद वितरण को लेकर उपजे विवादों के बाद अब सहकारिता विभाग किसानों की सुविधा बढ़ाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी में है। विभाग रासायनिक खाद की होम डिलीवरी योजना पर काम कर रहा है। जिस तरह घरेलू गैस सिलिंडर की बुकिंग और आपूर्ति की प्रक्रिया होती है, उसी तर्ज पर किसान अब ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे और समितियों की ओर से खाद सीधे उनके घर तक पहुंचाई जाएगी।

सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने बताया कि विभाग खाद वितरण प्रणाली को सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में काम कर रहा है। होम डिलीवरी व्यवस्था के साथ-साथ वितरण केंद्रों पर भीड़ कम करने के लिए तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। रबी सीजन में किसानों को कतारों से राहत दिलाने के लिए समितियों पर एक के बजाय दो प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनें लगाने का निर्णय लिया गया है। जहां दूसरी मशीन उपलब्ध नहीं होगी, वहां भारत सरकार की मंत्रा डिवाइस का उपयोग किया जाएगा। इससे वितरण की गति तेज होगी। साथ ही, कंप्यूटराइज्ड समितियों पर क्यूआर कोड से आनलाइन भुगतान की सुविधा भी शुरू की जा रही है। बुजुर्ग, दिव्यांग और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइनें लगाने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग का कहना है कि होम डिलीवरी शुल्क और लॉजिस्टिक व्यवस्था पर विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय पर और पारदर्शी ढंग से खाद मिल सके।

### शासन के निर्देश

- सभी सहकारी समितियों पर दो पीओएस मशीनें अनिवार्य रूप से लगाई जाएं।
- मंत्रा डिवाइस से कंप्यूटर जोड़कर वितरण प्रक्रिया तेज की जाए।
- समितियों पर क्यूआर कोड से भुगतान की सुविधा शुरू करें।
- बुजुर्ग, दिव्यांग और महिला किसानों के लिए हों अलग लाइनें।

# पूर्वांचल में धान की खरीद 1 नवंबर से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिमी यूपी में 35.63 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद
- 1.37 लाख किसानों ने अब तक कराया पंजीकरण

**अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी में 23 दिन में 35.63 हजार मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद हुई है। जबकि पहली सितंबर से शुरू हुए पंजीकरण अभियान में अब तक 1,37,166 किसानों ने अपना पंजीकरण पूरा कर लिया है। सरकार ने इस सत्र में 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया है और खरीद की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। उधर, 1 नवंबर से पूर्वांचल के जिलों में धान खरीद की तैयारी तेज हो गई है।

राज्य सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए 4000 क्रय केंद्रों की स्थापना का लक्ष्य रखा था, जिनमें से 3790 केंद्र पहले ही सक्रिय हो चुके हैं। सरकार ने कॉमन धान के लिए 2369 और ग्रेड ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल का भाव तय किया है। साथ ही किसानों को भुगतान 48 घंटे के भीतर सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में करने के निर्देश दिए गए हैं।

फिलहाल धान खरीद की प्रक्रिया पश्चिमी उप्र. के जिलों में जारी है। मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी के साथ हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर जिलों में खरीद शुरू हो चुकी है। खरीद केंद्रों पर प्रतिदिन किसानों की आमद बढ़ रही है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए 1 नवंबर से धान खरीद अभियान शुरू होगा। यह खरीद चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर और प्रयागराज संभागों में होगी। साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जिलों में भी एक नवंबर से खरीद प्रारंभ होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि हर क्रय केंद्र पर किसानों को बारदान, तोल व्यवस्था और भुगतान सुविधा पूरी पारदर्शिता के साथ मिले। क्रय केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे और 17 प्रतिशत तक नमी वाले धान की खरीद की जाएगी।

## दलितों पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ रहीं : अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में दलितों पर अन्याय और अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस सरकार में सामंती ताकतों का मनोबल बढ़ा हुआ है। अपराधियों और सामंतवादियों को भाजपा सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। सत्ता समर्थक पीडीए को तरह-तरह से अपमानित कर रहे हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि रायबरेली में दलित समाज के नौजवान की पीट-पीट कर हत्या हुई। लखनऊ में काकोरी में दलित समाज के बुजुर्ग के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया, ये चंद घटनाएं हैं।

# मेरठ में दो पक्षों में गोलीबारी व पथराव, 25 लोग गिरफ्तार

मेरठ, एजेंसी

जिले के सरधना क्षेत्र में कथित तौर पर आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव और गोलीबारी हुई। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के कुल 25 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि सरधना थाना क्षेत्र के कालन्दी गांव में बुधवार को दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हो गया, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गोलियां चलायीं और पथराव किया। एक पक्ष के नितिन ने गांव के ही धीरेन्द्र समेत 13 लोगों पर लाठी-डंडे, धारदार हथियार और असलहों से हमला करने तथा गोलियां चलाकर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। दूसरे पक्ष के धीरेन्द्र ने भी नितिन समेत 17 लोगों के खिलाफ गोलियां चलाने और पथराव करने की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमे दर्ज किये हैं। सूत्रों ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मेरठ) के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सरधना के पर्यवेक्षण में तीन पुलिस टीम का गठन किया गया जिन्होंने वीडियो फुटेज और मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से तीन कारें, तीन लाइसेंसी बंदूकें, एक अवैध तमंचा और दर्जनों कारतूस बरामद किए गए हैं। इस घटना में लाइसेंसी हथियारों का प्रयोग किया गया है, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सूत्रों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आरोपियों के खिलाफ शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## मामूली विवाद के बाद एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** शामली जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार रात मामूली विवाद के बाद दो समुदायों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान इदरीस (35) के रूप में हुई है और इस घटना के सिलसिले में सेना के जवान अजीत को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ, जब विकास कुछ लोगों के साथ कार में आया और इरफान के घर के बाहर पड़ी मिट्टी पर आपत्ति जताई। देखते-देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

**बढ़ते कदम** मुख्यमंत्री की पहल से करोड़ों के निवेश पाइपलाइन में, जल्द धरातल पर उतरेंगे प्रोजेक्ट

# औद्योगिक विकास को नई दिशा दे रही फोकस डेस्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और जीसीसी सेक्टर में खुली विकास की राह

**अमृत विचार :** प्रदेश अब केवल देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं, बल्कि भारत का सबसे तेजी से उभरता निवेश केंद्र बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से नवाचारपूर्ण प्रयासों को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बना दिया है। इन्हीं प्रयासों की कड़ी में गठित फोकस सेक्टर डेस्क ने निवेश प्रक्रिया को न सिर्फ सरल बनाया, बल्कि औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्थापित फोकस सेक्टर डेस्क के जरिये प्रदेश में टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में करोड़ों रुपये के निवेश प्रस्ताव पाइपलाइन में हैं। ये प्रोजेक्ट जल्द ही धरातल पर उतरने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। योगी सरकार की पारदर्शी नीति, तेज मंजूरी प्रक्रिया और निवेशक-हितैषी वातावरण ने उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास का नया मॉडल बना दिया है।

टेक्सटाइल सेक्टर में आईटीटीए, एईपीसी, सीआईआई, सीआईटीआई और एनआईटीआरए जैसी संस्थाओं के सहयोग से ग्रासिम, ट्राइडेंट, रिलायंस, जीईएसएल और श्याम संस जैसी कंपनियां निवेश कर रही हैं। वहीं, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर में एसआईएएम, एसीएमए, एसएमईवी, और एआरएआई के साथ अशोक लेलैंड, मिंडा और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रोजेक्ट मंजूरी के दौर में हैं। केमिकल सेक्टर में रिलायंस इंडस्ट्रीज और दीपक नाइट्राइट जैसे बड़े समूह निवेश की तैयारी में हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में डिक्सन, एम्बर, एचसीएल-फॉक्सकॉन, हायर और एलजी जैसी कंपनियों की परियोजनाएं प्रदेश को भारत का अगला टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग हब बना रही हैं।

नैसकॉम के सहयोग से एडोब, एएमडी और जेपी मॉर्गन जैसी ग्लोबल कंपनियां उत्तर प्रदेश में अपने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। इससे प्रदेश को विश्वस्तरीय साझेदारी और डिजिटल अर्थव्यवस्था में नई पहचान मिल रही है। योगी सरकार के विजन और इन्वेस्ट यूपी की रणनीति ने प्रदेश में औद्योगिक विस्तार और लाखों रोजगार सृजन की संभावनाओं को नया बल दिया है। आने वाले समय में ये निवेश उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भरता और औद्योगिक नेतृत्व की दिशा में और आगे ले जाएंगे।

# पानी को यूरिन बताकर चटवाने का मुद्दा गरमाया

संवाददाता, काकोरी/लखनऊ

- सांसद और नेताओं ने पीड़ित से मुलाकात की
- लोजपा आर समेत कई संगठनों ने दिया मदद का आश्वासन
- अस्पताल में भर्ती आरोपी की हालत स्थिर, पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के शीतला माता मंदिर परिसर में पानी को पेशाब (यूरिन) बताकर बुजुर्ग रामपाल से चटवाने के मामले ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। गुरुवार को कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया और लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित से मुलाकात की। सांसद ने आरोपी स्वामीकांत उर्फ पम्मू की गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि अगर वह बीमार है तो उसका इलाज सरकारी अस्पताल में कराया जाए। सोशल मीडिया पर भी आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि तबीयत ठीक होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जबकि जांच जारी है।

गुरुवार दोपहर सांसद तनुज पुनिया, पूर्व विधायक इंदल रावत और जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह रामपाल के मोहल्ला हाता मोहम्मद हजरत साहब स्थित घर पहुंचे और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। भीम आर्मी के जय भीम संगठन के प्रदेश महासचिव अनिल गौतम और अन्य पदाधिकारियों ने भी पीड़ित से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर लोजपा (आर) के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पासवान प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे और पीड़ित परिवार के साथ तन, मन और धन से खड़ा रहने का आश्वासन दिया। पार्टी ने कानूनी कार्रवाई की जिम्मेदारी भी संभाली।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने आरोपी स्वामीकांत के बड़े भाई और परिजनों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों में आक्रोश को देखते हुए पुलिस बल गांव में तैनात है और शांति बनाए रखने की अपील की गई।

### घटना को बताया षड्यंत्र

दलित बुजुर्ग रामपाल के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को मंदिर प्रबंधन और स्थानीय लोगों ने षड्यंत्र बताया। आरोपी स्वामीकांत के बड़े भाई और आरएसएस के सहविभाग संघचालक रमाकांत गुप्ता ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में गलत हरकतों का विरोध करने के कारण उनके छोटे भाई को फंसाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### अपात्रों के 24 हजार राशन कार्ड निरस्त

**रामपुर, अमृत विचार** : जिले में अपात्रों के 24 हजार राशन कार्ड दिए गए हैं। जबकि 22495 पात्र लोगों के कार्ड बनवाए गए हैं। जबकि अन्त्योदय कार्ड का लाभ लेने वाले किसी भी कार्ड धारक का कार्ड निरस्त नहीं किया गया है। राशन कार्ड निरस्त होने से लोगों में बेचैनी है और जिला पूर्ति अधिकारी से फोन पर शिकायत की गई। जिला पूर्ति अधिकारी ने शिकायतकर्ता से कहा कि लिखित में शिकायत दर्ज कराएं। सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोगों का कहना है कि उन्हें बिना बताए कार्ड निरस्त कर दिए गए हैं। दोबारा जांच कराकर कार्ड जारी किए जाएं। जिले में 24 हजार लोगों को अपात्र बताते हुए उनके राशन कार्ड निरस्त कर दिए गए। मोहल्ला बजरिया मुल्ला जरीफ निवासी बंटी का कहना है कि उनका परिवार पात्र हैं इसके बावजूद उनका राशन कार्ड बनकर नहीं आया है। पात्रों के भी राशन कार्ड काट दिए गए हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है।

### कूमल लगा की थी चोरी आरोपी गिरफ्तार

**सैदनगर , अमृत विचार** : अजीमनगर थाना क्षेत्र के मुरसैना चौराहे पर स्थित हकीमगंज गांव निवासी शाहनवाज के मेडिकल स्टोर में कूमल लगाकर चोरी कर ली गई थी। चोर नगदी लेकर फरार हो गए थे। मेडिकल स्वामी की तहरीर पर मामले की जांच उप निरीक्षक रजनीश कुमार कर रहे थे। सूचना मिली कि आंगा निवासी युवक शामिल है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आंगा गांव निवासी वसीम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल ली। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दीवार काटने वाले धारदार हथियार के अलावा चोरी गई नगदी भी बरामद की है।थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### व्योमकेश आवासीय योजना का डीएम ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार** : जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ आरडीए द्वारा विकसित की जा रही व्योमकेश आवासीय योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाउंड्रीवाल का कार्य संतोषजनक पाया गया। निर्माणाधीन दीवार में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता का स्थल पर परीक्षण कर उसकी मजबूती एवं मानक अनुरूपता का अवलोकन किया गया। संबंधित कार्यदायी संस्था एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता किसी भी स्थिति में प्रभावित न हो तथा निर्माण कार्य त्वरित गति से पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता में लापरवाही या देरी कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। योजना क्षेत्र में अन्य विकास एवं सार्वजनिक सुविधा से जुड़े कार्यों की प्रक्रियाओं को भी नियमों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया ।ताकि यह आवासीय योजना जनहित में एक आदर्श और समयबद्ध परियोजना के रूप में विकसित हो सके।

# तौकीर के करीबी नफीस व उनकी पत्नी पर रिपोर्ट

## वक्फ बोर्ड की जमीन में खेल करने का आरोप, जांच की शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **एसएसपी के आदेश पर दर्ज की रिपोर्ट, कसा जाएगा शिकंजा**

**अमृत विचार** : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के इशारे पर शहर में बवाल कराने की साजिश रचने के आरोप में जेल में बंद नफीस के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। नफीस ने पत्नी के साथ मिलकर वक्फ बोर्ड की जमीन में खेल किया है। मामले में पीड़ित ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने डॉ. नफीस और उनकी पत्नी फरहत बेगम के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला साहूकारा निकट राजो वाली मस्जिद निवासी मोहम्मद कमर अख्तर ने बताया कि उनकी दादी नन्हो कुजड़ी ने बमनपुरी स्थित वक्फ संख्या 26 ए में करीब 95 वर्ग गज जमीन पर मकान बनाया था। साथ ही नीचे पांच दुकानें बनी हुई थीं। इसमें से वह एक दुकान में खुद सब्जी की दुकान कर जीवन यापन करती थीं। उन्हें कोई संतान नहीं थी। कमर अख्तर के दादा साबिर हुसैन की सब्जी की दुकान कुतुबखाना सब्जी मंडी पर थी। इस कारण नन्हो का उनके दादा की दुकान पर आना-जाना था। नन्हो ने साबिर हुसैन को अपना मुंह बोला भाई मान लिया था। नन्हो ने निधन से पहले वक्फ संख्या 26 ए वाली संपत्ति को उसके दादा साबिर हुसैन और उनके तीनों बेटों साकिर हुसैन, जाकिर हुसैन और नासिर हुसैन के नाम वसीयत कर दी थी। आरोप है कि उसके पिता साकिर हुसैन का नफीस की कुतुबखाना स्थित चश्मे की दुकान पर आना-जाना था।

आरोप है कि नफीस ने उसके पिता को विश्वास में लेकर वक्फ संख्या 26ए वाली संपत्ति को वर्ष 1996 में 30 साल (जिसका समय जून 2026 में पूरा हो रहा है) के लिए अपनी पत्नी फरहत बेगम के नाम लीज पर ले ली। वर्ष 2022 में उसके पिता का निधन हो गया। इसके बाद नफीस और उनकी पत्नी फरहत बेगम ने धोखाधड़ी कर फर्जी कागजात तैयार कर वक्फ संख्या 26 ए की संपत्ति को अपने दोनों बेटों नौमान खान और फरहान खान के नाम गिफ्ट डीड बनवा ली। इस पर अभी भी काबिज हैं। कमर अख्तर की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुकदमा वापस न लेने पर पत्नी की अश्लील वीडियो की वायरल

**बरेली, अमृत विचार:** बारादरी थाना क्षेत्र में तीन साल से पति से अलग रह रही महिला के पति ने मुकदमा वापस न लेने पर उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बावजूद आरोपी पति किशन और उसके भाई-बहन आए दिन घर में घुसकर गाली-गलौज करते और जान से मारने की धमकी देते रहे। महिला ने बताया कि 2 नवंबर 2023 को पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसके घर पर हमला किया और उसकी 16 वर्षीय छोटी बहन को बेरहमी से पीट दिया, जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। उस मामले में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि शादीशुदा जिंदगी के दौरान उसके पति ने चोरी-छिपे उसकी कुछ निजी वीडियो बना ली थीं। बाद में उसने दहेज केस वापस लेने के लिए दबाव बनाया।

# बिहार में एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा निषाद समाज : डॉ. संजय निषाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली पहुंचे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर कई मुद्दों पर जमकर साधा निशाना**
- **सपा के प्रबल इंजन वाले स्लोगन पर कसा तंज, कहा- इंजन खराब इसलिए नेता छोड़ रहे पार्टी**

**अमृत विचार** : निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने गुरुवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। सपा के ''प्रबल इंजन वाले स्लोगन पर तंज कसते हुए कहा कि अगर इंजन सही होता तो लोग उससे क्यों उतरते? उन्होंने चुटकी ली कि सपा का इंजन ही खराब है तभी एक-एक कर नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की रणनीतियों पर उन्होंने कहा कि हम लोग विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं और बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। निषाद समाज मजबूती के साथ एनडीए के साथ खड़ा है।

सर्किट हाउस में गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में कानून का राज कायम है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिए जलाने वाले बयान को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा, जो मिट्टी का दिया बनाते हैं, वही इस देश की सभ्यता के असली रक्षक हैं और उन्हीं के रोजगार पर विपक्ष सवाल उठा रहा है। कृष्ण जन्मभूमि मुद्दे पर निषाद ने कहा कि अखिलेश खुद को यादव कहते हैं और कृष्ण का वंशज होने का दावा करते हैं, फिर मथुरा की जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी आवाज उठानी चाहिए। अगर अपनी ही परंपरा की रक्षा नहीं कर सकते, तो दूसरों की क्या करेंगे। सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा-इनकी चार बार सरकारें बनीं, लेकिन पिछड़ों के नाम पर सिर्फ राजनीति हुई। न शिक्षा आयोग बना, न कोई ठोस कदम उठा। अब प्रदेश और केंद्र में डबल इंजन की सरकार बनी है तो पहली बार सबके विकास की दिशा तय हुई है।

### मत्स्य विभाग की 107 परियोजनाओं का किया जिक्र

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने विभागीय कामकाज का ब्योरा देते हुए बताया कि बरेली में मत्स्य विभाग की 107 परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें से 105 पूरी तरह शुरू हो चुकी हैं। तीन हजार से ज्यादा पोखरों को चिह्नित किया गया है। इन पर पट्टे के लिए अब निषाद समुदाय को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा- कि अगर पोखर किसी दूसरे वर्ग को गलत तरीके से दिए गए हैं तो उन्हें कैंसिल कराकर असली पात्रों को सौंपा जाएगा। मंत्री ने बताया कि मछुआरों को बिना गारंटी किसान क्रेडिट कार्ड के जरिये तीन लाख रुपये तक का लोन चार प्रतिशत ब्याज दर पर मिल रहा है। साथ ही उन्हें ट्रेनिंग और बीमा की भी सुविधा दी जा रही है।

# हैंडओवर न होने से यूनानी मेडिकल कॉलेज संचालन अटका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बिजली कनेक्शन न होने से फंसा था यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का संचालन**
- **शासन को प्राचार्य, चिकित्सक और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भेजा गया प्रस्ताव**

> यूनानी मेडिकल कॉलेज में कनेक्शन देकर मीटर लगा दिया है। बिजली की सप्लाई भी शुरू हो गई है, जो विभाग की तरफ से एस्टीमेट बनाया था वह जमा होने के बाद कनेक्शन जारी किया गया है।
>
> **-अंकित गंगवार**, अधिशासी अभियंता विद्युत

**अमृत विचारः** चार साल बाद हजियापुर में ढलाव की भूमि पर राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का निर्माण पूरा हो गया। कुछ दिन पहले 50 लाख रुपये की लागत से 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखने के साथ बिजली विभाग ने अलग लाइन डलवाकर सप्लाई चालू करा दी, लेकिन अभी तक न मेडिकल कॉलेज और न ही हॉस्पिटल का संचालन शुरू हुआ है। बिजली मीटर लगने के बाद आपूर्ति चालू हो गई है। पीडब्ल्यूडी के भवन हैंडओवर न करने की वजह से प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज का संचालन अटका है।

सपा शासन काल में नगर निगम की हजियापुर में स्थित 27 हजार वर्ग मीटर भूमि पर राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज संग 100 बेड के हॉस्पिटल को मंजूरी मिली थी। सपा सरकार के जाने के बाद परियोजना की रफ्तार रुक गई थी। भाजपा सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने परियोजना को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में शामिल कराने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा था। इस पर आयुष विभाग की सहमति मिल गई। इसके बाद परियोजना के निर्माण में तेजी आई और लगातार बजट जारी होता रहा। लोक निर्माण विभाग ने 129.50 करोड़ रुपये में परियोजना पूरी करने का आगणन तैयार कर विभागीय मुख्यालय भेजा था। कुछ माह पहले भवन का निर्माण कार्य पूरा हो गया। फिनिशिंग भी हो गयी। इसके बाद बिजली कनेक्शन का मामला फंस गया था, लेकिन अब वह भी हल हो गया है। 200 केवीए का ट्रांसफार्मर रखने के साथ नई लाइन बिछाकर सप्लाई चालू करा दी गयी है। बताते हैं कि यहां मेडिकल कॉलेज में 100 छात्र-छात्राओं को बीयूएमएस के लिए दाखिला मिल सकेगा।

लखनऊ और प्रयागराज के बाद बरेली में यह तीसरा सबसे बड़ा राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज है। बताया जा रहा है कि शासन को मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए चिकित्सक, प्राचार्य और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इधर, मंडलीय यूनानी अधिकारी डॉ. कुर्रतुल एन जैहरा जैदी ने बताया कि बिजली कनेक्शन का मामला हल हो गया। बिजली सप्लाई चालू हो गयी है, लेकिन अभी तक भवन विभाग को हैंडओवर नहीं हुआ है। इस वजह से संचालन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है। हैंडओवर होने के बाद संचालन की फाइल आगे बढ़ेगी।

### अफसरों ने अल्पसंख्यक कल्याण की सचिव की भी नहीं सुनी

अल्पसंख्यक कल्याण की प्रमुख सचिव संयुक्ता समद्दार ने 12 जुलाई को डीएम समेत अन्य अधिकारियों के साथ राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। उन्होंने पीडब्ल्यूडी सहित अन्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि 15 अगस्त से पहले कॉलेज को आयुष विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए, लेकिन अफसरों ने प्रमुख सचिव की नहीं सुनी। यही वजह है कि संचालन तो दूर भवन ही हैंडओवर नहीं हुआ है।

### छठ पूजा के लिए पक्के घाटों की सफाई शुरू

**बरेली, अमृत विचार** : छठ पूजा महापर्व शुरू होने में एक दिन बचा है। इसको लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। लोगों ने पूजा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार से नहाय खाय के साथ छठ पूजा शुरू की जाएगी। पूजा के लिए शहर में कई मंदिरों में बने पक्के घाटों की सफाई शुरू हो गई है। व्रती इन्हीं घाटों पर पूजा करते हैं। शिव पार्वती मंदिर और एमजेपीआरयू, धोपश्वर, तपेश्वर, सिद्धार्थ नगर मंदिर में बने घाटों की साफ सफाई की जा रही है। शुक्रवार को घाटों की रंगाई पुताई की जाएगी। नदियों के किनारे होने वाली छठ पूजा के लिए भक्त उसी दिन पहुंचकर किनारों पर साफ- सफाई करते हैं। देवरनियां नदी और रामगंगा घाट पर बड़ी संख्या में महिलाएं छठ मईया की पूजा करती हैं। व्रती महिलाओं ने गेहूं की सफाई और उसे धोकर सुखा लिए हैं, जिससे समय से पूजा के लिए आटा को तैयार किया जा सके।

# बाइकों को लात मारकर गिराने वाला दरोगा लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बाइकों को पैर मारकर गिराते हुए दरोगा ने लोगों से की थी बदसलूकी**

**अमृत विचार** : भमोरा थाना क्षेत्र के देवचरा चौराहे पर दुकानों के सामने पार्क की गईं बाइकों को थाने में तैनात दरोगा नरेंद्र राघव ने पैर मारकर गिरा दिया। लोगों के साथ गालीगलौज भी की। इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। प्रकरण की जांच रिपोर्ट सीओ आंवला नितिन कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को सौंपी। एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से दरोगा को लाइन हाजिर करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

दरअसल, थाना क्षेत्र के बल्लिया देवचरा चौराहे पर भाईदूज के चलते सजी मिठाई की दुकानों पर अपने भाइयों के तिलक करने जा रही बहनें और बाइक सवार अपनी बाइकें पार्क कर मिठाई खरीद रहे थे। इसी बीच हल्का इंचार्ज नरेंद्र राघव वहां आ धमके। उन्होंने वहां खड़ी बाइकों को लात मार कर जमीन पर गिराते हुए मौजूद लोगों के साथ बदसलूकी की। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में दरोगा बाइकों को गिराते हुए दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर ऐसे व्यवहार पर रोक नहीं लगी तो आम जनता और पुलिस के बीच विश्वास कम हो सकता है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने सीओ आंवला नितिन कुमार को जांच करने के निर्देश दिए। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि सीओ आंवला नितिन कुमार की जांच रिपोर्ट के बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया। इस तरह का व्यवहार करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।

### पराली जलाने से रोकना जरूरी

**रामपुर, अमृत विचारः** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि कटाई का कार्य शुरू हो चुका है। जनपद में पराली जलाने की घटनाएं सामने आई है, जिसे रोका जाना आवश्यक है। किसानों द्वारा एक टन धान पराली जलाने से लगभग 5.5 किग्रा. नाइट्रोजन, 2.3 किग्रा. फास्फोरस, 25 किग्रा. पोटाश, 1.2 किग्रा. गंधक तथा 400 किग्रा. जैविक कार्बन के अतिरिक्त अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जो हमारी भूमि व फसलों के लिए बहुत ही लाभदायक व महत्वपूर्ण है। एक टन धान की पराली जलाने पर 3 किग्रा. कणिका तत्व (कार्बन), 1460 किग्रा. कार्बन डाइऑक्साइड, 60 किग्रा. कार्बन मोनोऑक्साइड, 99 किग्रा. राख एवं 2 किग्रा. सल्फर डाइऑक्साइड के अलावा 2.72 किग्रा. मीथेन व नाइट्रिक ऑक्साइड जैसी जहरीली गैस निकलती हैं। जिससे वातावरण प्रदूषित होता है।

### बुजुर्ग का मोबाइल खोया ठगों ने खाते से पार किए साढ़े चार लाख

**बरेली, अमृत विचार** : किला थाना क्षेत्र के रहने वाले बुजुर्ग का मोबाइल फोन खो गया। जो किसी ठग के हाथ लग गया। ठग ने उनके दो बैंक खातों से 4.53 लाख रुपये पार कर दिए। नया मोबाइल फोन लेने के बाद जब उन्होंने मोबाइल बैंकिंग एप डाउनलोड किया तो उन्हें ठगी की जानकारी हुई। पुलिस ने बुजुर्ग की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के खन्नू मोहल्ला निवासी नंद किशोर रस्तोगी ने बताया कि सात अक्टूबर को वह अपने किसी काम से बाजार गए थे। उस दौरान उनका मोबाइल फोन कहीं गिर गया। कुछ दिन बाद जब उन्होंने नया मोबाइल फोन लिया और उसमें गूगल पे समेत अन्य बैंकिंग ऐप्स दोबारा इंस्टॉल किए तो उनके दो बैंक खातों से रुपये साफ हो चुके थे। परेशान होकर वह बैंक पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि ठगों ने सुनियोजित तरीके से 4.53 लाख रुपये उनके खाते से उड़ा लिए। घटना का पता चलते ही पीड़ित ने किला थाना और साइबर सेल दोनों जगह शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एक और चैरिटेबल क्लीनिक शुरू करेगी आईएमए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आईवीआरआई रोड पर खुलेगी नई चैरिटेबल क्लीनिक, गरीबों की होंगी निशुल्क जांचें**
- **यूपी के आगामी अध्यक्ष ने कहा उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं से देश में रोल मॉडल है आईएमए बरेली शाखा**

**अमृत विचारः** आईएमए की बरेली शाखा ने प्रदेश भर में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभाई है, जिसे देखते हुए आईएमए यूपी के आगामी अध्यक्ष डॉ. रवीश अग्रवाल ने आईवीआरआई रोड पर एक और चैरिटेबल क्लीनिक खोलने की घोषणा की है। जहां गरीबों को स्वास्थ्य से जुड़े चेकअप आदि की सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश की आईएमए शाखाओं से भी चैरिटेबल क्लीनिक संचालित करने की अपील की जाएगी।

रामपुर गार्डन स्थित अस्पताल में पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. रवीश ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने के साथ ही अब उनका उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और मुख्यमंत्री से मिलकर चिकित्सकों और अस्पतालों की समस्याओं, क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेंट एक्ट आदि पर चर्चा कर उनसे सहयोग देने की प्रार्थना की जाएगी। सरकार और निजी चिकित्सकों के साथ मिलकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, पांच साल तक के बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश की सभी आईएमए शाखाओं को गांवों और मलिन बस्तियों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

उन्होंने आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल के 'आओ गांव चलें' अभियान को आगे बढ़ाने की बात कहते हुए प्रदेश भर की आईएमए शाखाओं से अधिक से अधिक गांवों और मलिन बस्तियों को गोद लेने का आह्वान किया। डा. आईएस तोमर ने कहा कि बरेली के बहुत गर्व की बात है कि डा. रवीश को यूपी का अध्यक्ष चुना गया है। इससे पहले 1989 में डा. दिनेश जौहरी अध्यक्ष चुने गए थे, लेकिन उन्होंने पहले ही त्याग पत्र दे दिया था। डा. विनोद पागरानी ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए आईएमए ब्लड बैंक जीवनदायनी साबित हुआ है। हर माह इस रोग से पीड़ित मरीजों को 200 यूनिट ब्लड दिया जाता है।

### डॉ. रवि मेहरा दसवीं बार बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह भी बताया गया कि डा. रवि मेहरा लगातार दसवीं बार आईएमए की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए हैं। बरेली के चिकित्सकों के लिए यह गर्व की बात है। डा. रवि मेहरा ने यूपी प्रदेश अध्यक्ष डा. रवीश से प्रदेश के सभी एमबीबीएस चिकित्सकों को आईएमए से जोड़ने की बात कही। सरकार की महत्वकांक्षी आयुष्मान योजना से बड़ी संख्या में बरेली के अस्पताल नहीं जुड़े हैं, इनको भी जुडवाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे हर आमजन को अपने घर के निकट ही बेहतर इलाज मिल सके। आईएमए अध्यक्ष डा. अतुल श्रीवास्तव, डा. विमल भारद्वाज, डा. रवि मेहरा, डा. राजीव गोयल, डा. आरके सिंह, डा. सुदीप सरन, डा. गौरव गर्ग, डॉ. डीपी गंगवार आदि मौजूद रहे। सभी ने डा. रवीश और डा. रवि मेहरा को शुभकामनाएं दीं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत**
**ई- निविदा सूचना सं0- 05/अधि0/अभि0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 में शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत के अंतर्गत सड़क गड्ढामुक्ति, शारदा सागर जलाशय की जगल सफाई, सीपेज ड्रेन सफाई व वी0आर0बी0 पुर्ननिर्माण हेतु निम्नलिखित निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से दिनांक 30.10.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से भरी जायेंगी एवं ई-टेण्डरिंग से प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में मुख्य अभियन्ता महोदय (शारदा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 30.10.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से ऑनलाइन खोली जायेंगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 25.10.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 30.10.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी रहित (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) (@2% paid online) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) (paid online) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | जनपद-पीलीभीत के अंतर्गत शारदा सागर जलाशय के किमी0 0.000 से किमी0 4.950 तक की सड़क की गड्ढामुक्ति का कार्य। | 33.00 | 0.66 | 15 दिवस | 300+54+ 500= 854 | बी व उच्च |
| 02 | जनपद-पीलीभीत के अंतर्गत शारदा सागर जलाशय के किमी0 5.000 से किमी0 10.000 तक की सड़क की गड्ढामुक्ति का कार्य। | 32.10 | 0.65 | 15 दिवस | 300+54+ 500= 854 | बी व उच्च |
| 03 | जनपद-पीलीभीत के अंतर्गत शारदा सागर डैम के किमी0 0.000 से किमी0 10.000 तक जंगल सफाई का कार्य। | 3.10 | 0.065 | 15 दिवस | 150+27+ 500= 677 | सी व उच्च |
| 04 | जनपद-पीलीभीत के अंतर्गत शारदा सागर डैम के किमी0 10.000 से किमी0 20.000 तक जंगल सफाई का कार्य। | 6.05 | 0.125 | 15 दिवस | 225+41+ 500= 766 | सी व उच्च |
| 05 | जनपद-पीलीभीत के अंतर्गत शारदा सागर डैम पर सीपेज लॉन्गा ड्रेन किमी0 10.00 से किमी0 17.200 तक सफाई का कार्य। | 3.30 | 0.07 | 15 दिवस | 150+27+ 500= 677 | सी व उच्च |
| 06 | न्यूरिया ड्रेन के किमी0 5.555 पर स्थित वी0आ0बी0 के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 12.00 | 0.24 | 60 दिवस | 300+54+ 500= 854 | सी व उच्च |
| 07 | कल्यानपुर ड्रेन के किमी0 0.757 पर स्थित वी0आ0बी0 के पुर्ननिर्माण का कार्य। | 10.00 | 0.20 | 60 दिवस | 300+54+ 500= 854 | सी व उच्च |

एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। कार्यालय बन्द होने की दशा में यह ई-निविदा अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेंगी। निविदा नोटिस प्रपत्र एवं शर्तो की जानकारी http:/etender.up.nic.in व विभागीय बेवसाईट http:/idup.gov.in पर उपलब्ध है।
नोट- 1. पेन्टिंग के कार्यो में मैक्सफाल्ट / इमलशन ठेकेदार को स्वयं क्रय करना होगा जिसकी सी0आर0सी (इनवायस) भुगतान से पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
2. जी0एस0टी0 नियमानुसार ठेकेदार को देय होगी।

UP-239182 दिनांक 18.10.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत।


# इस्लाम के राजनीतिक नजरिये पर चर्चा जरूरी : मौलाना शहाबुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बोले, चर्चा होने पर इस्लाम का सियासी नजरिया और सियासत का तरीका स्पष्ट तौर पर आएंगे सामने**

**अमृत विचार** : आल इंडिया मुस्लिम जमात ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर में दिए गए भाषण का समर्थन किया है। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा था कि ब्रिटिश उपनिवेश की चर्चा होती है, फ्रांसीसी उपनिवेश की चर्चा होती है, लेकिन ''''राजनीतिक इस्लाम'''' की चर्चा नहीं होती है, जिसने सनातन आस्था पर सबसे ज्यादा कुठाराघात किया। पूर्व में हमारे पूर्वजों ने राजनीतिक इस्लाम के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ी है। इस पर भी चर्चा होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान पर जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सहमति जताते हुए कहा कि इस्लाम के राजनीतिक नजरिये पर चर्चा जरूर होनी चाहिए, ताकि इस्लाम का सियासी नजरिया और सियासत करने का तरीका लोगों के सामने स्पष्ट तौर पर सामने आएं। इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो इंसानी जिंदगी के तमाम पहलुओं पर तफसील से रोशनी डालता है। रोजाना की जिंदगी गुजारने का तरीका सिखाता है। मौलाना ने कहा कि मुस्लिम समाज में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो सियासत को इस्लाम से अलग करके देखते हैं और वह लोग सियासत को गलत काम का पेड़ समझते हैं, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि सियासत इस्लाम के अंगों में से एक बड़ा अंग है। इस्लाम ने सियासत करने को कभी मना नहीं किया, बल्कि अच्छी सियासत करने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया है। मौलाना ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म पर प्रहार की जो बात कही है, वह ऐतिहासिक दृष्टिकोण से दुरुस्त नहीं है। इस्लाम कभी दूसरे धर्म के लोगों पर जबरन और दबाव नहीं डालता बल्कि बातचीत के जरिये समझौते की बात करता है।

### बरेली के खिलाड़ियों का मंडलीय प्रतियोगिता में दबदबा

**बरेली, अमृत विचार** : बदायूं में हुई विद्यालयीय मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अलग-अलग वर्गों में कई पदक जीते। पदक जीतने वाले अधिकांश खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय एथलीट एवं एनआईएस कोच अजय कश्यप से निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। प्रतियोगिता में रिदम शर्मा ने सामान्य वर्ग में 400 मीटर, 200 मीटर दौड़ व 400 मीटर हर्डल्स में स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। रोहित भदौरिया ने सीनियर वर्ग में 800 मीटर, 1500 मीटर और 3000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप भी जीती। मोहित शर्मा ने 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ व लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीते।

# युवतियों से छेड़छाड़ कर मांगा नंबर, पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में डोसा खाने गईं दो युवतियों के साथ दो शोहदों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। छेड़छाड़ करते हुए लगातार पीछा कर रहे दोनों शोहदों को पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि बुधवार को वह अपनी सहेली के साथ डोसा खाने के लिए शील चौक पर गई थी। दोनों कई महीनों से डोसा खाने जाती रहती हैं। इसके कारण डोसा बनाने वाला उन्हें पहचानने लगा है। आरोप है कि वहीं पर दिनेश गुप्ता भी डोसा खा रहा था जो अपने दोस्त रोहित कक्कड़ के साथ वहां पहुंचा था। इसके बाद वह दोनों डोसा खाकर वहां से चली गईं। इस पर दिनेश गुप्ता और रोहित कक्कड़ बुलेट से पीछा करते हुए पहुंचे। दोनों बुलेट को आगे लगा कर रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगे। दोनों अनसुना कर वहां से निकल गईं। दोनों दोबारा पीछा करते हुए मोबाइल नंबर मांगने लगे। इसके बाद देर शाम शील चौक स्थित मेडिकल से निकलने पर दोनों ने छेड़छाड़ करते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया। सेलेक्शन प्वाइंट पर भी दोनों पीछा करते पहुंचे। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने दोनों को दबोच लिया। इसके बाद भी दोनों जान से मारने की धमकी देते रहे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



अगर औरत आजाद नहीं हो सकती तो मर्द कभी आजाद नहीं हो सकता।

–इस्मत चुगताई, उर्दू साहित्यकार

## वैश्विक उपलब्धि

देश वैश्विक वन क्षेत्र रैंकिंग में दसवें से नौंवे स्थान पर पहुंच गया है। यह नई पायदान मात्र संख्यात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि पर्यावरणीय, नीतिगत और नैतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा सकती है। वनों की अंधाधुंध कटाई से दुनिया में गहराते पारिस्थितिकी संकट के समय में भारत की कामयाबी वैश्विक पर्यावरणीय क्षेत्र मं प्रेरणास्पद है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत के कुल करीबन 24 फीसद क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान लगभग 1,500 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई। खास बात यह कि यह बढ़ोतरी जल, जंगल और जमीन बचाने वाले जन आंदोलनों की गति और प्रभाव के कम होने के बाद हुई है। जन आंदोलनों के प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु सरकारी नीतियों, तकनीकी साधनों और सामुदायिक भागीदारी ने इस मामले में बहुत अग्रणी भूमिका निभाई है। ग्रीन इंडिया मिशन, राष्ट्रीय वनीकरण कार्यक्रम, कंपेंसटरी अफॉरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी और मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कार्य, एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियानों ने हरियाली को इस पायदान पर ऊपर चढ़ने में मदद की है। इन अभियानों में आम लोगों की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्यों को करोड़ों रुपये दिए गए, ताकि राज्य कटे वनों के बदले में नए पौधे लगा सकें। इन्हीं प्रयासों की वजह से बीते सालों में वन क्षेत्र के आंकड़ों में आशातीत वृद्धि दर्ज की गई है। ब्राजील, इंडोनेशिया और अफ्रीका के देशों में बड़े पैमाने पर वन विनाश जारी है, इस उपलब्धि में इस वैश्विक गिरावट का बड़ा हाथ है, ऐसे में यह सफलता भले स्थायी न हो पर यह उस संघर्ष की शुरुआत है, जो 'संख्याओं की हरियाली' से आगे जाकर 'प्रकृति की वास्तविक हरियाली' की ओर ले जाती है।

यह नंगा सच है कि विकास, औद्योगिकीकरण, खनन और शहरी विस्तार के नाम पर वनों की जबरदस्त कटाई से भारत में पिछले दशक में लगभग 14 लाख हेक्टेयर प्राकृतिक वन क्षेत्र नष्ट हुआ है। सवाल है कि कटते जंगलों के दौर में वन क्षेत्र बढ़ कैसे रहा है? असल में कटे पुराने, जैव विविधता संपन्न प्राकृतिक वनों की जगह नए कृत्रिम वनों या वृक्षारोपण क्षेत्र बढ़ते जा रहे हैं। ये हरियाली ला सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक वनों जैसे पारिस्थितिकी तंत्र, वन्यजीव आवास या जल संरक्षण का विकल्प कभी नहीं बन सकते। इस तरह जंगल काटकर उनकी जगह नए पौधे लगाना पर्यावरणीय दृष्टि से केवल एक 'संकेतात्मक उपाय' भर है, न कि वास्तविक विकल्प। प्राकृतिक वनों की मिट्टी, जैव विविधता और सूक्ष्म जलवायु दशकों में बनती है। नये पौधों को उस स्तर तक पहुंचने में 40–50 वर्ष लग सकते हैं, इसलिए यह वृद्धि आंकड़ों में तो है, धरातल पर नहीं। भविष्य के लिए जरूरी है कि सरकार वृक्षारोपण के साथ-साथ प्राकृतिक वन संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और वन्यजीव आवास सुरक्षा पर समान रूप से बल दे। पर्यावरणीय शिक्षा, जलवायु-अनुकूल शहरी नियोजन और टिकाऊ विकास की नीति को जीवनशैली का हिस्सा बना कर ही हम इस क्षेत्र में देश को कुछ वर्षों में और ऊपर ला सकेंगे।

### प्रसंगवश

## 80 बरस का हुआ यूएनओ कितना रह गया प्रासंगिक

वर्ष 1945 में दुनिया के 50 देशों ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था।



योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गईं कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमारियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं।

इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई, हालांकि विडंबना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 80 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 80 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थायी सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थायी सदस्यता के लिए तमाम मापदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं, लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थायी सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थायी सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है, हालांकि स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है, लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थायी सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थायी सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थायी सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं बन पा रहा है।

## आर्थिक परिदृश्य में वृद्धि और असमानता का द्वंद्व





डॉ. शिवम भारद्वाज

असिस्टेंट प्रोफेसर, जीएलए यूनिवर्सिटी, मथुरा

एलियांज ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट-2025, 2024 में भारतीयों की संपत्ति और निवेश के बदलते रुझानों को उजागर करती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान घरेलू वित्तीय संपत्ति में 14.5 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई, जो पिछले आठ वर्षों में सबसे बड़ी छलांग है। प्रतिभूतियों में 28.7 प्रतिशत, बीमा और पेंशन योजनाओं में 19.7 प्रतिशत और बैंक जमा में 8.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि भारतीय समाज अब केवल बचत-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर निवेश-केंद्रित मानसिकता की ओर अग्रसर हो रहा है। इस बदलाव में निवेशकों की संख्या और जोखिम-सचेत, दीर्घकालिक सोच वाले निवेशकों की भागीदारी दोनों बढ़ी है।

शेयर बाजार की गतिविधि भी इस बदलाव की पुष्टि करती है। 2020 में सक्रिय निवेशकों की संख्या 4.9 करोड़ थी, जो मार्च 2024 तक बढ़कर 13.2 करोड़ तक पहुंच गई। दिसंबर 2024 के अंत तक बीएसई शेयर बाजार पूंजीकरण और जीडीपी का अनुपात 136% तक पहुंच जाना यह संकेत देता है कि निवेशक अधिक परिपक्व, दीर्घकालिक सोच वाले और जोखिम सचेत हो रहे हैं। घरेलू निवेशकों की बढ़ती संख्या और वित्तीय उत्पादों में विविधता ने अर्थव्यवस्था को नया आत्मविश्वास दिया है, हालांकि संपत्ति वृद्धि के साथ आर्थिक असमानता भी लगातार बढ़ रही है। 2024 में देश की कुल संपत्ति का 65% शीर्ष 10% लोगों के पास केंद्रित था, जबकि 2004 में यह अनुपात 58 प्रतिशत था। औसत और मध्यक संपत्ति का अनुपात 2.6 से बढ़कर 3.1 हो गया, जो आर्थिक दूरी के बढ़ते अंतर का एक संकेत है।

> एलियांज ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट–2025, 2024 में भारतीयों की संपत्ति और निवेश के बदलते रुझानों को उजागर करती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान घरेलू वित्तीय संपत्ति में 14 .5 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई।

वित्तीय साक्षरता में सुधार हुआ है, लेकिन व्यापक स्तर पर यह अभी भी सीमित है। केवल 38.9 प्रतिशत भारतीय वयस्क वित्तीय रूप से सक्षम हैं। शहरी क्षेत्रों में यह 41.9 प्रतिशत है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में 37.6 प्रतिशत। दक्षिण भारत में 46 प्रतिशत, जबकि मध्य भारत में केवल 32.9 प्रतिशत पर सिमटा हुआ है। यह असमानता शिक्षा और अवसर के वितरण में भिन्नता को उजागर करती है और संकेत देती है कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच अब भी सामाजिक और भौगोलिक कारकों पर निर्भर है।

बैंकिंग समावेशन में सुधार हो रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन सूचकांक के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 में यह 67 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो मार्च 2024 के 64.2 प्रतिशत से 4.3 अंक अधिक है। महिलाओं की स्थिति भी सुधरी है। उनके पास 39.2 प्रतिशत बैंक खाते हैं और वे कुल जमा का 39.7 प्रतिशत योगदान कर रही हैं। ग्रामीण महिलाओं की बैंकिंग पहुंच 42.2 प्रतिशत तक बढ़ी है। डिजिटल वित्तीय सेवाओं में भी 60 प्रतिशत भारतीय महिलाएं स्मार्टफोन का उपयोग कर रही हैं, जबकि ग्रामीण महिलाओं द्वारा डिजिटल लेनदेन में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि तकनीक वित्तीय अवसरों को व्यापक बना रही है और पारंपरिक बाधाओं को धीरे-धीरे कम कर रही है।

हालांकि यह तस्वीर पूरी तरह संतुलित नहीं है। डिजिटल डिवाइड, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कम भागीदारी और सीमित वित्तीय जागरूकता यह दिखाते हैं कि आंकड़ों में दिख रही वृद्धि का लाभ अभी समाज के सभी हिस्सों तक नहीं पहुंच रहा। वित्तीय उत्पादों तक पहुंच का अर्थ केवल खाता खुलवाना या ऐप डाउनलोड करना नहीं है। इसका प्रभावी और सुरक्षित उपयोग होना आवश्यक है। यही वह बिंदु है, जहां असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

यहां निवेश व्यवहार में विविधता दिखती है। शेयर बाजार और फ्यूचर-ऑप्शन ट्रेडिंग उच्च लाभ के अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन जोखिम, जटिलताएं और अस्थिरता अधिक है। इन निवेश माध्यमों के लिए गहन जानकारी, कंपनियों की वित्तीय रिपोर्ट और उद्योग विश्लेषण की समझ आवश्यक है, इसलिए सीमित जानकारी और अनुभव के अभाव में कई लोग इन विकल्पों से बचते हैं। क्रिप्टोकरेंसी जैसी नई संभावनाएं भी मौजूद हैं, लेकिन अत्यधिक अस्थिरता और नियामक अनिश्चितता निवेशकों को हिचकिचाहट में रखती है, ऐसे में अधिकांश लोग अब भी सुरक्षित विकल्पों, बैंक बचत खाते और फिक्स्ड डिपॉजिट को प्राथमिकता देते हैं। सोना और चांदी सदियों से भरोसेमंद विकल्प रहे हैं। 2024-25 में इन धातुओं ने निवेशकों को आकर्षित किया, खासकर जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव खासा देखा गया। लोग सोना-चांदी को मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता का माध्यम मानते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति मिश्रित है। वैश्विक वित्तीय साक्षरता का औसत लगभग 33 प्रतिशत है, जबकि भारत में यह 35 प्रतिशत के आसपास है। सतही तुलना में भारत थोड़ा आगे दिखता है, लेकिन विकसित देशों की 55–75 प्रतिशत की दर से अभी भी पीछे है। वित्तीय साक्षरता और संपत्ति वितरण के असंतुलन का प्रभाव सीधे आर्थिक स्थिरता और अवसरों पर पड़ता है। जब केवल एक-तिहाई आबादी वित्तीय रूप से सक्षम है, तो लाभ और अवसर कुछ वर्गों तक ही सीमित रहेंगे। यही कारण है कि शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी के पास दो-तिहाई से अधिक संपत्ति केंद्रित है। यह केवल संख्याओं की कहानी नहीं है, बल्कि समाज की दीर्घकालीन स्थिरता और समावेशन पर भी असर डालता है।

भारत की मौजूदा आर्थिक स्थिति को 'वृद्धि' और 'विसंगति' के द्वंद्व में देखा जा सकता है। एक ओर निवेश, संपत्ति वृद्धि और महिलाओं की भागीदारी उत्साहजनक हैं, वहीं दूसरी ओर संपत्ति और अवसर वितरण में खाई लगातार बढ़ रही है। यह द्वंद्व भविष्य की आर्थिक नीतियों और निवेश संरचना की सबसे बड़ी कसौटी बनने वाला है।

### आमने सामने



खेसारी लाल को यहां पर भेज दिया है। इन लोगों के पास अब कोई उम्मीदवार बचा ही नहीं है। आपके यहां पर एक नाचने वाले को ही भेज दिया। यह लालू प्रसाद यादव का बिहार नहीं है जो अराजकता के लिए बदनाम था।

–सम्राट चौधरी
भाजपा नेता

राजनीति में कुछ लोग कलाकारों को नीचा दिखाकर खुद को ऊंचा दिखाना चाहते हैं, लेकिन जनता सच्चाई जानती है। मेरे गानों की वजह से छपरा में जलजमाव नहीं हुआ, बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकी और अस्पतालों की हालत भी मेरी वजह से नहीं बिगड़ी। –खेसारी यादव
आरजेडी उम्मीदवार



## ट्रंप के दबाव की रणनीति व बदलती भू- राजनीति



डॉ. विकास शुक्ला

कानपुर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दादागिरी और अनर्गल बयानबाजी बढ़ती ही जा रही है। कभी भारत तो कभी ब्राजीज और चीन पर टैरिफ का बम फोड़ने वाले ट्रंप ने पहले वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को ड्रग तस्कर बताकर उन पर इनाम रख दिया। वेनेजुएला की नौकाओं और पोत पर आए दिन हमले करा रहे ट्रंप ने अब कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को ड्रग तस्कर बता दिया है। इतना ही नहीं ट्रंप ने कोलंबिया को अमेरिकी मदद रोकने की घोषणा के साथ ही चेतावनी दी है कि अगर पेट्रो ने ड्रग तस्करी रोकने को लेकर उचित कदम नहीं उठाया तो अमेरिका खुद कार्रवाई करेगा।

ब्रिक्स देशों को डॉलर के मुकाबले मुद्रा न बनाने के लिए लगातार धमका रहे ट्रंप को जवाब देने का समय आ गया है। चीन ने रेयर अर्थ की अमेरिका को आपूर्ति रोक कर ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। भारत ने रूस से तेल की खरीद का भुगतान चीनी मुद्रा में करके उन्हें बता दिया है कि भारत झुकने वाला नहीं है। जरूरत है कि चीन और भारत जैसा कदम दुनिया के अन्य देश भी उठाएं, ताकि अमेरिकी दादागिरी बंद हो और टैरिफ की मार से राहत मिले।

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कभी भारत, कभी ब्राजील व चीन पर टैरिफ का बम फोड़ते हैं तो अब वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को ड्रग तस्कर बता दिया है।

अमेरिका पूरी दुनिया को अपने तरीके से चलाना चाहता है। पहले ईराक में सद्दाम हुसैन, लीबिया में कर्नल गद्दाफी का खात्मा करने वाले अमेरिका ने सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद और बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट कराया। अब वह वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को सत्ता से हटाने की कोशिश में लग गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि जहां उनके मनमुताबिक राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री नहीं है, उन्हें किसी न किसी तरीके से सत्ता से बेदखल किया जाए। इसके लिए ट्रंप हर हथकंडा अपनाने को तैयार हैं।

ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को अवैध ड्रग तस्कर बताया है। उन्होंने लिखा है कि पेट्रो देशभर में छोटे और बड़े खेतों में भारी मात्रा में ड्रग्स की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। पेट्रो इसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे, जबकि अमेरिका की तरफ से उन्हें बड़ी आर्थिक मदद और सब्सिडी मिल रही है। अगर वे इसे नहीं रोकेंगे तो अमेरिका कार्रवाई करेगा। पेट्रो ने अभी ट्रंप के आरोपों का जवाब नहीं दिया है, लेकिन माना जा रहा है कि मादुरो की तरह ही वे भी ट्रंप के विरुद्ध आवाज बुलंद करेंगे। ट्रंप के इस बयान से अमेरिका और कोलंबिया के रिश्तों में और तनाव आने की संभावना है।

अमेरिका के विदेश विभाग ने गुस्तावो पेट्रो का वीजा भी रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई तब की गई जब पेट्रो न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने आए थे। कहा जा रहा है कि ट्रंप पेट्रो से इसलिए नाराज हैं, क्योंकि वे उनकी नीतियों का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने कभी उनकी हां में हां नहीं मिलाई। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो भी अमेरिका की साम्राज्यवादी नीति के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे हैं। जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेनेजुएला के समुद्र तट पर अपने युद्धपोत और सैनिक भेजे, तो उन्होंने भी सेना को मोर्चे पर तैनात कर दिया और ट्रंप को यह संदेश दे दिया कि अब बहुत हुआ वे झुकेंगे नहीं। यही वजह है कि वे ट्रंप की आंखों में खटक रहे हैं।

रूस से तेल आयात करने पर भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने वाले ट्रंप ने चीन पर भी सौ फीसद टैक्स लगा दिया है। ब्राजील की तरह ही चीन के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जवाब दिया है। रेयर अर्थ की अमेरिका को बड़ी जरूरत है, लेकिन चीन ने इस पर नियंत्रण बढ़ाकर अमेरिका की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। इससे ट्रंप और उनके सहयोगियों की छटपटाहट साफ दिख रही है। अभी भी कुछ देश ऐसे हैं जो ट्रंप की मनमानी का विरोध करने को तैयार नहीं हैं। वे भूल रहे हैं कि ट्रंप बारी-बारी हर देश पर अपनी नीतियों को थोपेंगे, क्योंकि उनके लिए दोस्ती नहीं बल्कि व्यापार की नीति हावी है। पूरी तरह से व्यापारी बन चुके ट्रंप ने अपने सबसे भरोसेमंद दोस्त भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

अमेरिकी अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री और राजनीतिक विशेषज्ञ और विदेश नीति के जानकार उनकी इस नीति का विरोध कर रहे हैं, लेकिन ट्रंप हैं कि मानते नहीं। भारत को झुकाने के लिए ही उन्होंने बार-बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिफ मुनीर को अमेरिका बुलाया, लेकिन वे भूल गए कि अब भारत की कमान नरेंद्र मोदी के हाथ में है, जो उनके दबाव में नहीं आने वाले हैं। भारत ने ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब देना शुरू कर दिया है। रूस से तेल खरीद में भारत ने चीनी मुद्रा में भुगतान शुरू करके ट्रंप को बड़ी चुनौती दी है। अमेरिका, अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस पर पुनः कब्जा करना चाहता हैं, लेकिन भारत ने रूस, चीन के साथ मिलकर इसका विरोध किया है। इससे अमेरिका के तेवर ढीले हुए हैं पर अकड़ अब भी बाकी है। जरूरत तो इसी बात की है कि अमेरिका के सताए अन्य देश भी अब भारत, चीन और रूस जैसे देशों के साथ खड़े हों और ट्रंप को उनकी भाषा में जवाब दें, ताकि अमेरिकी दादागिरी रुके।

### सोशल फोरम

## एक बादशाह की बदनसीबी

17 अक्टूबर 1858 को बाहदुर शाह जफर मकेंजी नाम के समुद्री जहाज से रंगून पहुंचा दिए गए थे। शाही खानदान के 35 लोग उस जहाज में सवार थे, कैप्टन नेल्सन डेविस रंगून का इंचार्ज था, उसने बादशाह और उसके लोगों को बंदरगाह पर रिसीव किया और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी हुकूमत के बादशाह को लेकर अपने घर पहुंचा। बहादुर शाह जफर कैदी होने के बाद भी बादशाह थे,



हिस्ट्री अनफोल्डेड

फेसबुक

इसलिए नेल्सन परेशान था, उसे ये ठीक नहीं लग रहा था कि बादशाह को किसी जेल खाने में रखा जाए, इसलिए उसने अपना गैराज खाली करवाया और वहीं बादशाह को रखने का इंतजाम कराया।

बहादुर शाह जफर 17 अक्टूबर 1858 को इस गैराज में गए और सात नवंबर 1862 को अपनी चार साल की गैराज की जिंदगी को मौत के हवाले कर के ही निकले।

सात नवंबर 1862 को बादशाह की खादिमा परेशानी के हाल में नेल्सन के दरवाजे पर दस्तक देती है। बर्मी खादिम आने की वजह पूछता है। खादिमा बताती है कि बादशाह जिंदगी की आखिरी सांसें गिन रहे हैं। खादिम कहता है, "अभी साहब कुत्ते को कंघी कर रहे हैं। मैं उन्हें डिस्टर्ब नहीं कर सकता। खादिमा जोर-जोर से रोने लगती है। आवाज सुनकर नेल्सन बाहर आता है। खादिमा की गुजारिश सुनकर वो गैराज पहुंचता है।

बादशाह की आखिरी आरामगाह में बदबू फैली हुई थी और मौत की खामोशी थी बादशाह का आधा कंबल जमीन पर और आधा बिस्तर पर। नंगा सर तकिए पर था, लेकिन गर्दन लुढ़की हुई थी। आंख बहार को निकली हुई थी और सूखे होंठों पर मक्खी भिनभिना रही थी। नेल्सन ने जिंदगी में हजारों चेहरे देखे थे, लेकिन इतनी बेचारगी किसी के चेहरे पर नहीं देखी थी। वो बादशाह का चेहरा नही बल्कि दुनिया के सबसे बड़े भिखारी का चेहरा था। उसके चेहरे पर एक ही फरमाइश थी, आजाद सांस की।

हिंदुस्तान के आखिरी बादशाह की जिंदगी खत्म हो चुकी थी। कफन-दफन की तैयारी होने लगी। शहजादा जवान बख्त और हाफिज मोहम्मद इब्राहीम देहलवी ने गुसुल दिया। बादशाह के लिए रंगून में जमीन नहीं थी। सरकारी बंगले के पीछे खुदाई की गई और बादशाह को खैरात में मिली मिट्टी के नीचे दफन कर दिया गया। उस्ताद हाफिज इब्राहीम देहलवी की आंखों को सामने 30 सितंबर 1837 के मंजर दौड़ने लगे, जब 62 साल की उम्र में बहादुर शाह जफर तख्त नशीं हुए थे। वो वक्त कुछ और था ...ये वक्त कुछ और था। इब्राहीम दहलवी सूरह तौबा की तिलावत करते हैं। नेल्सन कब्र को आखिरी सलामी पेश करता है और एक सूरज गुरूब हो जाता है!

### सामयिकी

## नेपाल में लोकतंत्र बहाली की तैयारी व सियासत





यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में हाल ही हिंसात्मक आंदोलन और अंतरिम सरकार के अस्तित्व में आने के करीब एक माह बाद माओवादी केंद्र ने पहली मर्तबा जनसभा की। इस मौके पर उन्होंने नेपाली मीडिया से भी बात की। बातचीत में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से चुनाव की तैयारी में जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि अंतरिम सरकार ने जिस समय सीमा के भीतर चुनाव की घोषणा की है उस पर कायम रहते हुए चुनाव कराया जाना चाहिए।

नेकपा (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' बुधवार को मधेश प्रदेश के महोत्तरी के राम गोपालपुर में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा और पार्टी प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। नेपाल में हाल ही में हुए तख्तापलट और हिंसात्मक आंदोलन के बाद किसी राजनीतिक दल का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। राम गोपालपुर जाने के लिए जनकपुर धाम हवाई अड्डे पर पहुंचे प्रचंड ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत करते हुए सरकार से आग्रह किया कि वह शीघ्र ही चुनाव के लिए आवश्यक माहौल तैयार करे।

प्रचंड ने कहा, "निर्वाचन तय समय पर होना चाहिए। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए। सरकार की हाल ही में राजनीतिक दलों के साथ हुई वार्ता से यह संकेत मिला है कि सरकार धीरे-धीरे चुनाव की दिशा में गंभीर हो रही है, लेकिन अभी भी पूर्ण वातावरण तैयार नहीं हुआ है। प्रचंड ने कहा कि असाधारण परिस्थितियों में गठित अंतरिम सरकार पहले ही चुनाव की घोषणा कर चुकी है, इसलिए अब सभी दलों को निर्वाचन की तैयारी में पूरी तरह जुट जाना चाहिए।

सत्ता से हटाए गए केपी शर्मा ओली चुनाव में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। उन्होंने तय समय-सीमा में चुनाव पर भी संदेह जताया है। पिछले दिनों अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम में उन्होंने साफ कह दिया कि एमाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। एमाले के इस घोषणा के बाद नेपाल की राजनीति में अनिश्चितता का खतरा उत्पन्न हो गया है। ओली सरकार में प्रमुख सहयोगी रही नेपाली कांग्रेस का चुनाव को लेकर अभी कोई बयान सामने नहीं आया है। जहां तक अन्य राजनीतिक दलों की बात है तो माना जा रहा है कि देर-सवेर अन्य राजनीतिक दल चुनाव में आएंगे ही।

एमाले, नेपाली कांग्रेस के बाद माओवादी केंद्र तीसरा बड़ा राजनीतिक दल है। माओवादी केंद्र के चुनाव का समर्थन करने के बाद मुमकिन है, नेपाली कांग्रेस भी चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करे। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने अपने वायदे के मुताबिक छः महीने में चुनाव कराने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार नेपाली जनता को निर्भय और स्वतंत्र वातावरण में मतदान करने का अवसर देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



# इकोसिस्टम के लिए खतरा
# कीटों की घटती प्रजातियां



सुनील कुमार महला
स्वतंत्र पत्रकार

हाल ही में एक एक खबर पढ़ी कि 'पिछले 150 वर्षों में लाखों कीट प्रजातियां लुप्त हो चुकी हैं और हर साल शेष कीट बायोमास का 1 से 2.5 प्रतिशत तक नष्ट हो रहा है।' बड़ी बात यह है कि इन कीटों का पतन सिर्फ और सिर्फ महाद्वीपों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पृथ्वी के सबसे दूर बसे द्वीप भी इसकी चपेट में हैं। बहरहाल यह बहुत गंभीर और चिंताजनक पर्यावरणीय मुद्दा है कि आज दुनियाभर में चींटियां, मधुमक्खियां, तितलियां और अन्य परागण करने वाले कीट (पालीनेटर) कम हो रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो आज दुनियाभर में कीटों का संसार खतरे में है। उल्लेखनीय है कि महाद्वीपों और द्वीपों पर कीटों के पतन को वैज्ञानिक 'इनसेक्ट एपोकलिप्स' यानी 'कीट प्रलय' के नाम से जानते हैं। वास्तव में इनके घटने के कई कारण हैं। मसलन इनमें क्रमशः खेती में कीटनाशकों का अंधाधुंध और अवैज्ञानिक प्रयोग, कीटों के प्राकृतिक आवासों (हेबिटेट) का लगातार नष्ट होना, जलवायु परिवर्तन, बढ़ता पर्यावरणीय प्रदूषण (मिट्टी, जल, वायु) बीमारियां और परजीवी आदि को शामिल किया जा सकता है। यहां तक कि प्रकाश और ध्वनि प्रदूषण भी कीटों की विलुप्ति का एक बड़ा कारण बनकर उभरा है।





जापान के ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के एंटोमोलॉजिस्ट इवान इकोनोमो ने फिजी द्वीपसमूह की चींटी प्रजातियों के जीनोम विश्लेषण से बताया है कि यहां स्वदेशी चींटी प्रजातियां 79 प्रतिशत घट गई हैं। गिरावट इंसानों के द्वीपों पर करीब 3,000 साल पहले आगमन के साथ शुरू हुई और पिछले 300 वर्षों में यूरोपीय संपर्क, वैश्विक व्यापार और आधुनिक कृषि के फैलाव के साथ तेज हो गई। यह शोध जर्नल साइंस में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी पर लगभग 5.5 मिलियन कीट प्रजातियां हो सकती हैं, जिनमें से लगभग 1 मिलियन को ही अब तक वैज्ञानिकों ने पहचाना और नामित किया है। इसका अर्थ यह है कि लगभग 80 प्रतिशत कीट प्रजातियां अभी भी अज्ञात हैं, जो जैविक अनुसंधान के लिए एक बड़ा क्षेत्र प्रस्तुत करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) के अनुसार जुलाई 2016 तक 58 कीट प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी हैं, जबकि 46 प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं और एक प्रजाति केवल वन्यजीवों में ही विलुप्त हो चुकी है। यहां यदि हम कीटों की विलुप्ति दर की बात करें, तो वैश्विक स्तर पर, पिछले 150 वर्षों में कीटों की लगभग 5 से 10 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं, जो लगभग 2,50,000 से 5,00,000 प्रजातियों के बराबर है। गौरतलब है कि जर्मनी में 63 नेचर रिजर्व्स में उड़ने वाले कीट 30 वर्षों में 75 प्रतिशत तक घट गए। इतना ही नहीं, अमेरिका में बीटल की संख्या 45 वर्षों में 83 प्रतिशत घटी और तितलियों की कई प्रजातियां संकट में हैं। यूरोप की घासभूमि में तितलियों की आबादी केवल एक दशक में 36 प्रतिशत घटी है।

## कीट प्रलय का भारत में असर

कीट प्रलय का असर भारत में भी दिख रहा है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार मेलघाट, महाराष्ट्र में प्रकाश प्रदूषण ने मेफ्लाई और अन्य कीटों की संख्या को लगभग 2 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से घटा दिया है। जंगलों के पास बने रिसॉर्ट्स और उनकी तेज रोशनी कीटों के प्राकृतिक चक्र को तोड़ रही है। भारत के हिमालय प्रदेश में मधुमक्खियों और तितलियों जैसे परागणकर्ता की संख्या और विविधता लगातार घटती चली जा रही है। पश्चिमी घाट, जिसे भारत का जैव-विविधता हॉटस्पॉट माना जाता है, में कीटों की संख्या में गिरावट एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। यह क्षेत्र 6,000 से अधिक कीट प्रजातियों का घर है, जिनमें से कई प्रजातियां केवल यहीं पाई जाती हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार दक्षिणी पश्चिमी घाट में तापमान में लगभग 0 .8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है, जो कीटों की विविधता और संख्या में गिरावट का कारण बन रही है। आंकड़े बताते हैं कि पुणे जिले में आठ ड्रैगन फ्लाई प्रजातियां स्थानीय रूप से विलुप्त हो गई हैं, जबकि 27 नई प्रजातियां पाई गई हैं, जो पर्यावरणीय बदलावों का संकेत देती हैं। इतना ही नहीं, पश्चिमी घाट की बात करें तो जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की रिसर्च बताती है कि सुरक्षित जंगलों में मूल चींटी प्रजातियां फल-फूल रही हैं, लेकिन कॉफी, चाय और रबर के बागानों में आक्रामक प्रजातियां हावी हो रही हैं।

बहरहाल कीटों की गिरती संख्या न केवल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) के लिए, बल्कि मानव जीवन के लिए भी खतरे की घंटी है, क्योंकि ये परागण, पोषक चक्रण और खाद्य श्रृंखला के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। इसलिए हमारे देश में विशेषकर पश्चिमी घाट में कीटों की विविधता और संख्या की रक्षा के लिए तत्काल और प्रभावी संरक्षण उपायों की आवश्यकता है। आज कीटों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। मसलन इसके लिए हमें यह चाहिए कि हम रसायनों (कीटनाशकों) के उपयोग में कटौती करें। आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। जैव-विविधता के संरक्षण के लिए कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। साथ ही हम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दें। कीटों के प्राकृतिक आवासों की हर हाल में रक्षा करें। वैज्ञानिक अनुसंधान और नीति निर्माण इस दिशा में सकारात्मक कदम साबित हो सकते हैं। कीटों की विलुप्ति एक गंभीर पर्यावरणीय संकट है, लेकिन यदि समय रहते जागरुकता, नीति और सामूहिक प्रयास किए जाएं, तो इसे काफी हद तक रोका जा सकता है। चाहे पर्यावरण प्रेमी हों या नीति-निर्माता, यह विषय सबके लिए महत्वपूर्ण है।



---

## विज्ञान फैक्ट

### धातुएं, जो हवा और पानी के संपर्क में आने पर फट जाती हैं



कुछ धातुएं हवा और पानी के संपर्क में आते ही तीव्र प्रतिक्रिया करती हैं और कभी-कभी फट भी जाती हैं। ये धातुएं क्षार धातुएं कहलाती हैं। जैसे लिथियम, सोडियम, पोटैशियम, रुबिडियम, सीजियम और बहुत दुर्लभ रूप से फ्रैंशियम है। इनका बाहरी कक्षा में केवल एक इलेक्ट्रॉन होता है, इसलिए ये उस इलेक्ट्रॉन को आसानी से त्याग कर ऑक्सीकृत हो जाती हैं और तीव्र रासायनिक प्रतिक्रियाएं करती हैं। ये धातुएं हवा के ऑक्सीजन व नमी के संपर्क में आकर तेजी से ऑक्सीकृत होकर ऑक्साइड, हाइड्रॉक्साइड या पेरोऑक्साइड बना लेती हैं, इसलिए खुले हवा में रखें तो सतह पर झनझनाहट या कुछ मामलों में चिंगारी भी पैदा करती है। यह प्रतिक्रिया उष्मा उत्पन्न करती है। सोडियम और खासकर पोटैशियम / रुबिडियम/ सीजियम में जितनी अधिक सक्रियता, उतनी अधिक उष्मा, जिससे उभरता हुआ हाइड्रोजन शराब पकड़ सकता है और विस्फोट/जलन हो सकती है। लिथियम का प्रतिक्रिया दर थोड़ी धीमी होती है, सीजियम व रुबिडियम अत्यंत उग्र प्रतिक्रियाशील होते हैं।

## वाल्डिवियन समशीतोष्ण वर्षावन
## दक्षिण अमेरिका की प्रकृति का खजाना

चिली और अर्जेंटीना के दक्षिणी हिस्से में बसा वाल्डिवियन समशीतोष्ण वर्षावन प्रकृति की अनोखी रचना है। लगभग 2,50,000 वर्ग किलोमीटर में फैला यह प्राचीन वन अपने घने पेड़ों, दुर्लभ वनस्पतियों और विविध जीव-जंतुओं के लिए जाना जाता है। यहां पाए जाने वाले फिट्जरोया कपरेसॉयड्स या अलर्से पेड़ दक्षिण अमेरिका का सबसे विशाल वृक्ष है, जो 3,000 वर्षों से अधिक तक जीवित रह सकता है। यह वृक्ष न केवल अपनी आयु के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वन में कई दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियां भी पाई जाती हैं, जिनमें ह्यूमुल हिरण प्रमुख है। इसके अलावा यहां मैजेलनिक कठफोड़वा जैसी पक्षियों की अनोखी प्रजातियां भी निवास करती हैं। यह वर्षावन शोधकर्ताओं और पर्यावरणविदों के लिए किसी खजाने से कम नहीं, क्योंकि यह समशीतोष्ण वर्षावनों की जैव-विविधता को समझने के लिए एक आदर्श स्थल प्रदान करता है। वाल्डिवियन वन वास्तव में दक्षिण अमेरिका की प्राकृतिक संपदा का चमकता प्रतीक है।

## जंगल की दुनिया



## टेक अपडेट्स

### iQOO 15 मोबाइल लॉन्च



हाल ही में iQ कंपनी ने iQOO 15 मोबाइल लॉन्च किया है। कंपनी ने इस बार परफॉर्मेंस, कैमरा और बैटरी- तीनों में जबरदस्त अपग्रेड दिए हैं। Vivo के इस सब-ब्रांड ने अपने नए फ्लैगशिप स्मार्टफोन को चीन में Snapdragon 8 EliteGen 5 चिपसेट, 7,000mAh बैटरी और तीन 50 MP कैमरों के साथ पेश किया है। इसकी शुरुआती कीमत (करीब 52,000) रखी गई है, फोन के चार वैरिएंट में उपलब्ध होगा।

**परफॉर्मेंस और प्रोसेसर**- यह फोन 3nm Snapdragon 8 Elite Gen 5 चिपसेट पर चलता है, जिसमें Adreno 840 GPU मिलता है। इसके साथ Q3 गेमिंग चिप दी गई है, जो गेमिंग अनुभव को और स्मूथ बनाती है। फोन में Android 16 आधारित OriginOS 6 ऑपरेटिंग सिस्टम है।

**कैमरा सेक्शन**- iQOO 15 में तीन 50MP कैमरों का सेटअप दिया गया है-

50MP प्राइमरी सेंसर (f/1.88)

50MP पेरिस्कोप लेंस (100x डिजिटल जूम)

50MP अल्ट्रा-वाइड कैमरा

सेल्फी के लिए 32MP फ्रंट कैमरा मौजूद है, जो 4K वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट करता है।

बैटरी और चार्जिंग- फोन में 7,000mAh की बैटरी दी गई है, जो 100W वायर्ड और 40W वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट करती है। इसके साथ अल्ट्रासोनिक इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर भी है।

## सजावट के साथ पर्यावरण संतुलन भी जरूरी

आज की दुनिया तेजी से विकास कर रही है, परंतु यह विकास तभी सार्थक माना जाएगा जब वह पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर चले। सतत विकास का यही मूल उद्देश्य है-आज की आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार करना कि भविष्य की पीढ़ियां भी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। कृषि क्षेत्र में, विशेषकर फलोत्पादन में, छोटे-छोटे क्रियाकलापों का पर्यावरण पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। उन्हीं में से एक है-फलों के साथ पत्तियां तोड़ देना। यह कार्य देखने में भले ही सामान्य लगे, लेकिन इसका गहरा प्रभाव पौधों की सेहत, पर्यावरणीय संतुलन और खेती की स्थायित्व क्षमता पर पड़ता है। किसानों और फल विक्रेताओं को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।



### अनावश्यक दोहन ठीक नहीं

- बहुत बार फलों को सजाने के लिए फलों के साथ अधिक पत्तियां तोड़ी जाती हैं-उदाहरण के लिए पूजा, उपहार टोकरी, होटल व्यवसाय या प्रदर्शनियों में। यह एक प्रकार की प्राकृतिक सजावट का व्यापारिक दोहन बन गया है।
- यह कार्य जब तक संतुलन के साथ और सीमित मात्रा में किया जाए, तब तक ठीक है। परंतु यदि बड़े पैमाने पर, बिना संवेदनशीलता के, पत्तियां तोड़ी जाएंगी, तो यह पर्यावरणीय हानि की दिशा में एक और कदम होगा।



डॉ. विकास पटेल
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

### पत्तियों की जैविक भूमिका

पत्तियां पौधे का 'भोजन निर्माण केंद्र' होती हैं। इनका कार्य केवल सौंदर्यवर्धन नहीं होता, बल्कि ये पौधों के जीवन का आधार हैं:

- प्रकाश-संश्लेषण: पत्तियां सूर्य के प्रकाश की सहायता से कार्बन डाइऑक्साइड और जल को मिलाकर ग्लूकोज (भोजन) बनाती हैं।
- श्वसन और वाष्पोत्सर्जन: पत्तियां ही श्वसन और वाष्पोत्सर्जन जैसी प्रक्रियाएं संचालित करती हैं, जिससे पौधा अपने तापमान को नियंत्रित रखता है।
- फल परिपक्वता में योगदान: फल के आसपास की पत्तियां उसके पोषण में सहायक होती हैं और उसके आकार, रंग, मिठास और गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं।
- जब फल के साथ पत्तियां भी तोड़ दी जाती हैं, तो पौधा एक झटके में अपनी ऊर्जा बनाने की क्षमता खो देता है, जिससे आगे की वृद्धि और उत्पादन प्रभावित होता है।

### प्रभावी पहल

- कटाई की तकनीकों में सुधार करें: फल इस तरह से तोड़े जाएं कि उनकी आस-पास की मुख्य पत्तियां सुरक्षित रहें।
- प्रशिक्षण एवं जागरूकता: किसानों को यह बताया जाए कि पत्तियों का महत्व क्या है और वे फल उत्पादन को कैसे प्रभावित करती हैं।
- ग्राहक को शिक्षित करें: उपभोक्ताओं को भी जागरूक करें कि वे फल को केवल उसके सौंदर्य से नहीं, बल्कि उसके उत्पादन प्रक्रिया की समझ से देखें।
- प्राकृतिक सौंदर्य का संरक्षण करें: जितना संभव हो, पत्तियों के बिना सजावट की वैकल्पिक विधियां अपनाएं।

### क्यों है यह प्रक्रिया समस्याग्रस्त

- फसल की दीर्घकालिक उत्पादकता पर असर: बार-बार पत्तियों का अनावश्यक हटाया जाना पौधों की उत्पादकता को घटाता है।
- पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है: पौधे कमजोर हो जाते हैं और कीटों या बीमारियों का आसानी से शिकार बनते हैं।
- मिट्टी की उर्वरता पर प्रभाव: जब पौधा अस्वस्थ होता है, तो उसका जैविक चक्र बाधित होता है, जो मिट्टी की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है।

### क्या है नीतिगत सुझाव

- कृषि विभाग और मंडियां फल विक्रेताओं के लिए दिशा-निर्देश तय करें कि अनावश्यक रूप से पत्तियां न तोड़ी जाएं।
- प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्यक्रमों में इस विषय को भी शामिल किया जाए।
- स्कूल और कृषि महाविद्यालयों में इस पर जागरूकता पाठ्यक्रम जोड़े जाएं।
- "पौधों के सतत विकास के अनुक्रम में फल विक्रेता और किसान फलों के साथ पत्तियां कभी न तोड़ें"-यह कोई मात्र सुझाव नहीं, बल्कि एक चेतावनी और संवेदनशील आह्वान है। यह प्रकृति के साथ हमारे व्यवहार का प्रतिबिंब है। जब हम छोटी बातों को गंभीरता से लेना शुरू करेंगे, तभी हम बड़े स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकेंगे। पत्तियों को न तोड़ना एक छोटी, पर अत्यंत महत्वपूर्ण आदत है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली, उत्पादन और संतुलित विकास का रास्ता सुनिश्चित कर सकती है।

## रोचक किस्से
## स्टबिन्स फिर्थ



स्टबिन्स फिर्थ पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के एक शोधकर्ता थे, जो एक खास वैज्ञानिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे, वह भी एक बेहद आश्चर्यजनक प्रोजेक्ट पर। एक प्रशिक्षु डॉक्टर के रूप में वे इस विचार से इस हद तक ग्रस्त हो गए थे कि पीत ज्वर संक्रामक नहीं है। वे इसे साबित करने की कोशिश में हद से ज्यादा कोशिश करते रहे। सिर्फ एक भरोसेमंद ब्लेड और सच्चाई जानने की अपनी अटूट इच्छा से लैस, फिर्थ ने पहले अपनी बांहें चीरीं और पीत ज्वर के मरीजों की उल्टी को अपने जख्मों पर लगा लिया। जब इससे कोई फर्क नहीं पड़ा, तो उन्होंने उल्टी अपनी आंखों में डाल ली, उस जहरीले तरल को पी लिया, उसे भून लिया और उसके धुएं में सांस ली और पागलपन के अपने आखिरी कृत्य में संक्रमित मरीजों के खून, पेशाब और लार से खुद को ढक लिया। आखिरकार फिर्थ ने अपने सिद्धांत को साबित कर दिया, बशर्ते वे बीमार न हुए। हालांकि अब हम जानते हैं कि यह सब उन्होंने उन मरीजों के नमूने लेने की वजह से भी किया था, जो संक्रमण की अंतिम अवस्था से गुजर चुके थे। दूसरे शब्दों में फिर्थ ने संक्रमित उल्टी निगल ली, लेकिन इससे रोग पर कोई नई रोशनी नहीं पड़ी।

## बिजनेस ब्रीफ

### समय से पीछे एसईसीएल की 12 परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई एसईसीएल की 12 कोयला खनन परियोजनाएं पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण में देरी से तय समय से पीछे चल रही हैं। सरकार के आयात कम करने के लिए घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के बीच ये परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, उक्त परियोजनाओं में से तीन खदानों की लागत 500 करोड़ से अधिक है। पांच की लागत 150 करोड़ से अधिक है। दो की लागत 100 करोड़ से अधिक है। एक की लागत 50 करोड़ से अधिक है। वहीं एक की लागत 20 करोड़ से अधिक है। इनमें से कुछ परियोजनाएं अमादंड खुली खदान, आमगांव खुली खदान परियोजना और विजय पश्चिम भूमिगत खदान हैं। 18 परियोजनाएं तय समय पर चल रही हैं।

### एसबीआई को ग्लोबल फाइनेंस ने किया पुरस्कृत

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब ('वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते। एसबीआई ने कहा कि यह दोहरी मान्यता बैंक की नवाचार, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र में उसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करती है।

### पावरग्रिड की हुई 3375 करोड़ की दो परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने 3,375 करोड़ रुपये की दो प्रमुख परियोजनाओं का अधिग्रहण किया है। ये भारी लोड वाले पारेषण गलियारों पर भार कम करने, बिजली की विश्वसनीयता में सुधार लाने और विभिन्न क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा के निर्बाध हस्तांतरण को सुगम बनाने में मदद करेंगी। पावरग्रिड ने कहा कि इसके अतिरिक्त, वे आगामी पंप स्टोरेज परियोजनाओं से बिजली की निकासी में भी सहयोग करेंगे। उसने बोली से दो एसपीवी विंध्याचल वाराणसी और एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड हासिल किए हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

## डेलॉयट इंडिया ने बढ़ती मांग एवं नीतिगत सुधारों के बीच वृद्धि का लगाया अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने बढ़ती मांग एवं नीतिगत सुधारों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का गुरुवार को अनुमान लगाया। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। कम मुद्रास्फीति, क्रय शक्ति में सुधार के साथ खर्च बढ़ाने में योगदान देगी। डेलॉयट इंडिया की 'भारत आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है जो डेलॉयट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर औसतन 6.8 प्रतिशत बनी हुई है।



● डेलॉयट ने कहा- घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति तथा जीएसटी 2.0 से वृद्धि को बल मिलने की संभावना

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि त्योहारों के दौरान मांग में वृद्धि उपभोग व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि से होने की संभावना है। इसके बाद मजबूत निजी निवेश की उम्मीद है क्योंकि व्यवसाय अनिश्चितताओं का सामना करने और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

### निवेश धारणा में सुधार की उम्मीद

मजूमदार ने कहा कि भारत साल के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ समझौता कर लेगा, जिससे समग्र निवेश धारणा में सुधार होने की उम्मीद है। पहली एवं तीसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि से समग्र वार्षिक वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि, वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील बनी है। अनिश्चितताएं और अमेरिका के साथ समझौता भारत की असमर्थता, ऐसे संभावित जोखिम हैं जो भारत की आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच पर प्रतिबंध और पश्चिमी देशों में उच्च मुद्रास्फीति, भारत में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं।

# कंपनियों का राजस्व मामूली बढ़ा, दूसरी तिमाही में परिचालन लाभ 0.6% कम

● क्रिसिल रेटिंग्स ने किया 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण

मुंबई, एजेंसी

भारतीय कंपनियों का राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में छह प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। गुरुवार को जारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, परिचालन लाभ में सालाना आधार पर 0.6% की कमी आई है।

एजेंसी ने कहा कि बिजली, कोयला, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा और इस्पात क्षेत्रों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दूसरी तिमाही में कॉरपोरेट राजस्व में सालाना आधार पर मामूली 5-6% की वृद्धि की उम्मीद है। एजेंसी ने 600 कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण किया और कहा कि धीमी वृद्धि वाली इन कंपनियों का कुल राजस्व में एक-तिहाई योगदान है। क्रमिक रूप से जुलाई-सितंबर के दौरान राजस्व वृद्धि पूर्ववर्ती अप्रैल-जून तिमाही की तुलना में एक प्रतिशत अधिक होगी।

लाभप्रदता के दृष्टिकोण से मोटर वाहन, औषधि और एल्युमीनियम की कंपनियों को बढ़ी हुई लागत का भार ग्राहकों पर डालने में कठिनाई हुई तथा परिचालन लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में 0.50-1% कम होने का अनुमान है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने आईटी सेवा क्षेत्र पर दबाव डाला, जहां राजस्व वृद्धि 1% तक सीमित रहने का अनुमान है। वहीं इस्पात में राजस्व में 4% की वृद्धि की उम्मीद है, जबकि इस्पात की कीमतों में गिरावट से 9% की मात्रा में वृद्धि हुई है। विद्युत क्षेत्र का राजस्व संभवतः मात्र 1% बढ़ा जो मानसून के दीर्घावधि औसत के 108% रहने एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में 10% की वृद्धि से जल विद्युत उत्पादन में हुई वृद्धि से प्रभावित हुआ, जिससे कोयला उत्पादन की मांग में कमी आई। कोयला क्षेत्र की राजस्व वृद्धि संभवतः स्थिर रही। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से कम कीमतों पर नए भंडार से यात्री वाहनों और एफएमसीजी जैसे खंडों में अस्थायी व्यवधान उत्पन्न हुआ।

### चमड़ा उद्योग के राजस्व में आ सकती है 10-12% की कमी

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा 50% का शुल्क लगाने के बाद चालू वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा और संबद्ध उत्पाद कंपनियों के राजस्व में 10-12% की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिका भारतीय चमड़ा उद्योग के लिए प्रमुख निर्यात बाजार है। निर्यात पर अधिक निर्भरता से, जीएसटी की दरों में कटौती, आयकर में कमी, नियंत्रित मुद्रास्फीति और कम ब्याज दर जैसे अनुकूल आर्थिक कारकों से घरेलू मांग में मामूली सुधार के बावजूद कंपनियों की आय में गिरावट की आशंका है। भारत में चमड़ा और संबद्ध उत्पाद उद्योग के राजस्व में इस वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 10-12% की गिरावट आ सकती है।

# एथनॉल आवंटन को लेकर 350 डिस्टिलरी में अनिश्चितता व्याप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

देश भर में 350 से अधिक चालू डिस्टिलरी को नवीनतम एथनॉल निविदा के तहत अपर्याप्त खरीद आदेशों के कारण अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग निकायों ने आवंटन पद्धति पर चिंता जताई है जो मौजूदा इकाइयों की तुलना में नई प्रवेशकों को तरजीह देती है।

डिस्टिलरी में एथनॉल को आसवन (डिस्टिलेशन) प्रक्रियाओं के माध्यम से बनाया जाता है जिसमें गन्ने के शीरे, मक्के या अन्य बायोमास-आधारित सामग्री से प्राप्त शर्करा का किण्वन किया जाता है। डिस्टिलरी इथेनॉल वह इथेनॉल (एक प्रकार का अल्कोहल) है जो आसवन (डिस्टिलेशन) प्रक्रियाओं से बनाया जाता है, जिसमें गन्ने के शीरे, मक्के या अन्य बायोमास-आधारित सामग्री से प्राप्त शर्करा का किण्वन किया जाता है। तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा जारी एथनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 निविदा हितधारकों की आलोचना का सामना कर रही है।



● नई निविदा को लेकर उद्योग निकायों ने आवंटन पद्धति पर जताई चिंता

# भारतीय आलू दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजारों में बना रहे हैं अपनी पकड़ : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रसंस्कृत आलू उत्पाद दक्षिण पूर्व एशियाई बाजारों में अपनी पैठ बढ़ा रहे हैं। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि निर्जलित (डिहाइड्रेटेड) आलू के दानों एवं पेलेट्स का निर्यात 2021-22 के 1.14 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 6.33 करोड़ डॉलर हो गया है जिससे यह भारत की सबसे तेजी से बढ़ती प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात श्रेणी बन गई है।

निर्जलित आलू के दाने एवं पेलेट्स... सूखे हुए आलू उत्पाद हैं जो 'मैश' किए हुए आलू के लिए एक सुविधाजनक विकल्प हैं, जिन्हें पानी डालकर फिर से तैयार किया जा सकता है। अन्य प्रसंस्कृत आलू उत्पादों के निर्यात जो अच्छी वृद्धि दर दर्ज कर रहे हैं, उनमें आटा, स्टार्च, चिप्स और रेडी-टू-ईट (खाने के लिए तैयार) आदि शामिल हैं। इन वस्तुओं का निर्यात 2021-22 के 62 लाख डॉलर से बढ़कर गत वित्त वर्ष 2024-25 में 1.88 करोड़ डॉलर हो गया है।



● आलू के दानों एवं पेलेट्स का निर्यात 2021-22 के 1.14 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024-25 में 6.33 करोड़ डॉलर हुआ

### उत्तर प्रदेश और गुजरात दे रहे बढ़ावा

गुजरात और उत्तर प्रदेश नए निर्जलीकरण संयंत्रों, अनुबंध खेती एवं कोल्ड-चेन बुनियादी ढांचे के साथ इस तेजी को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसे 5.6 करोड़ टन वार्षिक आलू की फसल का समर्थन प्राप्त है। जहां यूरोप ऊर्जा लागत एवं अनियमित फसलों से जूझ रहा है और चीन घरेलू मांग को प्राथमिकता दे रहा है, वहीं भारत, एशिया के स्नैक और क्यूएसआर (त्वरित-सेवा रेस्तरां) उद्योगों के लिए आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है।

# 2024 में डिजिटल भुगतान की हिस्सेदारी 99.7%: आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश में 2024 के दौरान भुगतान प्रणाली में मात्रा के हिसाब से डिजिटल भुगतान लेनदेन 99.7% और मूल्य के हिसाब से 97.5% रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई।

रिपोर्ट अनुसार, यह प्रवृत्ति 2025 की पहली छमाही में भी जारी रही। रिजर्व बैंक की जून की अर्धवार्षिक भुगतान प्रणाली रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में हाल के वर्षों में भुगतान प्रणाली में काफी तेजी से वृद्धि हुई है। देश में भुगतान प्रणाली कई प्रकार के तरीकों का समूह है, जो उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के लिए बनाया गया है। इनमें कागज आधारित साधन जैसे चेक और डिजिटल भुगतान दोनों हैं। डिजिटल भुगतान प्रणालियों में एनईएफटी, आईएमपीएस, आरटीजीएस, एनएसीएच, डेबिट और क्रेडिट कार्ड, प्रीपेड भुगतान और यूपीआई हैं। सभी प्रकार के भुगतान में वृद्धि हो रही है, सिवाय कागज आधारित साधनों के। मूल्य के हिसाब से चेक कुल लेनदेन का 2.3% हिस्सा है। 2019 में कुल 3,248 करोड़ भुगतान हुए थे, जो 2024 तक बढ़कर 20,849 करोड़ हो गए। इसी अवधि में कुल भुगतान की रकम 1,775 लाख करोड़ से बढ़कर 2,830 लाख करोड़ रुपये हो गई। 2025 को समाप्त छमाही में 12,549 करोड़ लेन-देन हुए।





● रिपोर्ट के अनुसार, भुगतान प्रणाली में हुई तेज वृद्धि

## राष्ट्रीय

# अभिभावक नहीं बेच सकते नाबालिग की संपत्ति

## नाबालिग संपत्ति पर फैसला, कोर्ट की बिना मंजूरी के संपत्ति हस्तांतरण को अस्वीकार करने को मुकदमे की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नाबालिगों से जुड़े संपत्ति लेनदेन पर महत्वपूर्ण फैसले में व्यवस्था दी है कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वयस्क होने पर अपने स्वाभाविक अभिभावकों द्वारा अदालत की मंजूरी के बिना संपत्ति हस्तांतरण को अस्वीकार करने के लिए मुकदमा दायर करने की जरूरत नहीं है।

7 अक्टूबर को शीर्ष अदालत ने कहा कि कोई नाबालिग वयस्क हो जाता है, तो वह अभिभावक द्वारा संपत्ति के हस्तांतरण को अस्वीकार कर सकता है, जैसे कि उस संपत्ति को स्वयं बेच देना या किसी को स्थानांतरित कर देना। यह फैसला न्यायमूर्ति पंकज मिथल और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केएस शिवप्पा बनाम श्रीमती के नीलाम्मा मामले में सुनाया। न्यायमूर्ति मिथल ने कहा कि सुरक्षित निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि नाबालिग के अभिभावक द्वारा निष्पादित 'अमान्य करने योग्य' (वॉयडेबल) लेनदेन को वह नाबालिग वयस्कता हासिल करने पर ऐसे लेनदेन को निरस्त करने के लिए मुकदमा दायर करके या निर्विवाद प्रवर्तन से अस्वीकार कर सकता है।



प्रश्न ये था कि क्या नाबालिगों के लिए यह जरूरी है कि वे अभिभावक द्वारा निष्पादित पूर्व विक्रय विलेख को रद्द कराने को वयस्क होने पर तय समयावधि में वाद दायर करें। प्रश्न ये है कि क्या वयस्क होने के तीन वर्ष के भीतर उनके आचरण से इस तरह के विक्रय विलेख को अस्वीकृत किया जा सकता है। पीठ ने हिन्दू अप्राप्तवयता संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 7-8 का हवाला दिया तथा कहा कि प्रावधानों को सरलता से पढ़ने से स्पष्ट होता है कि नाबालिग के अभिभावक को अदालत की अनुमति के बिना नाबालिग की संपत्ति के किसी भी हिस्से को बंधक रखने, बेचने, उपहार देने या अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरित करने या यहां तक कि ऐसी संपत्ति के किसी भी हिस्से को पांच साल से अधिक अवधि के लिए या नाबालिग के वयस्क होने की तारीख से एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए पट्टे पर देने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

### दो भूखंडों को लेकर विवाद

यह विवाद कर्नाटक के दावणगेरे के शामनूर गांव में दो भूखंडों- संख्या 56 और 57 का था, जिसे 1971 में रुद्रप्पा ने अपने तीन नाबालिग बेटों, महारुद्रप्पा, बसवराज और मुंगेशप्पा के नाम खरीदा था। जिला अदालत से अनुमति लिए बिना, रुद्रप्पा ने ये प्लॉट बेच दिए। प्लॉट संख्या 56 एसआई बिदारी को बेचा और 1983 में बीटी जयदेवम्मा ने इसे खरीदा। नाबालिगों के वयस्क होने के बाद उन्होंने और उनकी मां ने 1989 में वही प्लॉट केएस शिवप्पा को बेचा। जयदेवम्मा के स्वामित्व के दावे वाले दीवानी मुकदमा अंततः कर्नाटक हाईकोर्ट ने खारिज किया, जिसने नाबालिगों को स्वयं के बिक्री विलेख के माध्यम से पिता की बिक्री को अस्वीकार करने के अधिकार को बरकरार रखा। ऐसा लेन-देन प्लॉट संख्या 57 के साथ हुआ।

### किशोर के खिलाफ 27 को सुनवाई

उच्चतम न्यायालय कार्यवाही के दौरान इस माह के प्रारंभ में प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर जूता उछालने का प्रयास करने वाले वकील राकेश किशोर के खिलाफ अवमानना कार्रवाई संबंधी याचिका पर 27 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 27 अक्टूबर की वाद सूची के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) द्वारा दायर याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष सुनवाई होगी। छह अक्टूबर को 71 वर्षीय किशोर ने प्रधान न्यायाधीश की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया था।

# राजग के विकास और महागठबंधन के विनाश के बीच मुकाबला : नड्डा

### बिहार विस चुनाव



औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते जेपी नड्डा।

औरंगाबाद (बिहार), एजेंसी

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विकास और 'इंडिया' गठबंधन के 'विनाश' के बीच की लड़ाई है। औरंगाबाद की जनसभा में नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधा और उसे ऐसी परजीवी पार्टी बताया, जो अपने छोटे सहयोगी दलों को समाप्त कर देती है।

उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी रंगदारी, जंगलराज और दबंगई की प्रतीक है। नड्डा ने महागठबंधन द्वारा तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर कहा कि बिहार की जनता राजद और कांग्रेस के शासनकाल के इतिहास से वाकिफ़ है। भाजपा अध्यक्ष ने दावा किया कि वह दौर अराजकता, जंगलराज और विकास की राह में रुकावटों का दौर था, जिसने बिहार को दशकों पीछे धकेल दिया। महागठबंधन सिर्फ सत्ता के लिए बनाया गया अपवित्र गठबंधन है, जो राज्य के लिए केवल विनाश लाएगा। नड्डा ने तेजस्वी यादव द्वारा युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के वादे पर तंज कसते हुए कहा कि राजद की ऐसी घोषणाएं भूमि के बदले नौकरी घोटाले की याद दिलाती हैं। उन्होंने राजद के इस चुनावी वादे की आलोचना की कि बिहार के हर परिवार को सरकारी नौकरी दी जाएगी। नड्डा ने सवाल उठाया कि इसके लिए धन कहां से आएगा और वेतन कैसे दिया जाएगा।

### तेजस्वी के वादे अव्यावहारिक, नौकरी के बहाने जमीन छीनने की साजिश: रविशंकर प्रसाद



पटना। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने तेजस्वी यादव के चुनावी वादों को अव्यावहारिक करार देते हुए दावा किया कि राजद लोगों को सरकारी नौकरी देने के बहाने उनकी जमीन छीनने की साजिश रच रहा है। उन्होंने ये टिप्पणी राजद शासनकाल के दौरान भूमि के बदले नौकरी घोटाले की ओर इशारा करते हुए की। भाजपा नेता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने राज्य के 2.6 करोड़ परिवारों में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके लिए 12 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी, जबकि बिहार का कुल बजट तीन लाख करोड़ है। ऐसे में वे यह वादा कैसे पूरा करेंगे?

### तेजस्वी बने सीएम पद के उम्मीदवार

**पटना।** महागठबंधन ने बिहार चुनाव के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया। महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं में कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने तेजस्वी के नाम की घोषणा की। गहलोत ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी, तो तेजस्वी मुख्यमंत्री, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक मुकेश सहनी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। समाज के अन्य वर्गों से भी उप मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे, हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि महागठबंधन की सरकार बनने पर उसमें कितने उप मुख्यमंत्री होंगे। 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से मशहूर सहनी निषाद जाति से आते हैं।

### तेजस्वी सीएम नहीं बन सकते : नित्यानंद

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने कहा कि महागठबंधन ने भले ही तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बना दे, लेकिन जनता उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी। राय ने कहा कि लोकतंत्र में मुख्यमंत्री का चयन जनता करती है और जनता प्रधानमंत्री मोदी के विकास पर भरोसा करती है। बिहार ने 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व को स्वीकारा ही नहीं, बल्कि सराहा भी है। राय ने आरोप लगाया कि गलती से तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बन गई तो बिहार में जंगलराज लौट आएगा। हत्या, लूट, बलात्कार, जमीन-जायदाद की लूटपाट शुरू हो जाएगी और बिहार 1990 से 2005 के दौर में वापस चला जाएगा।

### महागठबंधन विभाजित कुनबा, क्या तेजस्वी विपक्ष के नेता बन पाएंगे: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बिहार में विपक्षी महागठबंधन को 'विभाजित कुनबा' करार देते हुए राजद से कहा कि उसे इस बात की चिंता करनी चाहिए कि विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव नतीजों की घोषणा के बाद विपक्ष के नेता भी बन पाएंगे या नहीं। विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रचंड जीत का भरोसा जताते हुए भाजपा ने दावा किया कि तेजस्वी और मुकेश सहनी को मजबूरी के चलते चुनाव से पहले मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि राजद ने पटना में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में लगाए पोस्टर में राहुल गांधी की जगह तेजस्वी का चेहरा प्रदर्शित कर पार्टी को उसकी औकात दिखा दी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि महागठबंधन विभाजित कुनबा है। इसलिए वे एकता का संदेश देने की कोशिश कर रहे थे।

# दिल्ली में मुठभेड़, बिहार के चार वांछित अपराधी ढेर

नई दिल्ली, एजेंसी

रोहिणी इलाके में दिल्ली और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मुठभेड़ में चार वांछित अपराधी मारे गए। ये बिहार में वसूली और हत्या के कई मामलों में संलिप्त थे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों में सीतामढ़ी का रंजन पाठक, बिमलेश महतो उर्फ बिमलेश सहनी, मनीष पाठक और अमन ठाकुर है, जो 'सिग्मा गिरोह' के थे। गिरोह के सरगना रंजन पाठक पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित था और वह आठ अलग-अलग आपराधिक मामलों में वांछित था। पुलिस ने रंजन को एक खूंखार अपराधी बताते हुए कहा कि तीन महीन में वह वसूली व हत्या के चार मामलों सहित पांच वारदातों में लिप्त रहा था। हाल में 13 अक्टूबर के मामले में, उसने एक व्यक्ति से रंगदारी मांगी थी और रकम न देने पर धमकी दी थी। अगले माह होने वाले बिहार चुनाव के लिए छह अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद उसने यह धमकी दी थी। रोहिणी के बहादुर शाह मार्ग पर बुधवार देर रात 2 बजकर 20 मिनट पर हुई यह मुठभेड़ हाल के वर्षों में दिल्ली में हुई सबसे बड़ी मुठभेड़ों में से एक है। आरोपियों की ओर से 25-30 राउंड गोलियां चलाई गईं, जबकि पुलिस ने 15-20 गोलियां चलाईं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरोपी कई दिन से दिल्ली में थे और विस चुनाव से पहले बिहार में बड़ी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे।

● गिरोह के सरगना पर 25,000 का था इनाम, आठ आपराधिक मामलों में था वांछित

# 79,000 करोड़ के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए नाग मिसाइलों, युद्धक जहाजों और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया एवं निगरानी प्रणालियों सहित 79,000 करोड़ के हथियार और सैन्य साजो-सामान खरीदने के प्रस्तावों को गुरुवार को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की बैठक की अध्यक्षता की।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद खरीद पर यह दूसरा बड़ा फैसला है। 5 अगस्त को 67,000 करोड़ की खरीद को मंजूरी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि डीएसी ने 79,000 करोड़ के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी। एचएमवी के शामिल होने से विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सेनाओं की रसद सहायता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# संवैधानिक शासन प्रणाली में अदालतों की सक्रिय भूमिका

नई दिल्ली, एजेंसी

जनता के विश्वास को न्यायपालिका की मूल्यवान संपत्ति बताते हुए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि संवैधानिक शासन प्रणाली और संविधान के कार्यक्षेत्र को पूरा करने में न्यायालयों की सक्रिय एवं अपरिहार्य भूमिका है।

सीजेआई ने कहा कि संवैधानिक शासन में न्यायालयों की शायद सबसे स्थायी भूमिका कानून के शासन में जनता के विश्वास को बनाए रखना है। न्यायालयों के निर्णय, भले अलोकप्रिय हों, निष्पक्षता और नैतिक साहस को प्रतिबिंबित करने वाले होने चाहिए। भूटान की चार दिवसीय यात्रा पर गए न्यायमूर्ति गवई ने रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, थिम्पू में जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (जेएसडब्ल्यू) स्कूल ऑफ लॉ के कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने न्यायालय और संवैधानिक शासन षय पर न्यायालयों की सक्रिय भूमिका सहित कई पहलुओं पर प्रकाश डाला। सीजेआई ने कहा कि मैं एक व्यापक बिंदु पर जोर देना चाहता हूं, किसी देश की अदालतों की संवैधानिक शासन प्रणाली में और संविधान के कार्यक्षेत्र को पूरा करने में एक सक्रिय एवं अपरिहार्य भूमिका होती है।



● भूटान की यात्रा पर गए सीजेआई गवई ने स्कूल ऑफ लॉ के कार्यक्रम को किया संबोधित

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिकी सेना ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले जहाज को डुबोया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में आठवें मादक पदार्थ तस्कर जहाज को डुबो दिया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई। यह प्रशांत क्षेत्र में इस तरह का पहला हमला था, जिसमें दो लोग मारे गए। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को एक्स पर में लिखा, कल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर युद्ध विभाग ने एक नामित आतंकवादी संगठन द्वारा संचालित एवं पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक जहाज पर घातक गतिज हमला किया। उन्होंने ने जहाज पर मादक पदार्थ ले जाने और एक ज्ञात मादक पदार्थ तस्करी पारगमन मार्ग से गुजरने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, जैसे अल-कायदा ने हमारी मातृभूमि पर युद्ध छेड़ा था, वैसे ही ये कार्टेल हमारी सीमा और हमारे लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ रहे हैं। न कोई शरण मिलेगी, न कोई क्षमा, केवल न्याय।

### दुबई: दिवाली समारोह में भारतीय छात्र की हृदयाघात से मौत

**दुबई।** यूएई का गोल्डन वीजा हासिल करने वाले 18 वर्षीय भारतीय छात्र की दिवाली समारोह के दौरान दुबई में हृदयाघात के कारण मृत्यु हो गई। गल्फ न्यूज की बुधवार की खबर के अनुसार, मिडलसेक्स यूनिवर्सिटी दुबई में बीबीए मार्केटिंग के प्रथम वर्ष के छात्र वैष्णव कृष्णकुमार की मंगलवार को 'दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी' में दिवाली समारोह के दौरान अचानक मृत्यु हो गई। रिपोर्ट में कहा गया कि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे हृदय गति रुकने के कारण मृत घोषित कर दिया। परिवार के अनुसार, दुबई पुलिस का फॉरेंसिक विभाग जांच कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वैष्णव को हृदय संबंधी कोई ज्ञात समस्या नहीं थी।

### अमेरिका : नशे में धुत भारतीय ट्रक चालक ने मारी टक्कर, तीन मरे

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत में भारतीय मूल के ट्रक चालक पर नशे में गाड़ी चलाने और एक दुर्घटना का कारण बनने का आरोप लगाया गया है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फॉक्स न्यूज ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि जशनप्रीत सिंह (21) ने मंगलवार को दक्षिणी कैलिफोर्निया में धीमी गति से चल रहे वाहनों को कथित तौर पर अपने ट्रक से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंह ने अपने ट्रक को ट्रैफिक जाम में घुसाने से पहले कभी ब्रेक नहीं मारा था।

## भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत को ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज

**लंदन, एजेंसी**

भारतीय मूल के इतिहासकार सुनील अमृत की पुस्तक 'द बर्निंग अर्थः एन एनवायरनमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स' को ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज से सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत 25,000 पाउंड दिए जाते हैं। यह पुरस्कार दुनियाभर की सर्वश्रेष्ठ गैरकाल्पनिक पुस्तकों को दिया जाता है।

अमेरिका के येल विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर सुनील अमृत का जन्म केन्या में हुआ था। उनके माता-पिता दक्षिण भारतीय हैं। वे सिंगापुर में पलेबढ़े और इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक प्राप्त हैं। अमृत की इस नवीनतम पुस्तक को बुधवार शाम लंदन में ब्रिटिश एकेडमी में एक समारोह में पुरस्कृत किया गया। निर्णायकों ने इस पुस्तक को जलवायु संकट के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। अमृत ने कहा कि मुझसे कई बार पूछा गया है कि क्या 'द बर्निंग अर्थ' निराश करने वाली पुस्तक है। उन्होंने कहा, इसमें निस्संदेह मानव और पर्यावरणीय पीड़ा का विवरण है, लेकिन यह भी दिखाता है कि इन दोनों का संबंध गहराई से जुड़ा रहा है।



● जलवायु संकट से आगाह करती है अमृत की पुस्तक द बर्निंग अर्थ

## अंतहीन गुलामी से मिलेगी मुक्ति

## कफाला सिस्टम खत्म

सऊदी अरब में करीब 75 साल पुराना कफाला लेबर स्पॉन्सरशिप सिस्टम खत्म कर दिया गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके बाद सऊदी अरब में उन लाखों विदेशी श्रमिकों को राहत मिलेगी जो रोजगार के लिए यहां पहुंचने के बाद अंतहीन गुलामी के लिए मजबूर हो जाते थे। दरअसल, सऊदी अरब में कफाला सिस्टम 1950 के दशक में तेल अर्थव्यवस्था के विस्तार के दौरान विदेशी श्रम की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए शुरू किया गया था। इसके तहत प्रवासी श्रमिकों को एक स्थानीय प्रायोजक से जोड़ा जाता था, जिसे कफील कहते थे। कफील ज्यादा से ज्यादा श्रम दोहन के लिए श्रमिकों के साथ जानवरों जैसे बर्ताव के लिए जाने जाते थे। अब अंतर्राष्ट्रीय दबाव में कफाला खत्म तो कर दिया गया है लेकिन इससे श्रमिकों की जिंदगी में कोई बदलाव आएगा, इस पर संदेह जताया जा रहा है।




### शोषण - दुर्व्यवहार

- कफाला सिस्टम के तहत श्रमिकों को उनके मूल मानवाधिकारों से भी वंचित कर दिया गया था।
- दुर्व्यवहार की शिकायत करने की मनाही, ऐसा करने पर उन्हें देश से निकाले जाने की आशंका।
- घरेलू कामगार महिलाओं के सामने शारीरिक और यौन शोषण का शिकार होने की मजबूरी।
- कानूनी मदद लेने का कोई रास्ता नहीं था क्योंकि ये भी प्रायोजक की अनुमति पर निर्भर था।

### श्रमिकों पर अमानवीय नियंत्रण

- कफाला सिस्टम नियोक्ताओं को श्रमिकों पर पूर्ण नियंत्रण देता था, इससे यह गुलामी के समान हो गया था।
- नियोक्ता श्रमिकों के पासपोर्ट और पहचान पत्र जब्त कर लेते थे ताकि वे उनकी मर्जी बिना कहीं न जा सकें।
- श्रमिक अपने कफील की अनुमति के बिना नौकरी नहीं बदल सकते थे, इससे वे शोषण का शिकार होते थे।
- वेतन में देरी या देने से मना कर देने पर भी श्रमिकों की ओर से विरोध करने की कोई गुंजाइश नहीं होती थी।
- श्रमिकों को अक्सर लंबे समय तक काम करना पड़ता था, वे अमानवीय स्थितियों में रहने के लिए मजबूर थे।

**इन देशों में भी कफाला सिस्टम**

खाड़ी सहयोग परिषद के कई देशों में कफाला सिस्टम लागू है, जिसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन और लेबनान शामिल हैं। इनमें से कुछ देशों ने हाल के वर्षों में सुधार किए हैं, लेकिन पूरी तरह से इसे खत्म नहीं किया गया है।

### मुख्य रूप से प्रभावित देश

सऊदी अरब में कफाला सिस्टम से दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के श्रमिक मुख्य रूप से प्रभावित थे।

देश में प्रवासी श्रमिकों की संख्या 1.3 करोड़ से भी ज्यादा, इनमें भारतीय श्रमिकों की संख्या लगभग 25 लाख।

इसके अलावा पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और फिलीपींस जैसे देशों के भी लाखों श्रमिक सऊदी अरब में हैं।

### अमानवीयता का विरोध

मानवाधिकार संगठनों के साथ कई देशों की सरकारों की ओर से लगातार कफाला सिस्टम के विरोध में आवाज उठाई जा रही थी। फिलीपींस और नेपाल समेत कुछ देशों ने अपने नागरिकों को खाड़ी देशों में काम पर जाने से रोकने जैसे कदम भी उठाए हैं।

### कफाला खत्म होने के मुख्य लाभ

- प्रवासी श्रमिक अपने नियोक्ता की अनुमति के बिना नौकरी बदल सकेंगे और इच्छानुसार देश भी छोड़ सकेंगे।
- प्रवासी श्रमिकों के पास बेहतर वेतन व काम चुनने का मौका होगा, इससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।
- सऊदी अरब को भी अपनी वैश्विक छवि बेहतर होने के साथ देश में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद।

# नेतन्याहू के दांव पर भड़के अमेरिकी उपराष्ट्रपति, कहा- ये अपमानजनक

## वेंस के दौरे के बीच इजराइली संसद में हुआ वेस्ट बैंक के विलय के लिए मतदान

**यरुशलम, एजेंसी**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने दौरे के बीच वेस्ट बैंक के विलय पर इजराइल की संसद में हुए मतदान की सख्त आलोचना की। उन्होंने इसे मूर्खतापूर्ण राजनीतिक स्टंट और अपमानजनक बताया। उधर, इससे पहले वेंस से वार्ता के दौरान इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में तुर्किये की उपस्थिति के साथ कई बिंदुओं पर विरोध जताया।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस दो दिन पहले इजराइल के दौरे पर पहुंचे थे। उनके दौरे के बीच ही इजराइल की संसद नेसेट में वेस्ट बैंक के विलय को लेकर मतदान कराया गया। वेंस ने इजराइल यात्रा के समापन पर प्रस्थान करने से पहले तेल अवीव के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस कदम को एक अपमान बताया। वेंस ने कहा, यदि यह मतदान एक राजनीतिक स्टंट था तो यह एक बहुत ही मूर्खतापूर्ण राजनीतिक स्टंट है। वेंस ने इजराइल की संसद नेसेट में हुए मतदान को लेकर कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से इसे अपमानजनक मानता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नीति यह है कि वेस्ट बैंक को इजराइल द्वारा नहीं हड़पा जाएगा।

इससे पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने येरूशलम में बुधवार को अमेरिकी उपराष्ट्रपति के साथ अपनी बैठक में युद्धविराम समझौते के अगले चरणों के कार्यान्वयन की इच्छा व्यक्त की। नेतन्याहू ने कुछ ऐसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को भी रेखांकित किया जिनका समाधान न होने पर आगे की प्रगति बाधित हो सकती है। उन्होंने गाजा पट्टी में तुर्किये की किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप न करने की इजराइल की मांग और गाजा पट्टी के प्रशासन में फिलिस्तीनी प्राधिकरण या हमास की किसी भी भागीदारी पर अपने विरोध जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों का उल्लेख किया। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि हमास के पूर्ण निरस्त्रीकरण और गाजा पट्टी के पूर्ण विसैन्यीकरण के बाद ही इजराइली सेना पूरी तरह पीछे हटेगी। विवाद का प्रमुख बिंदु नेतन्याहू की गाजा पट्टी के प्रशासन में फिलिस्तीनी प्राधिकरण को शामिल न करने की मांग है।



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस।

### युद्ध विराम के बाद पहली बार डब्ल्यूएचओ ने गाजा से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को निकाला

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने गाजा पट्टी से 41 गंभीर रूप से बीमार मरीजों और 145 सहयोगियों को सफलतापूर्वक निकाल लिया है। यह युद्धविराम लागू होने के बाद पहली ऐसी कार्रवाई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसस ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डब्ल्यूएचओ ने गाजा से 41 गंभीर मरीजों और 145 सहयोगियों की चिकित्सा निकासी का नेतृत्व किया, यह युद्धविराम के बाद पहली बार हुआ है। उन्होंने कहा कि लगभग 15,000 मरीजों को अभी भी चिकित्सा निकासी की तत्काल आवश्यकता है और वे गाजा के बाहर उपचार के लिए अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। टेड्रोस ने राष्ट्रों से एकजुटता दिखाने और इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए सभी संभावित मार्ग खोलने की अपील दोहराई।

### यूरोपीय संघ के नेताओं ने गाजा में अपनी भूमिका की मांग की

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ के नेता गाजा और कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अधिक सक्रिय भूमिका निभाए जाने की मांग कर रहे हैं। ब्रसेल्स में बृहस्पतिवार को होने वाले शिखर सम्मेलन में मुख्यत: यूक्रेन और रूस पर चर्चा होने की संभावना है। यूरोपीय संघ के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा गाजा में अस्थिर युद्धविराम और युद्धग्रस्त तटीय क्षेत्र में स्थिरता के लिए यूरोपीय संघ के संभावित समर्थन पर भी चर्चा किए जाने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ फिलिस्तीनियों को सहायता प्रदान करने में सबसे आगे रहा है और यह इजराइल का शीर्ष व्यापारिक साझेदार है। लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यूरोप सक्रिय भूमिका निभाए क्योंकि गाजा में संकट अभी खत्म नहीं हुआ है, शांति स्थाई नहीं है। ईयू अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सितंबर में इजराइल के खिलाफ प्रतिबंध लगाने और आंशिक व्यापार निलंबन की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य गाजा में शांति समझौते पर पहुंचने के लिए उस पर दबाव बनाना था।

## आसियान में भी ट्रंप से नहीं होगी मुलाकात वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 वें आसियान -भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा और वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है। मलेशियाई प्रधानमंत्री के मुताबिक मोदी ने भारत में चल रहे त्योहारों को शिखर सम्मेलन में न जाने का कारण बताया है।

दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है। गुरुवार को पहले प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में स्वयं यह जानकारी दी, बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे। भारत का कहना है कि आसियान के साथ संबंधों को मजबूत करना उसकी एक्ट ईस्ट नीति और हमारे हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का एक प्रमुख स्तंभ है। साथ ही वक्तव्य में कहा गया है कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 27 अक्टूबर को कुआलालंपुर में 20वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष और मेजबान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात कर यह जानकारी दी है कि वह इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेंगे। मलेशियाई प्रधानमंत्री ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि मोदी ने उन्हें फोन किया और व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दे पर चर्चा की। मोदी ने उन्हें बताया है कि वह सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे क्योंकि भारत में इस समय त्योहार चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर अभी कोई सहमति नहीं बन पाई है और यह कयास लगाए जा रहे थे कि मलेशिया में आसियान शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी के बीच मुलाकात के दौरान इसमें प्रगति हो सकती है।



● अटकलों पर लगा विराम, भारत में चल रहे त्योहारों को बताया कारण

### सिंगापुर: पटाखे फोड़ने पर भारतीय गिरफ्तार

**सिंगापुर।** सिंगापुर में दिवाली के जश्न के दौरान आतिशबाजी करने के आरोप में बृहस्पतिवार को 39 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर मामला दर्ज किया गया। शहर में आतिशबाजी पर प्रतिबंध है। चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, दिलीप कुमार निर्मल कुमार ने पिछले हफ्ते कार्लिस्ले रोड के खुले मैदान में आतिशबाजी की, जो बंदूक, विस्फोटक और हथियार नियंत्रण अधिनियम 2021 के तहत अपराध है। यह मामला तब सामने आया जब आतिशबाजी का एक वीडियो क्लिप ऑनलाइन पोस्ट किया गया।

### तंजानिया में आम चुनाव से कुछ दिन पहले शीर्ष विपक्षी नेता गिरफ्तार

**दार एस सलाम।** तंजानिया में अगले हफ्ते होने वाले आम चुनाव से पहले असहमति जताने वालों पर कार्रवाई के बीच मुख्य विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, चाडेमा के उप-अध्यक्ष जॉन हेचे को पार्टी नेता टुंडू लिस्सू के राजद्रोह के मुकदमे में शामिल होने की कोशिश करते समय हिरासत में लिया गया। चाडेमा ने एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार वरिष्ठ पार्टी नेताओं को गिरफ्तार करने और उन्हें 29 अक्टूबर को होने वाले चुनावों तक हिरासत में रखने की योजना बना रही है। सरकार ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। चाडेमा ने कहा कि हेचे को बुधवार को दार एस सलाम स्थित उच्च न्यायालय पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## गगनयान : 2027 की शुरुआत तक पूरा हो जाएगा मानवयुक्त मिशन

**बेंगलुरु।** इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि गगनयान मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है और लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है।

नारायणन ने कहा, गगनयान मिशन पर बहुत अच्छी तरह काम जारी है। आप जानते हैं कि बहुत सारे तकनीकी विकास होने हैं। रॉकेट का मानव-रेटिंग प्रमाणन होना है, कक्षीय मॉड्यूल विकसित करना है और पर्यावरण नियंत्रण सुरक्षा प्रणाली विकसित करनी है। फिर चालक दल की सुरक्षा की प्रणाली, पैराशूट प्रणाली और फिर मानव-केंद्रित उत्पाद आते हैं। वह तीन से पांच नवंबर तक नई दिल्ली में आयोजित उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन की प्रचार गतिविधियों के अवसर पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, पहले मानवरहित मिशन में, व्योममित्र उड़ान भरने जा रहा है और हम 2027 की शुरुआत तक मानवयुक्त मिशन पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

● इसरो प्रमुख ने की घोषणा, कहा- 90 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा

## अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर लगाए नए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

रूस पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का दबाव बढ़ाने को अमेरिका ने मास्को की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बुधवार को यह घोषणा करते हुए मास्को की निरर्थक युद्ध समाप्त न करने की जिद की कड़ी आलोचना की।

बेसेंट ने कहा कि रोसनेफ्ट और लुकोइल सहित दर्जनों सहायक कंपनियों पर लगाए गए ये प्रतिबंध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महीनों से पड़ रहे द्विदलीय दबाव के बाद लगाए गए हैं, जिसमें रूस के तेल उद्योग को और कड़े प्रतिबंधों के दायरे में लाने की मांग की जा रही थी। उन्होंने कहा, यह समय हत्या बंद करने और तत्काल युद्धविराम का है। बेसेंट ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वित्त मंत्रालय अतिरिक्त कार्रवाई करने को तैयार है, ताकि राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध समाप्त करने के प्रयासों को समर्थन मिल सके। उन्होंने कहा, हम अपने सहयोगियों से अपील करते हैं कि वे भी इन प्रतिबंधों में हमारे साथ शामिल हों और इनका पालन करें।

बेसेंट ने यह टिप्पणी उस समय की जब नाटो महासचिव मार्क रुटे वॉशिंगटन में राष्ट्रपति ट्रंप से वार्ता के लिए मौजूद थे। नाटो गठबंधन यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के समन्वय में लगा है, जिनमें से कई हथियार कनाडा और यूरोपीय देशों द्वारा अमेरिका से खरीदे गए हैं। प्रतिबंध की यह घोषणा ऐसे समय आई जब रूसी ड्रोन और मिसाइलों ने यूक्रेन के कई हिस्सों को निशाना बनाया। इन हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला और उसकी दो छोटी बेटियां शामिल थीं।




● अमेरिकी वित्त मंत्री ने कहा- जरूरत पड़ी तो और भी कार्रवाई करेंगे

### रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध से रिलायंस को झटका व्यापारियों के जरिए तेल खरीदती रहेंगी पीएसयू

**नई दिल्ली।** रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों से रिलायंस इंडस्ट्रीज के रूस से कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ने के आसार हैं जबकि सरकारी रिफाइनरियां फिलहाल मध्यस्थ व्यापारियों के माध्यम से खरीद जारी रख सकती हैं। उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयां अनुपालन जोखिमों का आकलन कर रही हैं, लेकिन रूसी कच्चे तेल के प्रवाह को तुरंत रोकने की संभावना नहीं है क्योंकि वे अपनी आवश्यकता का सभी तेल व्यापारियों से खरीदते हैं जिनमें से अधिकतर यूरोपीय व्यापारी हैं जो प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने आयात को फिर से संतुलित करना पड़ सकता है क्योंकि यह सीधे रूस की रोसनेफ्ट से कच्चा तेल खरीदती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड भारत में रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी खरीदार है और रूस से देश के प्रतिदिन 17 लाख बैरल आयात का लगभग आधा हिस्सा खरीदती है। रिलायंस ने दिसंबर 2024 में रूस की कंपनी रोसनेफ्ट के साथ 25 वर्ष तक प्रतिदिन 5,00,000 बैरल रूसी तेल आयात करने के लिए एक सावधिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह बिचौलियों से भी तेल खरीदता है। कंपनी को इस पर प्रतिक्रिया हासिल करने के लिए ईमेल किया गया लेकिन उससे कोई जवाब नहीं मिला।

### यूरोपीय संघ ने भी कई और प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का दबाव बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को रूस पर कई और आर्थिक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

हालांकि, रूसी अधिकारियों ने पश्चिमी देशों के दंडात्मक उपायों को काफी हद तक अप्रभावी बताते हुए खारिज कर दिया। इन प्रतिबंधों को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के लिए जीत के तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने देश में युद्ध को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस के खिलाफ कड़े उपाय लागू करने की मांग करते आए हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अक्टूबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 25 अक्टूबर 01.19 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज राजनीति क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए दिन अच्छा है। नौकरी, व्यापार तथा छात्रों को पढ़ाई से जुड़ी यात्रा के योग बन सकते हैं। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। आपकी प्रतिभा में निखार आएगा और धन से जुड़ी समस्याओं का अंत होगा।

**वृष** — आज स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। वाहन इत्यादि चलाते समय सावधानी रखें। मकान-जमीन के कार्यों से धन लाभ की प्राप्ति के योग बन सकते हैं। वैवाहिक जीवन की बात करें तो जीवनसाथी से संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** — आज सरकारी कार्य बिना अवरोध के पूर्ण होंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को शिक्षकों का साथ मिलेगा। संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाकर चलें।

**कर्क** — आज नौकरी में स्थितियां पहले से और अच्छी होंगी। व्यापारिक क्षेत्र से अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकते हैं। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन फिर भी खानपान का ध्यान रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**सिंह** — आज का दिन कठिन, लेकिन लाभप्रद भी रहेगा। आपको कुछ अलग और रचनात्मक काम करने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। किसी बात को लेकर परिवार में मतभेद हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आपको कई नए और उत्साहवर्धक कार्य मिलेंगे। आपको अपने सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा व आपस में संबंध भी बेहतर होंगे। आप अपने काम के लिए लंबे समय से तैयारी कर रहे हैं, आपको उसका प्रतिफल मिलेगा।

**तुला** — आज आप उन सभी क्षेत्रों में सफल होंगे, जिनमें आप प्रयास करेंगे। आप किसी पारिवारिक मुद्दे को लेकर परेशान हो सकते हैं। आर्थिक मामलों आपके पक्ष में रहेंगे, आपकी कमाई अच्छी रहेगी। आप निवेश के द्वारा भी कमाई कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज युवा साथी अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन बेहद रोमांटिक रहेगा। घर में प्रसन्नता का माहौल रहने वाला है। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे।

**धनु** — आज जीवनशैली में कुछ बदलाव आ सकते हैं, जिसे अपनाने में आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। व्यवसाय में वृद्धि के लिए निवेश कर सकते हैं। एकाग्रचित्त होकर अपने काम पर ध्यान दें।

**मकर** — आज व्यापार को लेकर नए अनुबंध हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। बॉस आपकी राय व विचारों के आधार पर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कुंभ** — आज नया काम शुरु न करें। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है। पुरुष जातकों की महिला सहकर्मियों से अनबन हो सकती है। समाज में आपका वर्चस्व कम हो सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**मीन** — आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहना उचित नहीं है। पूर्व में की गई मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा। प्रेम विवाह को परिवार की सहमति मिल सकती है। छात्रों को बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

## सुडोकू - 139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 1 | 3 | |
| 6 | | 3 | 7 | | | | | |
| 1 | | | | 8 | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | |
| | 3 | | 6 | | | | | |
| | | | 1 | | | 2 | | |
| 9 | | 7 | | 5 | | | | |
| | | | 8 | | 2 | 9 | | |
| 2 | 4 | | | 6 | | | | |

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 9 |



हाल ही में जो तकनीक मैं अपना रहा हूं, वह ऐसी नहीं है जिसे मैंने अचानक बदला हो। पिछले एक साल से मैं सीधा खड़ा रहना चाहता था, खासकर उन विकेटों पर जहां उछाल उम्मीद से थोड़ा ज्यादा होता है। मैने अपने कोच के साथ इस पर काम किया और यह मुझे काफी रास आ रही है।
–श्रेयस अय्यर


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### रंजना ने पैदल चाल में रजत पदक जीता

**रिफा (बहरीन) :** भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।

### शीर्ष-8 की दौड़ में कायम यूपी योद्धाज

**नई दिल्ली :** यूपी योद्धाज ने त्यागराज इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 107वें मैच में यू मुंबा को 35-32 के अंतर से हारकर खुद को शीर्ष-8 की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन इस हार के साथ मुंबा का शीर्ष-4 में जाना संभव नहीं हो सका। यूपी को 18 मैचों में सातवीं जीत मिली है। इस जीत ने उसे आठवें स्थान पर पहुंचा दिया है और अगर पटना पाइरेट्स अपने अंतिम मैच में बहुत बड़े अंतर से हार गई तो यूपी प्लेआफ खेल लेगी। यूपी की इस जीत में सुरेंदर गिल (7) के अलावा डिफेंस में सुमित (5) और हितेश (4) ने कमाल किया। मुंबा के लिए अजीत चव्हाण ने 11 अंक बनाए। इसके बाद यूपी ने डिफेंस में अंक लेकर लीड ले ली।

# टीम इंडिया ने गंवा दी वनडे सीरीज

## दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट से हराया, रोहित चले, लेकिन विराट फिर खाता नहीं खोल सके

**एडिलेड, एजेंसी**

एडम जंपा और जेवियर बार्टलेट की उम्दा गेंदबाजी के बाद मैथ्यू शॉर्ट और कूपर कोनोली के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। भारत के 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शॉर्ट (74 रन, 78 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और कोनोली (नाबाद 61 रन, 53 गेंद, पांच चौके, एक छक्के) के अर्धशतक से 46.2 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में 17 साल बाद भारत को वनडे मैच हराया है।

शॉर्ट ने मैट रेनशॉ (30) तथा कोनोली के साथ समान 55 रन की साझेदारियां की। कोनोली ने इसके बाद मिचेल ओवेन (36 रन, 23 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 39 गेंद में 59 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने इससे पहले रोहित (73 रन, 97 गेंद, सात चौके, दो छक्के) और श्रेयस अय्यर (61 रन, 77 गेंद, सात चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 264 रन बनाए। अक्षर पटेल (44 रन, 41 गेंद, पांच चौके) ने भी उपयोगी पारी खेली जबकि हर्षित राणा (नाबाद 24) और अर्शदीप सिंह (13) ने नौवें विकेट के लिए 29 गेंद में 37 रन जोड़कर टीम का स्कोर 260 रन के पार पहुंचाया। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद वापसी करने वाले लेग स्पिनर जंपा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 60 रन देकर चार विकेट लिए। बार्टलेट ने 39 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे ऑस्ट्रेलिया ने सतर्क शुरुआत की। ट्रेविस हेड (28) और कप्तान मिचेल मार्श (11) ने सात ओवर में 26 रन जोड़े। अर्शदीप ने मार्श को विकेटकीपर लोकेश राहुल के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा। हेड ने मोहम्मद सिराज पर छक्का जड़ा लेकिन राणा (59 रन पर दो विकेट) की गेंद पर मिड ऑफ पर कोहली को कैच दे बैठे। शॉर्ट 23 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब नितीश कुमार रेड्डी की गेंद पर प्वाइंट पर अक्षर ने उनका कैच टपका दिया। ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक 20वें ओवर में पूरा हुआ।

रेनशॉ (30) ने नितीश पर छक्का जड़ा लेकिन अक्षर (52 रन पर एक विकेट) की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए।



एडम जंपा (मध्य) ने चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। एजेंसी

### कुछ कैच छूटने से मुश्किलें बढ़ीं : गिल



**एडिलेड :** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने ऑस्ट्रेलिया से दूसरा वनडे गुरुवार को दो विकेट से हारने के बाद कहा कि मुझे लगता है हमारे पास बस पर्याप्त रन थे। जब आप कुछ कैच छोड़ देते हैं तो उस स्कोर का बचाव करना कभी आसान नहीं होता। भारत ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 264 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने विकेट गंवाने के बावजूद 462 ओवर में आठ विकेट पर 265 रन बनाकर जीत और सीरीज अपने नाम कर ली। मैच के बाद गिल ने प्रेजेंटेशन में कहा, ''जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती गई, विकेट और बेहतर होता गया। पहले मैच में टॉस ज्यादा अहम था, इस बार उतना नहीं रहा। दोनों टीमों ने लगभग पूरे 50 ओवर खेले। पहली पारी के शुरुआती 10-15 ओवरों के बाद विकेट काफी स्थिर हो गया था। (रोहित के बारे में) लंबे समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के लिए वापसी करना कभी आसान नहीं होता, मैं कहूंगा कि वह एक बड़ी पारी खेलने से चूक गए।

### भारत

**264/9 (50 ओवर)**

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा का हेजलवुड बो स्टार्क | 73 |
| शुभमन गिल का मार्श बो बार्टलेट | 09 |
| विराट कोहली पगबाधा बो बार्टलेट | 00 |
| श्रेयस अय्यर बो जंपा | 61 |
| अक्षर पटेल का स्टार्क बो जंपा | 44 |
| लोकेश राहुल बो जंपा | 11 |
| वाशिंगटन का हेजलवुड बो बार्टलेट | 12 |
| नितीश रेड्डी स्टं कैरी बो जंपा | 08 |
| हर्षित राणा नाबाद | 24 |
| अर्शदीप सिंह बो स्टार्क | 13 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 10-0-62-2, हेजलवुड 10-2-29-0, बार्टलेट 10-1-39-3, ओवेन 2-0-20-0, जंपा 10-0-60-4, कोनोली 3-0-11-0, शॉर्ट 3-0-23-0, हेड 2-0-16-0

### ऑस्ट्रेलिया

**265/8 (46.2 ओवर)**

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का राहुल बो अर्शदीप | 11 |
| ट्रेविस हेड का कोहली बो राणा | 28 |
| मैथ्यू शॉर्ट का सिराज बो राणा | 74 |
| मैट रेनशॉ बो अक्षर | 30 |
| एलेक्स कैरी बो वाशिंगटन | 09 |
| कूपर कोनोली नाबाद | 61 |
| ओवन का अर्शदीप बो वाशिंगटन | 36 |
| बार्टलेट का गिल बो अर्शदीप | 03 |
| मिचेल स्टार्क का अक्षर बो सिराज | 04 |
| एडम जंपा नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** सिराज 10-0-49-1, अर्शदीप 8.2-0-41-2, राणा 8-0-59-2, वाशिंगटन 7-0-37-2, नितीश 3-0-24-0, अक्षर 10-0-52-1




रोहित शर्मा।

# भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

- बारिश से प्रभावित मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रनों से हराया
- स्मृति मंधाना व प्रतिका रावल ने खेली शतकीय पारियां, रॉड्रिग्स ने लगाया पचासा

**नवी मुंबई, एजेंसी**

भारतीय टीम स्मृति मंधाना (109 रन) और प्रतिका रावल (122 रन) की शतकीय पारियों के बाद अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चौथी टीम बन गई। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

पिछले तीन मैच में हार के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को अंतिम चार में पहुंचने के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम में जीत की दरकार थी। और इसमें मदद की मंधाना (109 रन) और 'प्लेयर ऑफ द मैच' रावल (122 रन) के शतक तथा दोनों के बीच बनी पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड 212 रन की साझेदारी ने। साथ ही जेमिमा रोड्रिग्स की 76 रन की तेज तर्रार नाबाद पारी से भारत ने 49 ओवर में तीन विकेट पर 340 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

पर बारिश से प्रभावित इस मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 44 ओवर में 325 रन का लक्ष्य मिला। लेकिन ब्रुक हालिडे (81 रन) और इसाबेल गेज (नाबाद 65 रन) के अर्धशतकों के बावजूद टीम 44 ओवर में आठ विकेट पर 271 रन ही बना सकी। भारतीय गेंदबाजों में रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ ने दो दो विकेट झटके जबकि स्नेह राणा, श्री चरणी, दीप्ति शर्मा और रावल को एक एक विकेट मिला।

बारिश के कारण भारतीय पारी के दौरान 90 मिनट तक खेल रूका रहा जिसके बाद इसे 49-49 ओवर का कर दिया गया। लेकिन भारतीय पारी खत्म होते ही फिर बारिश आ गई जिससे ओवर में कटौती की गई और न्यूजीलैंड को 44 ओवर खेलने को मिले। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही जिसने दूसरे ही ओवर में सूजी बेट्स का विकेट गंवा दिया जो क्रांति गौड़ की गेंद को पुल करने के प्रयास में कैच आउट हुईं। रेणुका सिंह ने फिर जॉर्जिया प्लिमर (30 रन) और सोफी डिवाइन (06) को आउट न्यूजीलैंड का स्कोर तीन विकेट पर 59 रन कर दिया। एमेलिया केर (45 रन) अच्छी लय में दिख रही थीं और अपने अर्धशतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन स्नेह राणा की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में वह मंधाना को कैच थमा बैठीं। शतक जड़ने के बाद रावल ने मैडी ग्रीन (18 रन) को एक्सट्रा कवर पर खड़ी गौड़ के हाथों आसान कैच लपकवाया। इस तरह 154 रन पर न्यूजीलैंड ने पांचवां विकेट खो दिया। हालिडे के 39वें ओवर में आउट होने के बाद गेज एक छोर पर डटी रहीं लेकिन लक्ष्य ही इतना बड़ा था कि कोई उम्मीद नहीं थी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद भारत ने अनुकूल पिच का फायदा उठाते हुए मंधाना की अगुवाई में टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया।



स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और क्रांति गौड़ जीत का जश्न मनाती हुई। एजेंसी

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.704 |
| द.अफ्रीका | 6 | 5 | 1 | 0 | 10 | 0.276 |
| इंग्लैंड | 6 | 4 | 1 | 1 | 9 | 1.024 |
| भारत | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.628 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | -0.490 |
| श्रीलंका | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | -1.035 |
| बांग्लादेश | 6 | 1 | 5 | 0 | 2 | -0.578 |
| पाकिस्तान | 6 | 0 | 4 | 2 | 2 | -2.651 |

# रोहित-कोहली का स्वर्णिम युग प्रशंसकों के दिलों में भी अंकित रहेगा : ग्रेग चैपल

**एडिलेड, एजेंसी**



- बोले- विराट के जुनून व शर्मा की विनम्रता को कोई भुला नहीं सकता

भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का जुनून और व्यक्तिगत गौरव को अधिक तवज्जो नहीं देना तथा रोहित शर्मा की विनम्रता और कलात्मकता सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं बल्कि प्रशंसकों के दिलों में भी हमेशा के लिए अंकित हो जाएगी।

अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर आए रोहित और कोहली करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं और चैपल को लगता है कि इस जोड़ी की विरासत आंकड़ों से कहीं आगे जाती है। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के लिए अपने कॉलम में लिखा अब जैसे-जैसे क्रिकेट की दुनिया आगे बढ़ेगी तो नए नाम उभरेंगे। नए कप्तान नेतृत्व करेंगे, लेकिन यह स्वर्णिम अध्याय - कोहली-रोहित युग - सिर्फ रिकॉर्ड बुक में ही नहीं, बल्कि हर उस प्रशंसक के दिलों में अंकित रहेगा जो समझता था कि वे किस लिए खड़े हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज चैपल का मानना है कि कोहली को सिर्फ महान बल्लेबाजों की श्रेणी में रखना उनके साथ अन्याय होगा। उन्होंने लिखा कोहली कभी सिर्फ बल्लेबाज नहीं थे। वह एक आंदोलन थे। उन्होंने वो दिखाया जो बहुत कम लोग कर पाते हैं - एक योद्धा जैसी मानसिकता। उन्होंने भारत की एकदिवसीय टीम को एक तेज, केंद्रित और पूरी तरह से फिट टीम में बदल दिया जो घर हो या बाहर, जीतने के लिए खेलती थी। इसके बाद उन्होंने उनके खेल और व्यक्तित्व का विश्लेषण किया और बताया कि दोनों किस चीज के प्रतीक थे। चैपल ने लिखा कोहली का जुनून, उनका समझौता नहीं करना, आंकड़ों से अधिक विरासत में उनका विश्वास। रोहित की शान, उनकी विनम्रता और उनकी वापसी की कहानी जिसने हम सभी को याद दिलाया कि क्रिकेट में और जिंदगी में - टाइमिंग ही सब कुछ है।

चैपल यह बताना नहीं भूले कि कोहली अपने कुछ पूर्ववर्तियों के विपरीत आंकड़ों के मोह में नहीं थे। उन्होंने लिखा, जो बात कोहली उनसे पहले आए दिग्गजों से अलग करती थी वह थी व्यक्तिगत आंकड़ों को अधिक तवज्जो नहीं देना। जहां दुनिया शतकों और कुल स्कोर की वाहवाही कर रही थी, वहीं कोहली को सिर्फ नतीजों की परवाह थी। चैपल ने लिखा उन्होंने एक बार कहा था कि वह भारत के लिए खेलते हैं रिकॉर्ड के लिए नहीं- एक ऐसा बयान जिसने उनके नेतृत्व को परिभाषित किया। व्यक्तिगत उपलब्धियां अक्सर भारत की क्रिकेट कहानी का केंद्र बिंदु होती थीं लेकिन कोहली कुछ बड़ा चाहते थे। उनकी पहचान विरासत थी, आंकड़े नहीं। रोहित के मामले में, पारी की शुरुआत उन्हें लाल गेंद के एक ऐसे दिग्गज खिलाड़ी में बदल गई जो विरोधियों को बेहद सटीकता से ध्वस्त कर सकता था। कोहली का उदय तेजी से हुआ और उनके जुनून ने उन्हें परिभाषित किया तो वहीं रोहित का सफर धीमी गति से महानता की ओर बढ़ने वाला था। वर्षों तक उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अपनी चमक बिखेरी।

# लिवरपूल ने फ्रेंकफर्ट को हराया

## चैंपियन्स लीग

**मिलान, एजेंसी**

लिवरपूल ने बुधवार को यहां चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में एंट्रेक्ट फ्रेंकफर्ट को एकतरफा मुकाबले में 5-1 से हराकर प्रतियोगिता में वापसी की।

चेल्सी और बायर्न म्यूनिख ने भी आसान जीत दर्ज की जबकि रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने यूवेंटस को 1-0 से हराकर मौजूदा सत्र का अपना परफेक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। लिवरपूल ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ दिया।

रासमस क्रिस्टेनसन ने 26वें मिनट में फ्रेंकफर्ट को बढ़त दिलाई लेकिन नौ मिनट बाद फ्रेंकफर्ट के पूर्व खिलाड़ी ह्यूगो एकिटिके ने लिवरपूल को बराबरी दिला दी। लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक और इब्राहिमा कोनात के इसके बाद पांच मिनट के भीतर दो गोल दागकर अपनी टीम को मध्यांतर तक 3-1 से आगे कर दिया। कोडी गैप्को और डोमीनिक सोबोसलाई ने दूसरे हाफ में गोल दागकर लिवरपूल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। दूसरी तरफ रीयाल मैड्रिड ने 57वें मिनट में ज्यूड बेलिंघम के चैंपियन्स लीग में पहले गोल की बदौलत लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मैड्रिड और बायर्न सहित पांच क्लब अधिकतम नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। चेल्सी ने अजैक्स को 5-1 से हराया जबकि बायर्न म्यूनिख ने क्लब ब्रूग को 4-0 से शिकस्त दी। एथलेटिक बिलबाओ ने काराबेग को 3-1 से हराकर मौजूदा चैंपियन्स लीग में अपने शुरुआती अंक जुटाए। गैलाटेसराय ने बोडो ग्लिम्ट को 3-1 से हराया। स्पोर्टिंग लिस्बन ने मार्सिले को 2-1 से शिकस्त दी। टोटेनहैम और अटलांटा ने मोनाको और स्लाविया प्राग से गोल रहित ड्रॉ खेला।

### भारत ने 23 सदस्यीय फुटबाल टीम की घोषणा की

**नई दिल्ली :** भारत की अंडर-20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने कजाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पहला मैच 25 और तथा मुकाबला 28 अक्टूबर को कजाकिस्तान के शिमकेंट में होगा। **टीम :** गोलकीपर : मेलोडी चानू कीशम, मोनालिशा देवी मोइरांगथेम और रिबांसी जामू। डिफेंडर : अलीना चिंगखाम, सिंडी रेम्रुअटपुई कोलनी, जूही सिंह और निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तोइजाम और विकसित बारा। मिडफील्डर : अंजू चानू कायेनपाइबम, अरीना देवी नामीराकपम, भूमिका देवी, खुमुकचम, खुशबू सरोज, नेहा और पूजा। फॉरवर्ड : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, काजोल डिसूजा, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी नोंगमेइकापम।

# श्रीलंका बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगा

**कोलंबो :** सेमीफाइनल में जगह बनाने की मामूली उम्मीदों के बीच श्रीलंका शुक्रवार को महिला एकदिवसीय विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। श्रीलंका फिलहाल चार अंकों और माइनस 1.035 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है।

टूर्नामेंट में बने रहने के लिए चामरी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम को पाकिस्तान को बड़े अंतर से हराना होगा और लगातार अनुकूल नतीजों की उम्मीद करनी होगी जिसमें न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ भारत की उसके दोनों बचे हुए मुकाबलों में हार भी शामिल है। इसके अलावा श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि इंग्लैंड रविवार को पांचवें स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड को हरा देगा।

## उत्साह

### विश्व की नंबर एक टीम अर्जेंटीना और इस खेल का जन्मदाता भारत मुकाबले को तैयार

# भारत-अर्जेंटीना के बीच पोलो में होगी रोचक भिड़ंत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पांच साल के अंतराल के बाद, अंतर्राष्ट्रीय पोलो राजधानी में शानदार वापसी करने के लिए तैयार है। विश्व की नंबर एक टीम अर्जेंटीना और पोलो का जन्मदाता भारत शनिवार को प्रतिष्ठित जयपुर पोलो ग्राउंड में जबरदस्त भिड़ंत के लिए तैयार हो गए हैं।

कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस, भारतीय पोलो संघ और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से, भारत और अर्जेंटीना के बीच इस प्रतिष्ठित मुकाबले की मेजबानी करेगा। पोलो और अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत की गरिमा उस समय देखने को मिली जब कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस और भारतीय पोलो संघ (आईपीए) ने दिल्ली छावनी स्थित आर्मी इक्वेस्ट्रियन सेंटर में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और कोग्निवेरा अंतर्राष्ट्रीय पोलो कप की ट्रॉफी लॉन्च की। इस कार्यक्रम में टीम इंडिया और टीम अर्जेंटीना की आधिकारिक प्रस्तुति भी शामिल थी, जिससे दुनिया की दो शीर्ष पोलो टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद जगी।



मुख्य आकर्षण शानदार कोग्निवेरा अंतर्राष्ट्रीय पोलो कप ट्रॉफी का अनावरण था, जो प्रतिस्पर्धा के मूल सार, भारत और अर्जेंटीना, दोनों देशों के बीच संयुक्त विरासत और सौहार्द का प्रतीक है, जो राजाओं के खेल के प्रति प्रेम को साझा करते हैं और उससे जुड़े हैं। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि, गणमान्य व्यक्ति और चौथे स्तंभ के सदस्य पोलो कैलेंडर के सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित मैचों में से एक के आधिकारिक शुभारंभ के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए थे। टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा कर रहे हैं। मैदान पर उनका सामना टीम अर्जेंटीना से होगा, जिसमें जुआन ऑगस्टिन गार्सिया ग्रॉसी, सल्वाडोर जौरेचे, मटियास बॉतिस्ता एस्पासंडिन और निकोलस जॉर्ज कॉर्टी मदेरणा शामिल हैं। सामूहिक रूप से, दोनों टीमें रणनीति, ताकत और घुड़सवारी की विशेषता वाले एक शानदार मुकाबले के लिए तैयार हैं।

### इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली :** सिमरन शेरगिल, शमशीर अली, सवाई पद्मनाभ सिंह और सिद्धांत शर्मा इंटरनेशनल पोलो कप में भारत की चुनौती पेश करेंगे जिसकी ट्रॉफी का अनावरण बृहस्पतिवार को हुआ। भारतीय पोलो संघ (आईपीएल) और कोग्नीवेरा आई टी ने इंटरनेशनल पोलो कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। इसमें भारत और अर्जेंटीना शीर्ष खिताब के लिये 25 अक्टूबर को मुकाबला करेंगे। अर्जेंटीना टीम में जुआन आगस्टिन गार्सिया ग्रोस्सी, सल्वाडोर जुरेशे, मटियास बतिस्ता और निकोलस जोर्ज कोर्टी मॉडरना शामिल हैं। दिल्ली में पांच साल बाद अंतर्राष्ट्रीय पोलो हो रहा है।